दैनिक
सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
दतिया ■ बुधवार 12 जून 2024 ■ वर्ष -19 ■ अंक-225 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य- ₹03

सुविचार

जीवन में कुछ भी करो, बस एक बात याद रखना अगर सत्य का साथ है तो ईश्वर का साथ है।

मोदी कैबिनेट: शाह ने कार्यभार संभाला चिराग परिवार संग पहुंचे मंत्रालय

एजेंसी ■ नई दिल्ली

मोदी कैबिनेट में विभागों के बंटवारे के बाद मंगलवार को मंत्रियों ने पदभार संभाला। अमित शाह ने गृह मंत्री के रूप में अपना दूसरा कार्यकाल शुरू किया। कार्यभार संभालने से पहले शाह नेशनल पुलिस मेमोरियल पहुंचे। यहां उन्होंने शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्वास्थ्य मंत्रालय में पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे पार्टी ऑफिस गए और नेताओं से मुलाकात की। इसके साथ ही जयशंकर विदेश मंत्रालय में लगातार दूसरा कार्यकाल शुरू करने वाले देश के पहले विदेश मंत्री बन गए हैं। आजादी के बाद कोई भी सांसद विदेश मंत्री के तौर पर एक कार्यकाल के बाद दूसरा कार्यकाल शुरू नहीं कर पाया है। एक अपवाद देश के पहले पीएम पं. जवाहरलाल नेहरू हैं, जिन्होंने लगातार 16 साल तक पीएम रहते हुए विदेश मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला था।

शहीद पुलिसकर्मियों को गृहमंत्री ने श्रद्धांजलि दी

जयशंकर लगातार दूसरा कार्यकाल शुरू करने वाले देश के पहले विदेश मंत्री

चीन और पाकिस्तान को नसीहत

जयशंकर ने कहा कि हम सभी को पूरा विश्वास है कि यह हमें विश्व बंधु के रूप में स्थापित करेगा, एक ऐसा देश जो बहुत ही अशांत दुनिया में है, एक बहुत ही विभाजित दुनिया में है, संघर्षों और तनावों की दुनिया में है। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि जहां तक पाकिस्तान और चीन का सवाल है, उन देशों के साथ संबंध अलग-अलग हैं और वहां की समस्याएं भी अलग-अलग हैं। सरकार का जोर चीन के साथ सीमा विवाद का समाधान निकालने पर है। पाकिस्तान को लेकर भारत की नीति बिल्कुल स्पष्ट है। जब तक पाक आतंकवाद को भारत के खिलाफ इस्तेमाल करता है तब तक दोनों देशों के रिश्ते अच्छे नहीं हो सकते।

अश्विनी-खट्टर ने संभाला विभाग

अश्विनी वैष्णव ने रेल और सूचना-प्रसारण मंत्री का कार्यभार संभाला। गिरिराज सिंह ने टेक्सटाइल मंत्री और मनोहर लाल खट्टर ने ऊर्जा मंत्री के रूप में अपना कार्यभार संभाला। चिराग अपनी मां और परिवार के दूसरे सदस्यों के साथ खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय पहुंचे और कार्यभार संभाला। केरल से भाजपा के पहले सांसद सुरेश गोपी ने पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री का कार्यभार संभाला।

शिवराज सिंह ने कृषि मंत्री का कार्यभार संभाला

इधर, मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को केंद्रीय कृषि मंत्री का कार्यभार संभाला। शिवराज सिंह अगले चार दिन तक दिल्ली में ही रहेंगे। वे कृषि मंत्रालय और ग्रामीण विकास विभाग का पदभार ग्रहण करने के बाद अफसरों के साथ केंद्र सरकार के प्रोजेक्ट्स और योजनाओं की जानकारी लेंगे। मंत्रालयों के कामकाज की समीक्षा के बाद ही वे भोपाल लौटेंगे।

ब्रीफ न्यूज

दावा-तिब्बत की 30 जगहों के नाम बदलेगा भारत

नई दिल्ली। चीन को काउंटर करने के लिए भारत अब तिब्बत की 30 से ज्यादा जगहों के नाम बदलने जा रहा है। भारतीय सेना जल्द ही जगहों की लिस्ट के साथ चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा का नया मैप जारी करेगी।

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी लौटाएगी अलवार की मूर्ति

नई दिल्ली। ब्रिटेन की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी भारत को 500 साल पुरानी कांसे की संत तिरुमंगई अलवार की एक मीटर ऊंची मूर्ति लौटाएगी। मूर्ति 6वीं सदी के दौरान तमिलनाडु के एक मंदिर से चोरी की गई थी।

हॉकी मेंस जूनियर वर्ल्ड कप की मेजबानी करेगा भारत

नई दिल्ली। स्विट्जरलैंड में इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन ने हॉकी मेंस जूनियर वर्ल्ड कप-2025 के मेजबान देश की घोषणा की। वर्ल्ड कप के लिए भारत को मेजबान देश बनाया। पहली बार चैंपियनशिप में 24 टीमें शामिल होंगी। वर्ल्ड चैंपियनशिप की शुरुआत दिसंबर से होगी।

संग्राम एमएमए में शामिल होने वाले पहले भारतीय

नई दिल्ली। पूर्व कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैंपियन संग्राम सिंह मिक्स मार्शल आर्ट्स में शामिल होंगे। पूजा तोमर के बाद संग्राम सिंह एमएमए जॉइन करने वाले दूसरे भारतीय फाइटर बनेंगे। संग्राम सिंह एमएमए में शामिल होने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान हैं।

लोस अध्यक्ष पद के लिए चर्चा में पुरंदेश्वरी का नाम

नई दिल्ली। लोकसभा में सीटों की संख्या और पक्ष-विपक्ष के बीच जारी खींचतान को देखते हुए अध्यक्ष पद खासा अहम हो गया है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में फिर से ओम बिड़ला को ही लोकसभा अध्यक्ष बनाया जा सकता है। ओम बिड़ला को मोदी मंत्रिमंडल में जगह न मिलने से इन कयासों बल मिला है। दूसरी ओर आंध्र प्रदेश में भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष दग्गुबती पुरंदेश्वरी का नाम भी लोकसभा स्पीकर पद के लिए चर्चा में आ रहा है।

मोहन कैबिनेट का अहम फैसला: 24 हजार 420 करोड़ की सब्सिडी मंजूर

मध्य प्रदेश में किसानों के लिए सरकार ने खोला खजाना

- घरेलू उपभोक्ताओं को 5000 करोड़ दी जाएगी सब्सिडी
- अजाज वर्ग के अन्नदाताओं को भी 5000 करोड़ की छूट
- तीन नए विवि की स्थापना, शहडोल विवि के लिए वित्तीय सहायता

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट बैठक में कृषि उपभोक्ताओं को 13,000 करोड़ की सब्सिडी देने का निर्णय लिया गया। इसी तरह घरेलू उपभोक्ताओं को 5000 करोड़ और अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के किसानों को भी 5000 करोड़ रुपए से अधिक की सब्सिडी दी जाएगी। मध्य प्रदेश लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवा भर्ती नियम 2022 में प्रावधानित विशेषज्ञों के कुल स्वीकृत 12,214 पदों में से 50 प्रतिशत यानी 607 पदोन्नति के पदों की पूर्ति भी सीधी भर्ती के माध्यम से की जाएगी। राज्य स्वास्थ्य समिति की अनुशंसा के आधार पर स्वास्थ्य संस्थानों में स्वीकृत एवं भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए 40491 नए नियमित, संविदा और आउटसोर्स के पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। इनमें से 18,653 पदों की पूर्ति आगामी तीन वर्ष में की जाएगी। इस पर वार्षिक 343 करोड़ रुपए का वित्तीय भार आएगा। शेष 27,828 पदों की पूर्ति राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से की जाएगी।

नए विवि को तीन करोड़

बैठक में रानी अवंती बाई लोधी विश्वविद्यालय सागर, क्रांति सूर्यकांत टंट्या विवि खरगोन और क्रांतिवीर तात्याटोपे विवि गुना में से प्रत्येक नए विवि की प्रारंभिक आवश्यकता के लिए तीन करोड़ की स्वीकृति दी गई। साथ ही प्रति वर्ष ब्लॉक ग्रांट भी दी जाएगी।

10 करोड़ का प्रावधान

पहले वित्तीय वर्ष के लिए 10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया जाएगा। साथ ही नवीन विश्वविद्यालयों के लिए 235 पदों की स्वीकृति भी दी गई। भवन निर्माण के लिए डेढ़ सौ करोड़ प्रत्येक विवि तथा पंडित शंभूनाथ शुक्ल विवि शहडोल के लिए 45 करोड़ की स्वीकृति भी गई।

भोपाल गैस त्रासदी: प्रतिनियुक्ति या संविदा नियुक्ति का निर्णय

मंत्रि-परिषद ने भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग से प्रतिनियुक्ति अथवा विभाग के अधीन प्रशासित संविदा भर्ती नियम 2003 के अंतर्गत संविदा पर लिए जाने का निर्णय लिया गया। संविदा पर भरे जाने की स्थिति में वरिष्ठ परामर्शी (चिकित्सा महाविद्यालय के प्राध्यापक के समकक्ष), परामर्शी (चिकित्सा महाविद्यालय के सह प्राध्यापक के समकक्ष), कनिष्ठ परामर्शी/विशेषज्ञ (चिकित्सा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक के समकक्ष) और चिकित्सा अधिकारी को समेकित पुनरीक्षित पारिश्रमिक (रुपए) पर नियुक्ति दी जाएगी।

प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में होंगी 40 हजार नई भर्तियां

कृषि उपभोक्ताओं को मिलेगा 13,000 करोड़ अनुदान

गौवंश रक्षा वर्ष मनाने का अनुमोदन

मंत्रि-परिषद ने गौवंश की रक्षा करने के संकल्प के साथ इस वर्ष की चैत्र की गुड़ी पड़वा से अगले वर्ष तक गौवंश रक्षा वर्ष के रूप में मनाने का अनुमोदन दिया है। मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में यह निर्णय लिया गया था, जिसका मंत्रि-परिषद ने अनुमोदन दिया। मुख्यमंत्री की घोषणा के परिपालन में मध्यप्रदेश शासन द्वारा यह साल, गौवंश रक्षा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जो प्रतिपदा, चैत्र, शुक्ल पक्ष 9 अप्रैल 2024 से आगामी अमावस्या, चैत्र, कृष्ण पक्ष, 29 मार्च 2025 तक मध्यप्रदेश गौसंवर्धन बोर्ड के अंतर्गत मनाया जा रहा है। प्रदेश में संचालित गौ-शालाओं को श्रेष्ठ संचालन के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। सड़कों पर गाय दुर्घटना का शिकार होती है। ऐसी व्यवस्था होगी कि घायल गाय को इलाज के लिए आसानी से ले जाया जा सके।

मोहन चरण माझी होंगे ओडिशा के नए सीएम

कनक और प्रभाती परिदा होंगे उप मुख्यमंत्री

राज्य में पहली बार भाजपा की सरकार

एजेंसी ■ नई दिल्ली

देश में बड़ा संदेश देने की तैयारी में भाजपा

ओडिशा का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, भाजपा ने यह तय कर लिया है। मोहन माझी को राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। सीएम के चयन के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था। दोनों केंद्रीय मंत्री सीएम के चयन के लिए ओडिशा पहुंचे थे। यहां विधायकों की मीटिंग हुई, जहां रक्षा मंत्री ने बताया कि मोहन माझी के नाम पर मुहर लगी। प्रभाती प्रविदा और केवी सिंह के रूप में ओडिशा के लिए दो उपमुख्यमंत्री भी बनाए जाएंगे। मोहन चरण माझी ओडिशा के 15वें सीएम चुने गए हैं। वह राज्य में पहली भाजपा सरकार का नेतृत्व करेंगे। वह 2019 में ओडिशा विधानसभा चुनाव में क्योंधर विधानसभा से विधायक चुने गए थे। उन्होंने साल 2000 से 2009 के दौरान दो बार क्योंझर का प्रतिनिधित्व भी किया था।



नायडू के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे पीएम

इधर, पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को आंध्र प्रदेश में तेदेपा अध्यक्ष नारा चंद्रबाबू नायडू के मुख्यमंत्री बनने के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। यह समारोह गन्नावरम एयरपोर्ट के पास स्थित केसरपल्ली आईटी पार्क में आयोजित होगा। मोदी बुधवार को दिल्ली से सुबह 10.40 बजे गन्नावरम एयरपोर्ट पहुंचेंगे और तब वह 11 बजे से 12.30 बजे तक चलने वाले शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

मिलिट्री का एयरक्राफ्ट 10 जून को हुआ था गायब

मलावी के उपराष्ट्रपति की प्लेन क्रैश में मौत

अगले दिन मलबा मिला सभी 9 सवार मारे गए

लिलोंग्वे। अफ्रीकी देश मलावी के उपराष्ट्रपति साउलोस क्लॉस चिलिमा की प्लेन क्रैश में मौत हो गई। मलावी के राष्ट्रपति लाजारस चकवेरा ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि 24 घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद उपराष्ट्रपति के विमान का मलबा मिला है। एयरक्राफ्ट में 9 लोग सवार थे। इनमें से कोई जिंदा नहीं बचा। मलावी के उपराष्ट्रपति का विमान सोमवार की सुबह ही रडार से गायब हो गया था। एविएशन अथॉरिटी ने कई बार विमान से संपर्क करने की कोशिश की थी, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। चिलिमा का एयरक्राफ्ट भारतीय समय के मुताबिक सोमवार दोपहर 2 बजकर 47 मिनट पर मलावी की राजधानी लिलोंग्वे से रवाना हुआ था। यह 45 मिनट बाद मजुजू शहर के एयरपोर्ट पर उतरने वाला था। हालांकि, खराब मौसम की वजह यह लैंड नहीं हो पाया। इसके बाद विमान को वापस लिलोंग्वे ले जाने का आदेश दिया गया। इसके बाद यह विमान लापता हो गया था। विमान को ढूंढने के लिए मलावी ने अमेरिका, ब्रिटेन, नॉर्वे और इजराइल की सरकार से भी मदद मांगी थी।

नीट काउंसलिंग रोकने से 'सुप्रीम' इंकार

एनटीए को नोटिस, पेश करो जवाब, गड़बड़ियों से विश्वसनीयता प्रभावित

सुको में आठ जुलाई को होगी अगली सुनवाई

एजेंसी ■ नई दिल्ली

नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस एग्जाम यानी एनईईटी परीक्षा में धांधली और पेपर लीक के आरोपों के बीच सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को अहम सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने काउंसलिंग रोकने से इंकार कर दिया। साथ ही एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। एनटीए का जवाब मिलने के बाद 8 जुलाई को अगली सुनवाई होगी। छात्रों की मांग थी कि नीट परीक्षा रद्द की जाए। साथ ही काउंसलिंग रोकी जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसा लगता है कि परीक्षा की गोपनीयता के साथ विश्वसनीयता भी प्रभावित हुई है, इसलिए उसे एनटीए से जवाब की जरूरत है। पहली बार नीट पर सवाल...एक सेंटर से इतने सारे टापर आना, यह सिर्फ संयोग नहीं।

यहां धांधली की आशंका

दरअसल, परीक्षा में धांधली की आशंका उस समय उठी थी, जब कुछ छात्रों ने 720 में से 718 और 719 अंक हासिल किए। नीट की मूल्यांकन पद्धति के अनुसार ऐसा होना संभव नहीं है। साथ ही, जिन 67 छात्रों ने 720 में से 720 अंक हासिल किए हैं, जिनमें से आठ छात्र हरियाणा के एक ही परीक्षा केंद्र से थे। **पिछले दरवाजे से प्रवेश** - छात्रों का आरोप है कि परीक्षा का पूरा संचालन मनमाने तरीके और चुनिंदा छात्रों को पिछले दरवाजे से प्रवेश देने के इरादे से किया गया है। इस बीच, अपनी मांगों को लेकर बड़ी संख्या में छात्र दिल्ली में एनटीए के दफ्तर के बाहर भी प्रदर्शन कर रहे हैं।

संघ ने दिखाया आइना

चकाचौंध में डूबे नेताओं को अहसास ही नहीं था कि 400 पार का नारा उनके लिए लक्ष्य और विपक्ष के लिए चुनौती था

अति-उत्साही भाजपा के लिए रियलिटी चेक हैं ये चुनावी नतीजे

एजेंसी ■ नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों के नतीजों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीखी टिप्पणी सामने आई है। संघ ने कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 के ये नतीजे भाजपा के अति-उत्साहित कार्यकर्ताओं और नेताओं के लिए रियलिटी चेक हैं, जो अपनी ही दुनिया में मग्न थे और पीएम नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व की चकाचौंध में डूबे हुए थे। इस तरह इन तक आमजन की आवाज नहीं पहुंच पा रही थी। आरएसएस ने अपने मुखपत्र के ताजा अंक में यह टिप्पणी की है। माउथपीस के लेख में कहा गया है कि आरएसएस, भाजपा की फील्ड फोर्स नहीं है। इन चुनावी नतीजों से स्पष्ट है कि ऐसे अनुभवी स्वयंसेवकों को भी नजरअंदाज किया गया, जिन्होंने सोशल मीडिया के इस दौर में फेम की लालसा के बिना अथक परिश्रम किया है। संघ के सदस्य रतन शारदा ने इस आलेख में लिखा कि चुनावी मैदान में मेहनत से लक्ष्यों को हासिल किया जाता है ना कि सोशल मीडिया पर पोस्टर या सेल्फी शेयर करके।

महाराष्ट्र अनावश्यक राजनीति का उदाहरण

आरएसएस के माउथपीस में चुनावों में भाजपा की अंडरपरफॉर्मेंस के लिए अनावश्यक राजनीति को एक कारण बताया गया। इस आलेख में कहा गया कि महाराष्ट्र अनावश्यक राजनीति का एक प्रमुख उदाहरण है। अजित पवार की अगुवाई में एनसीपी का धड़ा भाजपा में शामिल हुआ। जबकि भाजपा और शिवसेना के पास बहुमत था। जबकि शरद पवार का दो से तीन सालों में प्रभाव खत्म हो जाता, क्योंकि एनसीपी अंदरूनी कलह से जूझ रही थी।

संघ सिर्फ कर रहा लोगों को जागरुक

संघ के सदस्य रतन शारदा ने कहा कि आरएसएस राष्ट्रहित के मुद्दों पर लोगों को जागरूक करने का काम कर रहा है। आरएसएस ने सिर्फ 1973-1977 के दौरान ही राजनीति में प्रत्यक्ष तौर पर हिस्सा लिया था। इस बार भी आधिकारिक तौर पर ये फैसला लिया गया कि आरएसएस के कार्यकर्ता छोटे-छोटे स्थानीय, मोहल्ला और ऑफिस स्तर की बैठकें करेंगे, जहां लोगों से बाहर निकलकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने को कहा जाएगा।

संघ को आतंकी कहने वालों को किया शामिल

संघ के सदस्य रतन शारदा ने किसी नेता का नाम लिए बगैर कहा कि भाजपा में ऐसे कांग्रेसी नेता को शामिल किया गया, जिसने बढ़-चढ़कर भगवा आतंक की बात कही थी और 26/11 को आरएसएस की साजिश बताया था और आरएसएस को आंतकी संगठन तक कहा था। इससे संघ समर्थक बहुत आहत हुए थे। संघ ने इस चुनाव में भाजपा के लिए प्रचार किया था? इस सवाल के जवाब में शारदा ने कहा कि मैं साफ-साफ कहूं तो आरएसएस, भाजपा की फील्ड-फोर्स नहीं है। भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, जिसके अपने कार्यकर्ता हैं।

अब साल में दो बार होंगे यूनिवर्सिटी में प्रवेश

जुलाई के बाद जनवरी में भी मिलेगा दाखिला

नई दिल्ली। अब यूनिवर्सिटी और कॉलेज में साल में 2 बार प्रवेश लेने का मौका मिलेगा। यूजीसी ने विवि और उच्च शिक्षा संस्थानों में साल में दो बार प्रवेश की प्रक्रिया शुरू करने की मंजूरी दे दी है। यूजीसी के अनुसार इससे बच्चों के लिए मौके बढ़ेंगे और इंडियन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस ग्लोबल स्टैंडर्ड के बनेंगे। कैंपस प्लेसमेंट भी दो बार आयोजित की जाएगी। साल में दो बार रोजगार पाने का मौका मिलेगा। पहली एडमिशन प्रक्रिया जुलाई-अगस्त में जबकि दूसरी जनवरी-फरवरी में आयोजित की जाएगी।

इनका कहना है

अगर इंडियन यूनिवर्सिटीज साल में दो बार एडमिशन देंगी, तो ये बहुत से ऐसे छात्रों के लिए फायदेमंद होगा, जो बोर्ड रिजल्ट में देरी या किन्हीं अन्य कारणों से जुलाई-अगस्त में प्रवेश नहीं ले पाते हैं। इस व्यवस्था के चलते स्टूडेंट्स मोटिवट होंगे और उनमें साल बर्बाद होने का भय भी खत्म हो जाएगा। ऐसे में उन्हें एक साल का इंतजार नहीं करना होगा।

जगदीश एम कुमार, चेयरमैन, यूजीसी

sattasudharbpl@gmail.com
satta_sudhar
facebook.com/satta.sudhar.7
www.sattasudhar.in
पांच राज्यों से एक साथ प्रकाशित

ब्रीफ न्यूज

कांग्रेस ने अमरवाड़ा उपचुनाव के लिए बनाए 2 पर्यवेक्षक

भोपाल। अमरवाड़ा विधानसभा के उपचुनाव को लेकर कांग्रेस तैयारी में जुट गई है और इसके लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त किए है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से उप चुनाव हेतु दो प्रभारी भी मनोनीत किए गए हैं जो जल्द ही छिन्दवाड़ा पहुंचकर सर्वसम्मति से उम्मीदवार का चयन करेंगे। विधानसभा क्षेत्र अमरवाड़ा में सम्पन्न होने वाले उप चुनाव में बूथ स्तर की तैयारी व प्रत्याशी के नाम का चयन करने हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के द्वारा पूर्व सीएम कमलनाथ व पूर्व सांसद नकुलनाथ से चर्चा के बाद पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे व पूर्व विधायक सुनील जायसवाल को अमरवाड़ा विधानससभा उपचुनाव के लिये प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

बिजली कर्मियों से दुर्व्यवहार व मारपीट करने पर होगी एफआईआर

भोपाल। बिजली के मैदानी कर्मचारियों और अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट और दुर्व्यवहार की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने तुरन्त एफआईआर कराने के निर्देश दिए हैं। कंपनी ने कहा है कि देखने में आ रहा है कि बिजली कर्मियों पर ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट और दुर्व्यवहार किया जा रहा है। चूंकि ऐसी घटनाएं विद्युत अधिकारियों और कर्मचारियों का मनोबल गिराती हैं, इसलिए कंपनी के कार्यक्षेत्र में कार्यरत सभी नियंत्रणकर्ता अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मैदानी धिकारियों और कर्मचारियों के साथ होने वाली दुर्व्यवहार या मारपीट की घटनाओं को पूरी गंभीरता से लिया जाए।

गलत खातों में ट्रांसफर कर दी राशि, अब वसूली पड़ रही भारी

भोपाल। करीब तीन महीना पहले संबल योजना के तहत गलत खातों में 12 करोड़ रूपए का भुगतान कर दिया गया। प्रदेशभर के 572 गलत खातों में 10 मार्च को 1144 लाख का भुगतान हो गया है। यह गड़बड़ी एमपीएसईडीसी स्तर पर हुई। जब तक गलत भुगतान का पता चला तब तक बड़े पैमाने पर राशि निकाली जा चुकी थी। हालांकि गड़बड़ी की जानकारी मिलते ही संबंधित बैंक खातों को होल्ड करवा दिया गया है। जो राशि निकाल ली गई है उसकी रिकवरी के निर्देश हैं। संबल के तहत पात्र हितग्राही जिनकी सामान्य मृत्यु होती है उन्हें नियमों के अनुसार 2 लाख रुपए की सहायता राशि शासन द्वारा दी जाती है। हितग्राही के संबंधित खाते, आईएफएससी कोड की जानकारी दी जाती है और खाते में राशि का भुगतान किया जाता है।

पीएम श्री एयर एम्बुलेंस की सेवाओं के लिए तंत्र को सुदृढ़ कर आमजन को जागरूक करने के निर्देश

आपातकाल में जीवन के संरक्षण में सेवा कारगर सिद्ध होगी : शुक्ल

सत्ता सुधार ■ भोपाल

डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा आपातकाल में नागरिकों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण पहल है। आपात स्थिति में समय से उचित चिकित्सकीय सेवा की उपलब्धता से कई जिंदगियों का संरक्षण किया जा सकेगा। शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में आयोजित बैठक में विभागीय अधिकारियों को पीएम श्री एम्बुलेंस सेवा के संचालन तंत्र को सुदृढ़ करने और आमजन को सेवा की उपलब्धता के संबंध में जागरूक करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मो. सुलेमान, प्रमुख सचिव विवेक पोरवाल और एमडी एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा प्रदेश में कहीं भी चिकित्सा आपात स्थिति उत्पन्न होने या चिन्हित विशेष प्रकार की चिकित्सा सुविधा या चिकित्सा विशेषज्ञों की आवश्यकता निर्मित होने पर कठिन भौगोलिक परिस्थिति में प्रदेश के दूरस्थ अंचलों तक पहुंचकर उन्नत आपातकालीन चिकित्सा द्वारा मरीजों की स्थिति को स्थिर कर उच्च चिकित्सा केन्द्रों तक एयर लिफ्ट करेगी।

एयर एम्बुलेंस सेवा के संचालन के लिए हेली एम्बुलेंस और फिक्स्ड विंग कनवर्टेड फ्लाइंग एम्बुलेंस का शुभारंभ किया गया है, जो कि प्रदेश के सभी जिलों एवं प्रशासनिक विभागों के नागरिकों की सेवा में तैनात रहेंगी। एयर एम्बुलेंस में

उच्च स्तरीय प्रशिक्षित चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टाफ की टीम हमेशा तैनात रहेगी। चिकित्सकीय आवश्यकता अनुसार प्रदेश के रोगियों को दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद अथवा देश के अन्य उच्च चिकित्सा संस्थानों पर हवाई परिवहन करेगी।

रोगी और पीड़ित का एयर एम्बुलेंस से परिवहन इमरजेंसी हेल्थ कंडीशन (80 प्रकार) की स्थिति में किया जाएगा। एयर एम्बुलेंस सेवा अनुशंसित चिकित्सालय तक ले जाने के लिए होगी। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा अंतर्गत हवाई परिवहन के दौरान सेवाप्रदाता द्वारा रोगी या पीड़ित के लिए 50 लाख का दुर्घटना बीमा का प्रावधान तथा थर्ड पार्टी के लिए 25 लाख का दुर्घटना बीमा और थर्ड पार्टी डैमेज के लिए 25 लाख का दुर्घटना बीमा प्रावधानित है। सशुल्क सेवा की स्थिति में सेवाप्रदाता एजेंसी को हेलीकाप्टर के लिये प्रति घंटे के मान से 1,94,500 और फिक्स्ड विंग कनवर्टेड फ्लाइंग एम्बुलेंस के लिये प्रति घंटे के मान से 1,78,900 का भुगतान करना होगा।

सुविधा के लिए ये अधिकारी करेंगे अनुशंसा

दुर्घटना या आपदा के प्रकरण में संभाग के अंदर पीड़ित को नि:शुल्क परिवहन के लिये जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अनुशंसा पर जिला कलेक्टर संभाग के अंदर स्वीकृति प्रदान कर सकेंगे तथा संभाग के बाहर जाने के लिये स्वीकृति स्वास्थ्य आयुक्त देंगे। मेडिकल कॉलेज में भर्ती गंभीर रोगी या पीड़ित को संभाग के बाहर एयर एम्बुलेंस की स्वीकृति अधिष्ठाता की अनुशंसा पर संभाग आयुक्त द्वारा तथा राज्य के बाहर के लिए संचालक चिकित्सा शिक्षा द्वारा दी जायेगी। अन्य समस्त सशुल्क परिवहन के प्रकरण में एयर एंबुलेंस की उपलब्धता अनुसार स्वीकृति राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय स्तर पर दी जायेगी।

आयुष्मान कार्डधारी को निशुल्क परिवहन

सड़क एवं औद्योगिक दुर्घटना अथवा प्राकृतिक आपदा में पीड़ित को राज्य के अंदर एवं बाहर शासकीय अथवा निजी चिकित्सालय में निशुल्क परिवहन किया जाएगा। आयुष्मान कार्डधारी के उपचार के लिये राज्य के अंदर एवं राज्य के बाहर सभी शासकीय एवं आयुष्मान सम्बद्ध अस्पतालों में उपचार हेतु निशुल्क परिवहन किया जाएगा। अन्य हितग्राही जो कि आयुष्मान कार्डधारी नहीं हैं, उनके उपचार के लिए राज्य के अंदर स्थित शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क परिवहन जबकि राज्य के बाहर के किसी भी अस्पताल में अनुबंधित दर पर सशुल्क परिवहन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्य वन्य प्राणी बोर्ड की 26वीं बैठक

दुर्लभ व लुप्तप्रायः प्रजाति के वन्य प्राणियों को मध्य प्रदेश में लाया जाएः डॉ. यादव

अशासकीय सदस्य भी हुए शामिल

इसी क्रम में माधव राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत वन भूमि में मुख्य पेयजल पाइप लाइन संबंधी विषय, बैतूल और नर्मदापुरम जिले में जुझारपुर से ढोहरामोहार के मध्य तीसरी रेलवे लाइन के निर्माण के लिए वन भूमि सेन्ट्रल रेलवे को देने संबंधी वन्य प्राणी अनुमति और रातापानी अभ्यारण्य को रातापानी टाइगर रिजर्व घोषित करने के प्रस्ताव पर विचार-विमर्श हुआ। वन्य प्राणी बोर्ड की बैठक में वन विभाग के अधिकारी तथा बोर्ड के अशासकीय सदस्य भी शामिल हुए।

वन्य प्राणियों के लिए हर संभाग में रेस्क्यू सेंटर शुरू किए जाएं

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के वन क्षेत्र में रायनो तथा अन्य दुर्लभ व लुप्तप्रायः प्रजातियों के वन्य प्राणियों को लाने की संभावनाओं का अध्ययन कराया जाए। जंगली जानवरों से जान-माल की रक्षा के लिए पर्याप्त और प्रभावी उपाय किए जाएं, वन्य प्राणियों के लिए हर संभाग में रेस्क्यू सेंटर शुरू करने के लिए कार्ययोजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंत्रालय में मध्य प्रदेश राज्य वन्य प्राणी बोर्ड की 26वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में वन मंत्री नागर सिंह चौहान, वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव वन जेएन कंसोटिया उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि चीता प्रोजेक्ट के आगामी चरणों के लिए दक्षिण अफ्रीका तथा केन्या के दलों द्वारा गांधी सागर अभ्यारण्य और कूनो राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण किया गया है। गांधी सागर अभ्यारण्य में चीता पुनर्स्थापना के लिए सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं। क्षेत्र में चीतलों की संख्या बढ़ान कान्हा और अन्य स्थानों से उनका पुर्नस्थापना किया गया है। कान्हा और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से संजय टाइगर रिजर्व में 50 गौरों की सफलतापूर्वक पुर्नस्थापना भी की गई है। बैठक में रातापानी अभ्यारण्य के अंतर्गत बमनई जीपी से देलावाड़ी तक मार्ग के किनारे-किनारे राइट-ऑफ-वे में ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने के लिए वन भूमि भारत संचार निगम को उपयोग पर दिए जाने की वन्यप्राणी अनुमति को अनुमोदन प्रदान किया गया।

विभागीय अधिकारी लगातार फील्ड का दौरा करें

जनहितैषी गतिविधियों को क्रियान्वित करना सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य शासन की विगत 180 दिन की महत्वपूर्ण उपलब्धियां रही हैं। हमारा उद्देश्य है कि सरकार उपलब्ध संसाधनों के साथ जनहितैषी गतिविधियों को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करें और प्रदेश विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर हो। इसी उद्देश्य से मंत्रीगण के संबंधित विभागों की आगामी कार्ययोजना के बारे में चर्चा के लिए यह बैठक आयोजित की गई है। सुशासन सरकार की सवोच्च प्राथमिकता है, इसे सही स्वरूप में धरातल पर उतारना विभागों का लक्ष्य हो। विभाग यह सुनिश्चित करें कि लोगों को सरकारी दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर न लगाना पड़े। विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो, हर स्तर पर त्वरित निर्णय लेकर कार्यों को समय-सीमा में पूरा किया जाए और कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हो। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राज्य सरकार की विगत 6 माह की महत्वपूर्ण विभागीय उपलब्धियां के संबंध में मंत्रालय में बैठक को संबोधित कर रहे थे।

प्रदेश की कृषि विकास दर में सुधार हुआ है, इसके साथ ही उद्योग के क्षेत्र में प्रगति के लिए भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। एमएसएमई के साथ-साथ कुटीर उद्योग तथा प्रदेश की पहचान स्थापित करने ह्यवाली हस्तशिल्प और अन्य औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इसके अंतर्गत विक्रमादित्य शोधपीठ उज्जैन को पत्थर की प्रतिमाओं के निर्माण के केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 21 जून को आयोजित होने वाले योग दिवस पर सभी जिला मुख्यालयों में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। प्रदेश में कॉलेज चले हम अभियान से सकल नामांकन अनुपात में सुधार हुआ है, इसे और बेहतर बनाना है। महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को बस सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में भी प्रयास हो, इससे दूरदराज के विद्यार्थियों को किफायती दर पर महाविद्यालय आवागमन में आसानी होगी और उनकी उपस्थिति बढ़ेगी तथा रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

सजग रहें शासन-प्रशासन

मुख्यमंत्री ने कहा कि वार्ड और ग्राम स्तर तक वर्षाकाल आगमन से पहले की समस्त तैयारियों के बारे में शासन-प्रशासन सजग रहें। खरीफ फसल के लिए कहीं भी खाद, बीज और आदानों की उपलब्धता में समस्या न आए और खाद की कालाबाजारी की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि शेष बचे पात्र हितग्राहियों को अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी विभागों के प्रमुख सचिवों को लगातार फील्ड के दौरे करने के निर्देश दिए।

पीएम श्री हवाई पर्यटन सेवा कल से होगी शुरू, सीएम करेंगे रवाना

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्यप्रदेश के रमणीय पर्यटन स्थलों को हवाई सेवा से जोड़ने के लिये मप्र टूरिज्म बोर्ड द्वारा ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। प्रदेश के आठ शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर, सिंगरौली और खजुराहो को 6 सीटर वाले दो एयरक्राफ्ट्स के माध्यम से जोड़ने के लिये पीएम श्री हवाई पर्यटन सेवा का संचालन गुरुवार से शुरू होने जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 जून को भोपाल एयरपोर्ट पर पीएम श्री हवाई पर्यटन सेवा के विमान को फ्लैग ऑफ कर रवाना करेंगे। पहली फ्लाइट भोपाल-जबलपुर-रीवा-सिंगरौली की होगी। उल्लेखनीय है कि 14 मार्च, 2024 को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के स्टैट हैंगर से पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का शुभारंभ किया था। टिकट बुकिंग के लिये ऑनलाइन सुविधा के लिए फ्लायओला वेबसाइट डेवलप की गई है, जिसको मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मंत्रालय में लॉन्च किया गया।

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति और प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश के पर्यटन स्थलों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर एवं सुगम बनाने और पर्यटन सुविधाओं में विस्तार करने के लिए लगातार नवाचार किये जा रहे हैं। पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र के लिये मील का पत्थर साबित होगी। यह पर्यटन क्षेत्र के साथ-साथ उद्योग, व्यापार, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं संस्कृति और कला के प्रचार-प्रसार के लिये भी लाभदायक है।

बुकिंग सुविधा की जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव शुक्ला ने बताया कि वायु सेवा की बूकिंग के लिए इंदौर, भोपाल और जबलपुर के एयरपोर्ट पर बुकिंग काउंटर स्थापित किये जा चुके हैं। फिलहाल प्रदेश के आठ शहरों को हवाई सेवा के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। जिसका विस्तार आने वाले समय मे कुछ और शहरों तक किया जाएगा।

एयर टैक्सी के लिये बुकिंग काउंटर तैयार, रूट और दरें भी तय

15 जून को ग्वालियर से होगी शुरु

हवाई सेवा को प्रदेश के प्रमुख शहरों को जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामयी उपस्थिति में 15 जून को ग्वालियर और फिर 16 जून को उज्जैन से हवाई यात्रा की शुरुआत होगी। इच्छुक पर्यटक www.flyola.in पर ऑफर, शेड्यूल और किराया संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से की शिष्टाचार भेंट

केन-बेतवा लिंक परियोजना का जल्द शुरू होगा कार्यः वीडी शर्मा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली में नवनियुक्त केंद्रीय मंत्रियों से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नवीन दायित्व मिलने की शुभकामनाएं दीं और खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से संबंधित योजनाओं, परियोजनाओं के संबंध में चर्चा कर गति देने का आग्रह किया।

शर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर उन्हें सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भाजपा अध्यक्ष शर्मा ने खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के मड़ला से पन्ना 22 किलोमीटर एलीवेटेड रोड निर्माण, पन्ना शहर के चारों ओर रिंग रोड निर्माण एवं केन्द्रीय सड़क नीति में खजुराहो संसदीय क्षेत्र के प्रमुख मार्गो को शामिल करने के संबन्ध में चर्चा की है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से नई दिल्ली में भेंट कर उन्हें केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

शर्मा ने आज केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से शिष्टाचार भेंटकर उन्हें केंद्रीय मंत्री बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्री शर्मा ने खजुराहो संसदीय क्षेत्र सहित समूचे बुंदेलखंड को हरा-भरा और खुशहाल बनाने के लिए बनाई कई 44 हजार करोड़ से अधिक की केन-बेतवा लिंक परियोजना को लेकर भी चर्चा की। श्री शर्मा से चर्चा के दौरान केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने विश्वास जताया कि जल्द ही केन-बेतवा परियोजना का कार्य शुरू होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता व कोटा-बूंदी से सांसद ओम बिरला से भेंट कर उन्हें पुनः सांसद निर्वाचित होने पर बधाई दी।

राजनीति हमारे लिए कर्मकांड नहीं, सेवा का माध्यम है, दिन रात करेंगे काम: चौहान

सत्ता सुधार ■ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली में मंगलवार को कृषि मंत्रालय में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के बाद कृषि मंत्रालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंत्रालय के लिफ्ट मैन, पीयून, क्लर्क स्तर के कर्मचारियों से चर्चा की। कमांड सेंटर में देश के विभिन्न राज्यों की वर्तमान में फसल की स्थिति, क्रॉप वेदर की स्थिति, वर्षा की स्थिति, कम वर्षा या ड्राट एरिया की जानकारी सहित विभिन्न फसलों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मैं यह अंतरात्मा से कह रहा हूं कि काम मेरे लिए पूजा है, दिन रात मिलकर काम करेंगे। राजनीति हमारे लिए कर्मकांड नहीं, सेवा का माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज मैं मोदी जी की गारंटी का संकल्प पत्र आपको सौंप रहा हूं, इसे हर हाल में हमें पूरा करना है। एक एक क्षण का उपयोग करना है। मोदी जी विजनरी लीडर है, उनके मार्गदर्शन में संकल्प पत्र में दिए कार्यो को समय के साथ पूरा करने के रोडमैप पर काम करें।

देश के तीन राज्य सरकारों ने मप्र से मांगे चार-चार बाघ

भोपाल। मध्य प्रदेश पूरे भारत में टाइगर स्टेट के नाम से प्रसिद्ध है। यहां सबसे ज्यादा बाघ हैं। यही वजह है कि जब भी किसी राज्य को टाइगर की जरुरत पड़ती है तो उसकी निगाह सबसे पहले मध्य प्रदेश की ओर ही जाती है। ऐसा ही कुछ आने वाले दिनों में देखा जा सकता है। दरअसल देश के तीन राज्यों ने मध्य प्रदेश से 4-4 बाघ की मांग की है। इसे लेकर अब वन विभाग तैयारी कर रहा है। हालांकि उनकी यह डिमांड कुछ शर्तो पर पूरी की जाएगी। छत्तीसगढ़, ओडिशा और राजस्थान ने मध्य प्रदेश से 4-4 बाघ की मांग की है। प्रदेश सरकार ने एनटीसीए से अभिमत मांगा है। फिलहाल वन विभाग उन वनों को चिन्हित कर रहा है जहां पर बाघों की संख्या काफी ज्यादा है। तीनों राज्यों को बाघ देने का निर्णय एनटीसीए से अनुमति मिलने के बाद लिया जाएगा। हालांकि निर्धारित प्रावधान और शर्तो के आधार पर ही सरकार निर्णय लेगी। जानकारी के मुताबिक मध्य प्रदेश तीनों राज्यों से बाघ के बदले में अन्य वन्य प्राणियों की मांग कर सकती है।

सियासत

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नीट परीक्षा पर उठाए सवाल, बोले-

केंद्र सरकार बताए एक ही परीक्षा सेंटर पर छह टॉपर कैसे?

सत्ता सुधार ■ भोपाल

नीट यूजी परीक्षा 2024 रिजल्ट को लेकर कांग्रेस लगातार सरकार को घेर रही है। मध्यप्रदेश में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने अब पीएम नरेंद्र मोदी से सवाल किया है। उन्होंने कहा है डबल इंजन की सरकार को छात्रों के भविष्य को लेकर जवाब देना चाहिए। जीतू पटवारी ने एक्स पर लिखा है कि प्रधानमंत्री जी डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में प्रतियोगी परीक्षाओं से लेकर भर्ती परीक्षाओं तक यदि किसी प्रदेश में सबसे ज्यादा शर्मनाक दौर देखा है तो वह हमारा मध्यप्रदेश है। नीट के माध्यम से एक बार फिर देश के लाखों बच्चों का भविष्य गंभीर असमंजस का सामना कर रहा है। बीजेपी सरकार ही इसके लिए सबसे बड़ी जिम्मेदार है। केंद्र सरकार को देश को यह बताना ही चाहिए कि एक ही परीक्षा सेंटर पर छह टॉपर कैसे? क्योंकि टॉपर्स की मेरिट लिस्ट में आठ छात्रों के रोल नंबर एक ही सीरीज के हैं।' 'सीरियल नंबर 62 से लेकर 69 तक कुल आठ छात्र में से छह छात्रों ने रैंक-1 हासिल की। इन सभी को 720 में से 720 अंक मिले। इन सभी ने बहादुरगढ़ स्थित एक ही परीक्षा सेंटर पर परीक्षा दी थी। कैसे 718, 719 नंबर मिले? यह सवाल इसलिए कि कई छात्रों को 718, 719 अंक दिए गए। एनडीए ने कहा था कि उन्हें ये अंक ग्रेस मार्क्स के तौर पर दिए गए हैं।

दरअसल, नीट का पेपर 720 अंक का होता है और नीट की तैयारी कर रहा हर छात्र भी यह जानता है कि हर सवाल के चार अंक मिलते हैं। हर गलती के एक अंक कटते हैं। अब ऐसे में यदि कोई एक सवाल छोड़ देता है तो उसे 716 अंक मिलेंगे! यदि कोई सिर्फ एक सवाल गलत करता है तो उसे 715 अंक मिलेंगे। ऐसे में 718, 719 अंक पाना असंभव है?'

बिना जानकारी ग्रेस मार्क्स क्यों लागू किया

पटवारी ने आगे पूछा कि ग्रेस मार्क्स जैसी सुविधा बिना जानकारी के क्यों लागू की गई? इसीलिए देश के लाखों छात्र अब बिना ग्रेस मार्क्स के नीट की ओरिजिनल मेरिट लिस्ट जारी करने की मांग कर रहे हैं। मांग तो ये भी है कि जिन केंद्रों पर ग्रेस मार्क्स दिए गए हैं, उनका नाम बताया जाए और ग्रेस मार्क्स पाने का आधार क्या है? कितना समय बर्बाद होने पर कितने नंबर दिए गए? समय बर्बाद होने के कारण कितने असली हैं? केंद्र पर इसकी निगरानी करने वाले कितनी ईमानदारी से इस व्यवस्था को देख और परख रहे थे? तीसरी बार, अविश्वास लगातार। जवाब दो मोदी सरकार?'

ब्रीफ न्यूज

विवाद में चली गोलियां, पांच लोग घायल

दतिया। थाना कोतवाली क्षेत्र के होलीपुरा मोहल्ला में सोमवार देर रात दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें में गोली चल गई। घटना में दोनों पक्षों के कुल पांच लोग घायल हुए है। जिनका जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार होलीपुरा निवासी विशाल यादव और वैभव शर्मा के बीच किसी बात को लेकर सोमवार की रात विवाद हो गया। जिसमें दोनों पक्ष के लोग इकट्ठा हो गए और विवाद बढ़ गया। इस दौरान गोली भी चली। जिसमें विशाल यादव को जांघ में और दूसरे पक्ष के वैभव शर्मा को हाथ में गोली लगी है। विशाल के चाचा राम यादव मारपीट में घायल हुए हैं। दूसरे पक्ष के वैभव शुक्ला, आर्यन शर्मा और राहुल शर्मा भी घायल हो गए। घायलों का इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दहेज हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

दतिया। थाना भांडेर की चौकी विछौंदना पुलिस द्वारा मामला दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर घटना की तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सोमवार को दहेज हत्या के आरोपी .अंकुश कुशवाहा, शोभाराम कुशवाहा और ब्रजेश कुशवाहा निवासी ग्राम सलेतरा को गिरफ्तार किया है। मृतका के परिजनों ने रविवार को एसडीओपी भांडेर को रिपोर्ट की थी। जिसमे तत्काल कार्रवाई करते हुए धारा 304 बी, 3,4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई। एसडीओपी भांडेर के आदेश पर अंशुल अरोड़ा चौकी प्रभारी बिछोदना के नेतृत्व में गठित टीम कर आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी की गई।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार चाचा-भतीजा की मौत

दतिया। पंडोखर थाना क्षेत्र के भांडेर-भिंड हाइवे पर ग्राम ढोंड़ के पास मंगलवार तडके तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने एक बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार चाचा भतीजे की घटना स्थल पर मौत हो गई। मृतक चाचा भतीजा भांडेर में पथरी की दवाई लेने के लिए आए थे। जब वह लोग वापस अपने गांव लौट रहे थे तभी हादसे का शिकार हो गए। सुबह वहां से गुजरने वाले लोगों ने शवों को पडा देखा और पुलिस को सूचना दी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम सलैया जिला जालौन निवासी कल्याण सिंह कौरव (48) अपने भतीजे जय हिंद सिंह उर्फ छत्रपाल सिंह (24) पुत्र ब्रजेश कौरव के साथ पथरी की दवाई लेने के लिए भांडेर आया था। दवां लेने के बाद दोनों लोग मंगलवार को सुबह चार बजे बाइक से अपने गांव सलैया लौट रहे थे। ज बवह लोग भाडेर-भिंड हाईवे पर ग्राम ढोंड़ पर पहुंचे तभी अज्ञात वाहन के चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चाचा भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह पांच बजे जब गांव के लोग वहां से गुजरे तो एक बाइक के साथ ही सड़क पर दो शव पडे थे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के पास मिले मोबाइल नंबर परिजनों को घटना की जानकारी दौ। इसके बाद दोनों शवों को भांडेर अस्पताल पहुंचाया और पीएम कराकर शव परिजन के सुपुर्द कर दिया।

दवा व्यवसायी हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

दवा व्यवसायी के कर्मचारियों ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को दिया था अंजाम

सत्ता सुधार ■ दतिया

दवा व्यवसायी घनश्याम दास अग्रवाल में रविवार को लूट के इरादे से बाइक सवार दो बदमाशों ने कस्बा इंदरगढ में रविवार को वावरी सरकार मंदिर के पास लूट के इरादे से गोली मार दी थी। दवा व्यवसायी की ग्वालियर में अस्पताल पहुंचने के दौरान मौत हो गई थी। मंगलवार को पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए घटना के मुख्य दोनों आरोपियों को गिरफतार कर लिया है जबकि इनके दो साथियों की पुलिस ने सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि बड़ा बाजार पटवा तिराहा निवासी घनश्याम दास (73) पुत्र हरचरण दास अग्रवाल दवाओं को कारोबार करते थे। रविवार को दोपहर वह चालक तारिक खान व एक अन्य कर्मचारी के साथ तकादा करने के लिए इंदरगढ गए थे। यहां उन्होंने कुछ जगह से पेमेंट लिया। इसके बाद वह पास में ही वावरी सरकार मंदिर पर दर्शन करने चले गए। वहां से लौटते समय बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उनमें गोली मार दी। लोगों के आ जाने से बदमाश लूट में सफल नहीं हो सके। व्यापारी को इलाज के लिए ग्वालियर ले जाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने पर उनकी मौत हो गई। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक मिश्रा ने मामले के शीघ्र खुलासे के लिए एएसपी सुनील शिवहरे के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया साथ ही साइबर टीम को भी लगाया गया। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए 10-10 हजार रूपए का इनाम भी घोषित किया जिसे आईजी चंबल रेंज ने बढाकर 30 हजार रूपए कर दिया।

पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखे। वैष्णो मेडीकल स्टोर के फुटेज में अज्ञात हमलावरों के फुटेज मिले। इन फुटेज में दवा व्यवसायी के यहां पिछले चार सालों से काम कर रहे ब्रजेश प्रजापति के हमलावरों से इशारे में बात करने साक्ष्य मिले। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की लेकिन वह पुलिस को गुमराह करता रहा। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ और साक्ष्य जुटाए गए और फिर से पूछताछ की तो आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसने गत सात साल से दवा व्यवसायी के यहां करने वाले दीपक कुशवाहा के साथ मिलकर 15 दिन पहले लूट की योजना बनाई थी। पहले दोनों लोग मिलकर वारदात को अंजाम देना चाहते थे, लेकिन साथ में काम करने से पुलिस को संदेह होने की आशंका के चलते उन्होंने अपनी योजना बदल दी। इसके बाद उन्होंने दीपक कुशवाहा के रिश्तेदार बंटी कुशवाहा और नंदू कुशवाहा को अपनी योजना में शामिल कर लिया। दवा व्यववायी के यहां काम करने वालो दीपक कुशवाहा घटना दिनांक को आरोपियों के संपर्क में था। पुलिस को संदेह ने हो इस कारण ब्रजेश प्रजापति भी म्रतक के साथ इंदरगढ गया, वह भी दीपक के संपर्क में था। तकादा करने के बाद घनश्याम दास अग्रवाल रूपयों से भरा बैग लेकर मंदिर दर्शन करने चले गए। जब वह मंदिर से लौट रहे थे तभी आरोपियों ने उनमें गोली मार दी। लेकिन लोगों के आ जाने से वह रूपयों से भरा बैग ले जाने में असफल रहे। इसके बाद हमलावार थरेट, सेवढा होते हुए लहार की ओर चले गए। पुलिस ने ब्रजेश और दीपक दोनों को गिरफतार कर लिया, जबकि बंटी और नंदू की पुलिस ने सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई

जन सुनवाई में पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र कुमार मिश्रा, अति. पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे ने आमजन की शिकायतें सुनी और सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित वैधानिक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। आम जनता की शिकायतों एंव समस्याओ के त्वरित निराकरण के लिए मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से पुलिस कार्यालय में आये शिकायतकर्ता की शिकायतों को गंभीरता से सुना। शिकायतकर्ताओं को शीध्र शिकायतों पर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया। जन सुनवाई में प्राप्त समस्त शिकायतों का त्वरित निराकरण समय सीमा मे करने हेतु सम्बंधित थाना प्रभारियों, राजपत्रित अधिकारियों को निर्देर्शित किया गया।

बारिश के समय आपात स्थिति से निपटने के लिए सम्पूर्ण तैयारी करें : भार्गव

जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

सत्ता सुधार ■ दतिया

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया एवं प्रभारी कलेक्टर कमलेश भार्गव की अध्यक्षता में न्यू कलेकट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

सीईओ श्री भार्गव ने निर्देश दिए कि वर्षाकाल के दौरान किसी भी प्रकार की आपदा से जिला प्रभावित न हो इसके लिए विभागों के अधिकारियों को तमाम संसाधनों की आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया ताकि जिले में कही भी वर्षाकाल के दौरान जनहानि, पशुहानि अथवा सम्पति हानि ना हो। उन्होंने निर्देश दिए कि बाढ़ के क्षेत्र चिन्हित कर उन क्षेत्रों पर विशेष फोकस हो साथ ही तहसीलदार एवं एसडीएम अपने क्षेत्र के आपदा से संबंधित अधिकारियों के साथ तालमेल बैठाकर काम करें और ग्राम स्तर पर भी आपदा प्रबंध समिति बनायें जिससे कि कार्य योजना में क्रियान्वयन हो सके साथ ही तहसील स्तर पर बाढ़ राहत सामग्री का आंकलन कर लें और जिला स्तर पर भी कंट्रोल रूम स्थापित रहेगा जो कि 24 घंटे चालू रहेगा जिससे भी एक दूसरे के साथ कम्यूनिकेशन हो सके। उन्होंने कहा कि जर्जर भवनों को चिन्हित करने एवं रेन बसरों को तैयार और विधुत मंडल को लटकते तार को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला स्तर पर भी समस्त तैयारियां करने के लिए भी निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री विनोद भार्गव, एडीशनल सीईओ जिला पंचायत श्री धनंजय मिश्रा, सीएमओ दतिया एवं अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

सीईओ जिला पंचायत ने जन सुनवाई के दौरान सुनीं 102 लोगों की समस्यायें

दतिया। शासन की मंशा के अनुरूप प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई आज न्यू कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कमलेश भार्गव की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जन सुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए व्यक्तियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित लगभग 102आवेदन सीईओ श्री भार्गव को प्रस्तुत किए। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए कुछ समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराया तथा ऐसी समस्यायें जिनका मौके पर निराकरण नहीं हो सका उनके लिए समय सीमा निर्धारित की गई। जन सुनवाई के दौरान सीमांकन, नामांतरण, बटवारा, विभिन्न प्रकार की पेंशन, आर्थिक सहायता, खाद्यान आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जन सुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

मेंहदी प्रतियोगिता में आरती प्रथम, राधिका द्वितीय एवं आराधना ने पाया तृतीय स्थान

भारत विकास परिषद

सत्ता सुधार ■ भिण्ड

भारत विकास परिषद शाखा भिण्ड ने महिला सहभागिता के अंतर्गत तीन दिवसीय मेंहदी प्रशिक्षण व प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय एमएलबी कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्या श्रीमती स्नेहलता भदौरिया जी व विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत स्काउट एवं गाइड की जिला संगठन आयुक्त श्रीमती रेखा भदौरिया उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के संरक्षक वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. केएन शर्मा ने की एवं मुख्य वक्ता के रूप में परिषद के प्रांतीय पदाधिकारी श्रवण पाठक उपस्थित रहे। सर्वप्रथम दो दिवसीय मेंहदी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। तत्पश्चात तृतीय दिवस में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पचास से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार आरती त्रिपाठी, द्वितीय राधिका पुरोहित व तृतीय पुरस्कार आराधना त्रिपाठी ने हांसिल किया। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत भाषण के माध्यम से शाखा के अध्यक्ष कमलेश सैंथिया ने किया। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव राजमणि शर्मा ने तथा आभार डॉ. साकार तिवारी जी ने किया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों को स्मृति चिन्ह महिला सहभागिता की प्रमुख श्रीमती भारती कमलेश सैंथिया ने प्रदान किए। इस अवसर पर प्रांतीय पदाधिकारी डॉ. हिमांशु बंसल, कार्यक्रम संयोजक श्रीमती निशी-संजीव गुप्ता, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र जोशी, शाखा समन्वयक धीरज शुक्ला, जयप्रकाश शर्मा, मोहित दीक्षित, मनोज सैंथिया, अश्विनी दंडौतिया आदि परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।

> भारत विकास परिषद शाखा भिण्ड द्वारा तीन दिवसीय मेंहदी प्रशिक्षण व प्रतियोगिता आयोजित

प्रशासन की हिटलरशाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : विधायक

गोहद। राज्य शासन के आदेश के पालन में गोहद प्रशासन द्वारा नगर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई गोहद प्रशासन द्वारा तहसील कार्यालय, गोलम्बर तिराहा, गंज बाजार में विगत दिवस हुई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रशासन की इस कार्यवाही का विरोध कर गोहद एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।

अटल चौक से एकत्रित होकर विधायक केशव देसाई के नेतृव में काफिला तहसील कार्यालय पहुंचा और धरना दिया गया। गोहद प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत की गई को नियम विरुद्ध कहा गया। साथ ही जनता की हमदर्द बनकर सड़क पर पैदल मार्च किया। विधायक देसाई ने कहा कि गोहद प्रशासन द्वारा जो कार्यवाही की गई है वो नियम विरुद्ध है। यहां सिर्फ मुनादी कर कार्यवाही शुरू कर दी गई, जबकि कार्यवाही से पहले नोटिस जारी करना चाहिए था, लेकिन प्रशासन ने गरीब लोगों से रोजगार के साधन छीन लिया। प्रशासन हिटलर न बने, भले हम विपक्ष से है, लेकिन विधायक हैं। जनता के प्रतिनिधि है और जनता के साथ अत्यचार बर्दाश्त नही करेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष गुर्जर ने कहा कि गोहद प्रशासन अपनी हठधर्मिता छोड़े अन्यथा हमें भगत सिंह बनना पड़ेगा। जब पूर्व एसडीएम दौलतानी ने तीन फीट टीन शेड लगाने का आदेश दिया था, फिर वही टीनशेड अतिक्रमण कैसे बन गया। लोगों को बिना समय दिए उनका सामान नष्ट कर दिया गया। गोहद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में गोहद अस्पताल में व्याप्त अनियमितता अघोषित बिजली कटौती एव ओवरलोड वाहनों पर प्रतिबंध की मांग को लेकर प्रस्तुत ज्ञापन में पांच दिन का समय दिया है। ज्ञापन देने वालों में गणेशराम शर्मा, मुन्नीलाल भटेले, विकास काकर, गोपाल पचौरी, प्रमोद शुक्ला, अकरम खान, सुनील काकर, जगदीश माहौर, साबू खान, कैलाश माहौर, अवधेश शुक्ला, विजय निगम, दिनेश तोमर, पिंकी उचड़िया, अशोक जयंत, राजेन्द्र परिहार, अवधेश गुर्जर, रामजी गुर्जर राजू गुर्जर, गोलू ढंगस, रमजानी खान, बृजेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया पर कट्टे लहराकर वीडियो डालने वाले दो आरोपी दबोचे

सत्ता सुधार ■ भिण्ड

लहार थाना पुलिस ने कट्टे लहरा कर सोशल मीडिया पर वीडियो डालने वाले दो आरोपियों को लहार थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी लहार निरीक्षक रविन्द्र शर्मा को सोशल मीडिया के माध्यम से दो व्यक्तियों के अवैध हथियारों के साथ फोटो एवं वीडियो प्राप्त हुए। थाना प्रभारी द्वारा उक्त व्यक्तियों की पतारसी हेतु एक टीम गठित की गई। इसी क्रम में थाना पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि दो व्यक्ति अवैध कट्टा लेकर किसी वारदात को करने के उद्देश्य से महाराणा प्रताप चौराहा स्टेडियम के पास खड़े हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस बल द्वारा महाराणा प्रताप चौराहा स्टेडियम के पास से दो व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपने नाम शिवा उर्फ अंशु पुत्र राकेश तिगुनायक निवासी वार्ड नंबर 13 मिहोना एवं शिव उर्फ देव पुत्र विश्वनाथ चौहान निवासी वार्ड नंबर 13 मिहोना बताए। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से प्रथक प्रथक 315 बोर के दो देशी कट्टे तथा दो जिन्दा राउण्ड मिले। आरोपीगण का यह कृत्य धारा 25 (1-बी) (ए) आर्म्स एक्ट के अंतर्गत दण्डनीय अपराध होने से आरोपीगणों को गिरफ्तार कर आरोपीगणों के विरुद्ध पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीगणों से पूछताछ कर उनको जेल भेजा गया है। लहार। लहार थाना पुलिस ने मंगलवार को थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप चौराहा टिकरी जागीर रोड पर दीपक पुत्र वीरेन्द्र बुधौलिया निवासी ग्राम टीकरी जागीर थाना लहार को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 315 बोर की हाथ से निर्मित अधिया एवं 315 बोर का एक जिंदा राउण्ड जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध 25(1)(ए) आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। बताया गया है कि आरोपी द्वारा सोशल मीडिया पर अधिया के साथ अपना फोटो अपलोड किया था।

धर्मलाभ मंगलवार को दंदरौआ धाम में उमड़ी दर्शनार्थियों की भीड़

जैसे कर्म करोगे वैसे ही फल पाओगे : महामंडलेश्वर रामदास महाराज

सत्ता सुधार ■ भिण्ड

जिले के सबसे बड़े धार्मिक स्थल दंदरौआ धाम में मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु डॉक्टर हनुमान के दर्शन के लिए पहुंचे। उन्होंने भगवान राम और डॉक्टर हनुमान के दर्शन किए। वहीं उन्होंने धाम के महंत श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास महाराज से आशीर्वाद लिया।

महाराज ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि अधर्म के मार्ग से दूर रहें, धर्म ही जीवन का सार है। धर्म हमारे पुरुषार्थ का सर्व प्रथम आधार है। उन्होंने कहा कि धर्म है तो अर्थ का मूल्य है। धर्म के बिना अर्थ, अनर्थ का कारण बन जाता है, अर्थात धर्म है तो सब कुछ है। धर्म नहीं तो किसी का कोई अर्थ नहीं है।

महाराज ने कहा कि जीवन को सुखी रखने का मंत्र धर्म के मार्ग पर चलना है और धर्म पर चलने का रास्ता सच है। इसके अलावा व्यक्ति किसी अन्य प्रयास से न तो सुखी हो सकता है और ना ही आत्मिक संतोष प्राप्त कर सकता है। अंत में महाराज ने कहा कि धर्म ही जीवन की नींव है। कर्म करना व्यक्ति का काम है और उसका फल देना प्रभु पर निर्भर करता है। यह सच है कि जो व्यक्ति लगन, मेहनत और ईमानदारी से काम करता है तो ईश्वर उसे फल जरूर मिलता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता में भगवान कृष्ण द्वारा कहा भी गया है कि- कर्म किए जा फल की इच्छा मत कर ए इंसान, जैसे कर्म करेगा वैसे फल देगा भगवान अर्थात कर्म करते जाओ, फल की इच्छा मत करो, जैसे आप कर्म करोगे वैसे भगवान आपको फल देगा।

अच्छे कर्मों का फल अच्छा ही मिलेगा, गलत और बुरे कर्म करने वालों को अच्छे फल की इच्छा नहीं करना चाहिए। इस मौके पर रामबरन पुजारी, जलज त्रिपाठी,के सी जोशी, रामनिहोर जोशी, नरसी दद्दा, राजेन्द्र दद्दा, अजय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

अवैध रूप से रेत चोरी कर परिवहन कर रहे एक ट्रेक्टर ट्रॉली को पकड़ा

भिण्ड। जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन, भण्डारण करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत लहार थाना पुलिस ने अवैध रूप से रेत चोरी कर परिवहन कर रहे एक ट्रेक्टर ट्रॉली को जब्त किया है। जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी लहार निरीक्षक रविन्द्र शर्मा को मंगलवार को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि रोहानी सींगपुरा के हार में एक लाल रंग का महिन्द्रा 575 डीआई ट्रेक्टर ट्रॉली में रेत चोरी कर परिवहन करने की फिराक में खड़ा है। सूचना उपरांत थाना स्टाफ एवं हल्का पटवारी अजनार राजकुमार तोमर को बताए गए स्थान रोहानी सींगपुरा के हार में भेजा गया। जहां पर एक लाल रंग का महिन्द्रा 575 डीआई ट्रेक्टर मय अवैध रेत से भरी ट्रॉली के खडा दिखा, जिसका चालक पुलिस को अपनी ओर आता देखकर मौके से ट्रेक्टर को छोडकर भाग गया। पुलिस द्वारा लाल रंग का महिन्द्रा 575 डीआई ट्रेक्टर मय अवैध रेत से भरी ट्रॉली को जप्त किया गया। अज्ञात आरोपी चालक के विरुद्ध अपराध क्रमांक 167/2024, धारा 379, 414 भादवि, 77/177 एमव्ही एक्ट का पंजीबद्ध किया गया है।

पुलिस अफसर बन बच्चों के अरेस्ट होने का डर दिखा की जा रही पैसों की डिमांड

बेखौफ सायबर क्रिमिनल्सः कोर्टकर्मी, पुलिस अफसर व पत्रकारों तक को कर रहे टारगेट

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

सायबर क्रिमिनल्स इतने बेखौफ हो गए हैं, कि उन्हें कानून का बिल्कुल डर नहीं है। आलम यह है कि अब वह कोर्टकर्मी, पुलिस अफसर व पत्रकारों तक को टारगेट करने में लगे हुए हैं। जिनके द्वारा उनके बच्चों के अरेस्ट होने का डर दिखाते हुए पैसों की डिमांड की जा रही है।

सायबर क्रिमिनल्स द्वारा हाउस अरेस्ट करके मोटी रकम ऐंठने का नया फंडा आजमाया जा रहा है। ऑनलाइन ठगी करने वाले इन अपराधियों को शायद कानून व पुलिस का बिल्कुल खौफ नहीं है, यही कारण है कि वह अब पुलिस अफसर से लेकर कोर्ट कर्मचारी व मीडियाकर्मियों तक को कॉल करके अपने झांसे में लेने का प्रयास कर रहे हैं। विगत दिनों के भीतर ग्वालियर में ऐसे तीन मामले सामने आ चुके हैं, हालांकि जागरूकता के चलते वह इनमें से किसी को भी अपना शिकार नहीं बना सके।

ड्रग रैकेट में बेटे को बताया इनवॉल्व

बीते रोज ही एक फोटो जर्नलिस्ट के मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आया। जिसे रिसीव करने पर कॉलर ने खुद को ग्वालियर थाने का पुलिसकर्मी बताते हुए नाम-पते की तस्दीक करते हुए कहा कि ड्रग रैकेट से जुड़े कुछ युवक-युवती पकड़े गए हैं, जिसमें तुम्हारे बेटे का भी नाम आ रहा है। कुछ देर में आईजी साहब प्रेस कॉन्फ्रेंस में मामले का खुलासा करने वाले हैं। अगर बेटे को बचाना है, तो मैं सब मैनेज करवा दूंगा।

एसआई बोले- मुझ पर भी आ चुका इसी नंबर से कॉल

उक्त मामले का पता करने के लिए जब ग्वालियर थाने में पदस्थ एक सीनियर एसआई को कॉल किया गया, तो उन्होंने इस तरह का कोई भी रैकेट पकड़े जाने से इंकार कर दिया। उन्हें जब कॉल आने वाला नंबर बताया गया, तो उनका कहना था कि मुझ पर भी इसी नंबर से कॉल आ चुका है। जिसमें कॉलर द्वारा मेरे बेटे की जानकारी लेते हुए उसके अरेस्ट होने व बचाने के लिए सेटिंग करवाने की बात कही गई थी। एसआई ने यह भी बताया कि उक्त नंबर को ट्रेस करवाया गया, लेकिन वह सिम भी फेक है।

वैरिफाई किए बिना नहीं करें भरोसा

सायबर क्रिमिनल्स द्वारा पुलिस अफसर बनकर लोगों को उनके बच्चों को फंसाने की धमकी दी जाती है। सायबर एक्सपर्ट के मुताबिक इस तरह के किसी भी कॉल को वैरिफाई करने के उपरांत ही उस पर भरोसा करें, इससे आप ठगी से बच सकेंगे।

कोर्ट के स्टेनो ने एसपी से की शिकायत

इसी तरह का एक कॉल बीते रोज ही ग्रीन सिटी में रहने वाले कोर्ट के एक स्टेनो को भी आया। स्टेनो ने बताया कि उनका बेटा डीयू से पढ़ाई कर रहा है, जो बीते रोज ही एग्जाम देने के लिए दिल्ली रवाना हुआ था, उसके जाने के कुछ देर बाद ही उनके मोबाइल अनजान नंबर से कॉल आया, जिसमें कॉलर उनके बेटे अपहरण कर मारपीट किए जाने की बात कही, तथा बेटे को झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हुए 50 हजार रुपए की डिमांड की। उसकी बात सुनकर स्टेनो बुरी तरह से घबरा गए, जिन्होंने अपने बेटे को कॉल किया, तो उसने बताया कि वह तो ट्रेन में है। इसके बाद उन्होंने राहत की सांस लेते हुए एसपी ऑफिस पहुंचकर इस घटना की शिकायत की है।

क्राइम ब्रांच ने दबोचा छह साल से चकमा दे रहा आर्म्स एक्ट का आरोपी

दुष्कर्म सहित जुआ-सट्टा व मारपीट के दो दर्जन से अधिक अपराध हैं दर्ज

ग्वालियर। क्राइम ब्रांच की टीम ने विगत छह सालों से पुलिस को चकमा दे रहे आर्म्स एक्ट के फरार आरोपी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए बदमाश पर पूर्व से दुष्कर्म सहित जुआ-सट्टा व मारपीट के दो दर्जन से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। एसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर फरार स्थाई वारंटियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में क्राइम ब्रांच की टीम को मंगलवार दोपहर मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी, कि थाने में दर्ज धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के प्रकरण में विगत छह सालों से फरार चल रहा स्थाई वारंटी इंदर उर्फ भेंडा निवासी मेहरा गांव थाना थाटीपुर फिलहाल भीम नगर स्थित खाजबराई माता के पास बैठा हुआ है। एएसपी सियाज केएम को इसका पता लगने पर उन्होंने क्राइम एएसपी आयुष गुप्ता एवं डीएसपी नागेंद्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच की टीम को बताए गए स्थान पर पहुंचाया, जिसने वहां मौजूद उक्त आरोपी को घेराबंदी कर धरदबोचा। पकड़े गए स्थाई वारंटी के खिलाफ मुरार थाने में जुआ, सट्टा व मारपीट के 13 प्रकरण, थाटीपुर थाने में जुआ, सट्टा, मारपीट, आर्म्स एक्ट एवं दुष्कर्म के 11 प्रकरण एवं क्राइम ब्रांच थाने में आर्म्स एक्ट का एक प्रकरण मिलाकर कुल 25 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। इस शातिर बदमाश को गिरफ्तार करने में क्राइम ब्रांच टीआई अजय सिंह पंवार, एसआई दिव्या तिवारी, प्रधान आरक्षक मुकेश चौहान, दिनेश सिंह कुशवाह, आरक्षक प्रमोद शर्मा व श्रीकृष्ण तोमर की सराहनीय भूमिका रही।

अपर आयुक्त ने सुनी आमजन की समस्यायें, दिए निराकरण के निर्देश

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आचार संहिता खत्म होने के बाद प्रथम जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें नगर निगम ग्वालियर में अपर आयुक्त मुनीश सिंह सिकरवार ने आमजनों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान उपायुक्त प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में वार्ड 19 अमलतास कॉलोनी गोला का मंदिर निवासी विश्रुता शर्मा ने आवेदन देते हुए बताया कि अमलतास कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर अनाधिकृत लोगों द्वारा अतिक्रमण कर झुग्गी झोपड़ी बना ली हैं, जिस कारण रहवासियों को आवागमन में बाधा होती है। उक्त झुग्गी झोपड़ी को हटाये जाने के संबंध में, वार्ड 65 अजयपुर रोड आइसक्रीम फैक्ट्री के पास के निवासीगणोंन आवेदन देते हुए बताया कि शासकीय भूमि, नाला पर अवैध रूप से भवन निर्माण कर टीनशेड डालकर अतिक्रमण कर लिया उक्त अतिक्रमण को हटाये जाने के संबंध में अपना आवेदन अपर आयुक्त को दिया। अपर आयुक्त ने सुनवाई करते हुए कुछ समस्याओं का निराकरण त्वरित करते हुए बांकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई आदि से संबंधित 31 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अपर आयुक्त ने दिए।

रतलाम नगर निगम के अधिकारियों ने किया गौशाला का भ्रमण देखी व्यवस्थाएं

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

ग्वालियर नगर निगम द्वारा संचालित आदर्श गौशाला में संतों के द्वारा की जा रही गायों की बेहतर देखभाल और गौशाला प्रबंधन की ख्याति पूरे मध्यप्रदेश में फैल चुकी है। गौशाला के प्रबंधन को देखने के लिए रतलाम नगर निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट ने रतलाम नगर निगम की टीम को ग्वालियर भेजा है। टीम के सब इंजीनियर मनीष तिवारी ने गौशाला का भ्रमण कर सारी व्यवस्थाओं को देखा और समझा। साथ ही संत मधुरेंद्र नंद महाराज से गौशाला के कुशल प्रबंधन के तरीकों को जाना।

आदर्श गौशाला में लगभग 10000 गायों की बेहतर देखभाल की जा रही है। इतनी अधिक संख्या में निराश्रित गायों की देखरेख और ग्वालियर के निवासियों को गौशाला से जोड़ना साथ ही आमजनों में गौमाता के प्रति भक्ति भाव जागृत करने का कार्य भी गौशाला का प्रबंधन संभाल रहे कृष्णायन देशी गौरक्षा शाला के संतो द्वारा किया जा रहा है। संतो द्वारा किए जा रहे बेहतर कार्य के कारण नगर निगम द्वारा संचालित आदर्श गौशाला पूरे देश में प्रसिद्ध हो चुकी है। साथ ही मध्य प्रदेश के नगर निगम अब आदर्श गौशाला को रोल मॉडल के तौर पर अपना कर अपने शहरों में भी निराश्रित गौवंश के लिए गौशाला खोलने का विचार बना रहे हैं । इसी विचार को लेकर रतलाम नगर निगम की टीम भी आज गौशाला पहुंची । टीम के सदस्यों ने इतनी बड़ी संख्या में गौ माता को एक साथ देखकर हैरानी जाहिर की । साथ ही गौ माता को भोजन देने के तरीके, गौ माता को गर्मी में और सर्दी में कैसे सुरक्षित रखा जाता है इसके तरीके, घायल गोवंश के उपचार और गौ माता से प्राप्त होने वाले गोबर का उपयोग से कैसे सीएनजी तैयार होगी । इन सब कार्यों को विस्तृत रूप से देखा और संत मधुरेंद्र नंद महाराज से समझा। रतलाम नगर निगम की टीम ने गौशाला के प्रबंधन को देखकर बहुत अधिक प्रसन्नता जाहिर की।

दो विवाह करने के बाद तीसरी शादी की तैयारी में जुटा युवक

■ दोनों पत्नियों ने एसपी की जनसुनवाई में लगाई न्याय की गुहार

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



एक युवक द्वारा दो विवाह करने के बाद तीसरी शादी की तैयारी की जा रही है। जिसकी दोनों पत्नियों ने एसपी की जनसुनवाई में पहुंचकर पति की करतूत का खुलासा करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। जिन्हें पुलिस अफसरों ने मामले की जांच उपरांत नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद मंगलवार को एसपी की पहली जनसुनवाई में पहुंची दो महिलाओं की बात सुनकर वहां मौजूद पुलिस अफसरों सहित सभी लोग चकित रह गए। दरअसल दोनों महिलाओं से एक ही युवक ने शादी की थी, जो अब उन्हें छोड़कर तीसरे विवाह की तैयारी में जुटा हुआ है। इनमें से एक महिला ने बताया कि उसका नाम निशा राठौर (34 वर्ष) है, जो मूलतः उत्तरांचल के खटीमा जिले की रहने वाली है। निशा के मुताबिक 5 मार्च 2019 को बहोड़ापुर थाना क्षेत्रांतर्गत आनंद नगर निवासी उपदेश राठौर से उसका हिन्दू रीति-रिवाज से विवाह हुआ था, उनका एक बेटा भी है। कोरोना काल के दौरान पति द्वारा उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया गया, जिसने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। यही नहीं पति ने उसके खिलाफ कोर्ट में तलाक का केस फाइल कर दिया। तब न्यायालय ने उसे 6 हजार रुपए मासिक गुजारा भत्ता देने का आदेश पति को आदेश दिया था।

बिना तलाक हुए रचाया दूसरा विवाह

पहली पत्नी से तलाक हुए बिना ही उपदेश ने गुपचुप तरीके से ग्वालियर निवासी 24 वर्षीय प्रियंका राठौर से 1 मई 2023 को दूसरा विवाह रचा लिया। जब निशा बीते रोज उपदेश के घर पहुंची, तो उसे उसके द्वारा दूसरी शादी किए जाने का पता लगा। जिसकी शिकायत करने के लिए वह एसपी ऑफिस पहुंची।

एक-एक कर दोनों को घर से किया बेदखल

तीसरी शादी की तैयारी में जुटा उपदेश इतना शातिर है, कि उसने एक-एक कर दोनों पत्नियों को घर से बेदखल कर दिया। उसकी दूसरी पत्नी प्रियंका ने भी एसपी की जनसुनवाई में शिकायत करते हुए बताया कि 1 मई 2023 को उपदेश के साथ उसकी भी हिन्दू रीति- रिवाज के साथ हुई थी। इसके करीब छह माह बाद 20 नवंबर को पति और उसके परिजनों ने दहेज की मांग को लेकर उसकी मारपीट करते हुए घर से बेदखल कर दिया। इसकी उसने थाने में शिकायत भी की थी, लेकिन बीते फरवरी में उनका राजीनामा हो गया और वह वापस अपनी ससुराल आ गई। इसके तीन माह बाद ही दहेज की मांग करते हुए फिर उसके साथ मारपीट करते हुए घर से बाहर निकाल दिया। अब उसे पता लगा है कि उसका पति पहले से ही शादीशुदा था, और उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। इसकी शिकायत लेकर वह एसपी ऑफिस आई है।

ऐसे हुई दोनों पत्नियों की मुलाकात

मंगलवार को प्रियंका अपने पति उपदेश की शिकायत लेकर एसपी ऑफिस पहुंची, तो वहां पहले से मौजूद उपदेश की पहली पत्नी से उसकी मुलाकात हो गई। तब उसे पति की हकीकत का पता लगा। जिसके बाद दोनों ही पत्नियों ने एक साथ पुलिस अधिकारियों से अपने पति पर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। जिस पर पुलिस अधिकारियों ने उन्हें जांच उपरांत नियमानुसार कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है।

वार्ड 1 एवं 64 में कचरा ठिया समाप्त कर बनाई रंगोली

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

स्वच्छ ग्वालियर एवं सुंदर ग्वालियर के लिए नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा आमजनों के सहयोग से शहर के विभिन्न कचरा ठियों को समाप्त कर रंगोली बनाकर स्थलों को सुंदर बनाया जा रहा है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह के निर्देशानुसार स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उसी के अंतर्गत अगर कहीं भी कचरा ठिया बना हुआ है तो उसको समाप्त कर रंगोली बनाई जा रही है तथा नागरिकों को इन स्थानों पर पुनः कचरा न डालने का संदेश दिया जा रहा है। जिसके तहत आज मंगलवार को शहर के विभिन्न वार्डों में कचरा ठिया समाप्त कर रंगोली बनाई गई। जिसमें स्वास्थ्य अधिकारी अजय ठाकुर के निर्देशन में वार्ड 1 जनक ताल रोड गणेश मंदिर के पास बने कचरे ठिये को समाप्त कर रंगोली बनाई गई। इस दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी मनीश श्रीवास, डब्ल्यूएचओ अमित कुमार, गोपाल उपस्थित रहे। ग्रामीण विधानसभा में स्वास्थ्य अधिकारी विवेक त्यागी के निर्देशन में वार्ड 64 पुरानी छावनी पर लंबे समय से बने कचरे ठिये को समाप्त किया गया और रंगोली बनाई गई। साथ ही आमजन से अनुरोध किया गया कि कचरा सिर्फ कचरा वाहन में ही डालें।

गंदगी फैलाने वालों से वसूला जुर्माना

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

सडक पर गंदगी फैलाने पर किड्स डेंटल केयर से 2000 रूपये का जुर्माना वसूल किया गया।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत शहर के नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं आदतन कचरा फैलाने व डस्टबिन का उपयोग न करने वालों के खिलाफ नगर निगम ग्वालियर द्वारा निरंतर अभियान चलाकर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव एवं डॉ. अनुज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह के निर्देशानुसार ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य अधिकारी किशोर चौहान के निर्देशन में साथ ही सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में कभी भी आपके प्रतिष्ठान के सामने कचरा पाया जाता है तो दो गुना जुर्माना वसूला जाएगा। कार्यवाही के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री गौरव सेन, जेडएचओ एवं डब्ल्यूएचओ उपस्थित रहे। ग्वालियर दक्षिण विधानसभा के स्वास्थ्य अधिकारी भीष्म कुमार पमनानी के निर्देशन में खुले में मांस मछली का विक्रय करने एवं गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही की गई। जिसमें वार्ड क्रमांक 34 में मीट मांस की 05 दुकानों का निरीक्षण किया गया तथा 01 दुकान का 500 रूपये का जुर्माना किया गया। कार्यवाही के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी राजेन्द्र सिंह, जेडएचओ एवं डब्ल्यूएचओ उपस्थित रहे।

सत्ता न्यूज

क्षेत्रवासियों ने बहोड़ापुर थाने में की शिकायत, जांच में जुटी पुलिस

रात 2 बजे घरों के बाहर रोने वाली रहस्यमयी महिला से दहशत

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

बहोड़ापुर इलाके में स्थित चंदन नगर में विगत कुछ दिनों से अजीब स्थिति बनी हुई है। यहां रात डेढ़-दो बजे एक महिला घरों के बाहर बैठकर रोती है, जो डोरबेल बजाने के साथ ही गेट भी भड़भड़ाती है। महिला की इस रहस्यमयी हरकत से क्षेत्रवासियों में खासी दहशत व्याप्त है, जिन्होंने इसे लेकर थाने में शिकायती आवेदन भी दिया है। जिसके बाद पुलिस मामले की पड़ताल में लगी हुई है।

चंदन नगर के रहवासियों ने बताया कि बीते कुछ दिनों से देर रात एक महिला लोगों के घरों के बाहर आकर रोती रहती है। जो करीब से डेढ़ से दो घंटे तक अजीब से आवाज निकालते हुए रोने के बाद लौट जाती है। इस दौरान वह लोगों के घरों की घंटी व गेट भी बजाती है, हालांकि दहशत के कारण कोई भी उसकी आवाज सुनकर अपने घर का गेट नहीं खोलता है। उसकी इस हरकत से डरे रहवासियों ने स्थानीय बहोड़ापुर थाने में आवेदन देकर शिकायत की है, जिसमें उक्त महिला पर कार्रवाई करने की मांग की गई है। फिलहाल पुलिस द्वारा इस घटना की तस्दीक की जा रही है।

शिकायतकर्ताओं ने किया पिस्टल होने का दावा

शिकायतकर्ताओं के मुताबिक घर के बाहर बैठकर रोने वाली महिला की पूरी गैंग है, जो गाड़ी से आती है। लोगों का दावा है कि उसकी कमर में पिस्टल लगी रहती है, वहीं कुछ महिलाओं ने तो उसके पास दो पिस्टल होने की बात कही है।

सीसीटीवी में नजर आ रहा चेहरा

चंदन नगर के रहवासियों के मुताबिक उक्त महिला रात डेढ़-दो बजे के लगभग क्षेत्र में आती है, जो कभी कॉलोनी के इस ओर तो कभी दूसरी तरफ किसी घर के बाहर बैठकर रोने लगती है, तथा गेट खुलवाने के लिए घंटी भी बजाती है। महिला की यह हरकत वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हो गई है, जिसमें उसका चेहरा स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है।

इनका कहना है

चंदन नगर के लोगों ने रात को एक महिला द्वारा परेशान करने का आवेदन दिया है। उनका कहना है कि महिला उनके घर के गेट व घंटी बजाती है। सीसीटीवी फुटेज से घटना की तस्दीक की जा रही है।

जितेंद्र सिंह तोमर
टीआई, बहोड़ापुर

सरकारी स्कूल में लगे दो स्मार्ट टीवी चोरी

समर वैकेशन का नकबजनों ने उठाया फायदा

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

समर वैकेशन का नकबजन भी भरपूर फायदा उठा रहे हैं, जिसके चलते वह सूने पड़े सरकारी स्कूल में लगी दो स्मार्ट टीवी चोरी कर ले गए। घटना तिघरा क्षेत्र की है। स्कूल खुलने पर घटना का पता लगने पर शाला प्रभारी द्वारा थाने में शिकायत की गई। जिसमें पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनका पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

पुरानी छावनी निवासी सुधीर सिंह परमार शासकीय शिक्षक हैं, जो वतज़्मान में तिघरा थाना क्षेत्रांतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला खेरिया कुलैथ में शाला प्रभारी के तौर पर पोस्टेड हैं। जिन्होंने तिघरा थाने में शिकायत की है, कि उनके स्कूल में लगी दो एलईडी स्मार्ट टीवी व दो फर्श चोरी हो गए हैं। श्री परमार के मुताबिक एक मई 2024 से एक माह के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित हो गया था। तब से स्कूल सूना पड़ा था। बीती 21 मई की शाम चार बजे के लगभग वह कुछ आवश्यक जानकारी बनाने के लिए शाला में आए थे, तब ऑफिस व रूम में दोनों स्मार्ट टीवी लगी हुई थीं। इसके बाद अवकाश समाप्त होने पर बीती एक जून की सुबह 7.30 बजे वह व अन्य स्टाफकर्मी स्कूल पहुंचे, तो उक्त दोनों 50 इंच की स्मार्ट टीवी एवं दो फर्श गायब थे। इस पर हम लोगों ने पूरे स्कूल भवन में उनकी खोजबीन की, किंतु वह नहीं मिले। पुलिस द्वारा शिकायत की जांच उपरांत अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 457 व 380 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

भोपाल, इंदौर, ग्वालियर जबलपुर, रीवा, उज्जैन, खजुराहो और सिंगरौली से

अंतरराज्यीय उड़ान

मध्यप्रदेश में पर्यटन अब नयी ऊंचाइयों पर

पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा

संचालन प्रारंभ



बुकिंग काउंटर

भोपाल, इंदौर और जबलपुर एयरपोर्ट

ऑनलाइन बुकिंग

www.flyola.in

गरिमामयी उपस्थिति

मुख्यमंत्री

डॉ. मोहन यादव

13 जून, 2024

प्रात: 7:45 बजे । भोपाल एयरपोर्ट

> “प्रदेश में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विकास के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा प्रदेश के पर्यटन को नयी पहचान देगी। हमारे प्रदेश के नागरिकों एवं देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को यह सेवा और अधिक सुविधा प्रदान करते हुए पर्यटन क्षेत्र को नये आयाम देने में सफल साबित होगी।”
>
> - डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

सीधा प्रसारण

@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh

@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP

JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11009/24

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

बाल श्रम पर लगे लगाम

किसी देश के बच्चे अगर शिक्षित और स्वस्थ्य होंगे तो वह देश उन्नति और प्रगति करेगा और देश में खुशहाली आयेगी। लेकिन अगर बच्चे बचपन से ही किताबों को छोड़कर कल-कारखनों में काम करने लगेंगे तो देश समाज का भविष्य उज्ज्वल नहीं होगा। इसीलिये बच्चों को देश का भविष्य कहा जाता है। देश में आज भी करोड़ों बच्चे स्कूलों की बजाए कल-कारखानों, ढाबों और खतरनाक कहे जाने वाले उद्योगों में कार्य कर रहे हैं. जहां दो पेट के भोजन की शर्त पर उनका बचपन और भविष्य तबाह हो रहा है। बाल श्रम लगातार एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। जिसके कारण बच्चों का बचपन गर्त में जा रहा है और उनको अपना अधिकार नहीं मिल पा रहा है। यह दिवस बाल श्रम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और इसको पूरी तरह से समाप्त करने के लिए व्यक्ति, गैर सरकारी संगठन एवं सरकारी संगठनों को प्रेरित करने के लिए मनाया जाता है। इस साल विश्व बाल श्रम निषेध दिवस का थीम आइए अपनी मांगों पर कार्य करें बाल श्रम समाप्त करें ! इस दिन जागरूकता बढ़ाने, बदलाव की पहल करने और बाल श्रम से मुक्त भविष्य की दिशा में योगदान करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है। संयुक्त राष्ट्र ने बाल श्रम पर कहा है कि पिछले तीन दशकों के इस समस्या से निपटने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, अगर मूल कारणों को दूर कर दिया जाए तो बाल श्रम को खत्म किया जा सकता है। बाल मजदूरी उन्मूलन के लिए दुनिया भर में 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जा रहा है। बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने और 14 साल से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर उन्हें शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से साल 2002 में द इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की ओर से इस दिवस की शुरुआत की गई थी। बाल श्रम के खात्मे के लिए आज के दिन श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन और सरकारें तमाम आयोजन करती हैं। इन सबके बावजूद बाल मजदूरी पर लगाम नहीं लग पा रही है। भारत में आदिकाल से ही बच्चों को ईश्वर का रूप माना जाता रहा है। लेकिन वर्तमान परिदृश्य इस सोच से काफी भिन्न है। बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। गरीब बच्चे स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने की उम्र में मजदूरी कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षो से भारत सरकार एवं राज्य सरकारों

की पहल इस दिशा में सराहनीय है। उनके द्वारा बच्चों के उत्थान के लिये अनेक योजनाओं को प्रारंभ किया गया है, जिससे बच्चों के जीवन व उनकी शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव दिखे। शिक्षा का अधिकार भी इस दिशा में एक सराहनीय कार्य है। इसके बावजूद बाल श्रम की समस्या अभी भी एक विकट समस्या के रूप में विराजमान है। वर्तमान में देश के विभिन्न क्षेत्रों में छोटे स्तर पर होटल, घरों व फैक्ट्री में काम कर या अलग अलग व्यवसाय में मजदूरी कर लाखों बाल श्रमिक अपने बचपन को तिलांजलि दे रहें हैं, जिन्हें न तो किसी कानून की जानकारी है, और ना ही पेट पालने का कोई और तरीका पता है।

बाल-श्रम की अंधी गलियों में बेहाल बचपन कब तक?

▪ ललित गर्ग

> आखिर क्या कारण है कि बचपन अपराध एवं बाल श्रम की अंधी गलियों में जा रहा है? बचपन इतना उपेक्षित क्यों हो रहा है? बचपन के प्रति न केवल अभिभावक, बल्कि समाज और सरकार इतनी बेपरवाह कैसे हो गयी है? यह प्रश्न विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाते हुए हमें झकझोर रहे हैं। पूरी दुनिया में प्रत्येक वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है।

पूरी दुनिया में बाल श्रम एक ज्वलंत समस्या है, कैसा विरोधाभास है कि हमारा समाज, सरकार और राजनीतिज्ञ बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए नहीं थकते लेकिन क्या इस उम्र के लगभग 25 से 30 करोड़ बच्चों से बाल मजदूरी के जरिए उनका बचपन और उनसे पढने का अधिकार छीनने का यह सुनियोजित षड्यंत्र नहीं लगता? बचपन इतना डरावना एवं भयावह हो जायेगा, किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। आखिर क्या कारण है कि बचपन अपराध एवं बाल श्रम की अंधी गलियों में जा रहा है? बचपन इतना उपेक्षित क्यों हो रहा है? बचपन के प्रति न केवल अभिभावक, बल्कि समाज और सरकार इतनी बेपरवाह कैसे हो गयी है? यह प्रश्न विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाते हुए हमें झकझोर रहे हैं। पूरी दुनिया में प्रत्येक वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की पहल अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने की थी, जिसका मकसद बाल श्रम को रोकना था। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 2024 की आधिकारिक थीम है- 'आइए अपनी प्रतिबद्धताओं पर कार्य करें-बाल श्रम समाप्त करें!' यह दिन जागरूकता बढ़ाने, परिवर्तन की वकालत करने तथा बाल श्रम से मुक्त भविष्य की दिशा में योगदान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है।

मालूम हो कि इसको मनाने के पीछे एक खास वजह यह थी कि बच्चों को मजदूरी न कराकर उनको स्कूलों की ओर शिक्षा के लिए प्रेरित किया जा सके। मालूम हो कि बाल श्रम लगातार एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है, जिसके कारण बच्चों का बचपन गर्त में जा रहा है और उनको अपना अधिकार नहीं मिल पा रहा है। उनका यह बचपन रूपी भविष्य आज बाल श्रम के कारण नशे, अपराध एवं जटिलताओं की दुनिया में धंसता चला जा रहा है। जब हम किसी गली, चौराहे, बाजार, सड़क और हाईवे से गुजरते हैं और किसी दुकान, कारखाने, रैस्टोरैंट या ढाबे पर 12-14 साल के बच्चे को टायर में हवा भरते, पंक्चर लगाते, चिमनी में मुंह से या नली में हवा फूंकते, जूठे बर्तन साफ करते, गारा उठाते, या खाना परोसते देखते हैं और जरा-सी भी कमी होने पर उसके मालिक से लेकर ग्राहक द्वारा गाली देने से लेकर, धकियाने, मारने-पीटने और दुर्व्यवहार होते देखते हैं तो अक्सर 'हमें क्या लेना है' या ज्यादा से ज्यादा मालिक से दबे शब्दों में उस मासूम पर थोड़ा रहम करने के लिए कहकर अपने रास्ते हो लेते हैं। लेकिन कब तक हम बचपन को इस तरह प्रताड़ित एवं उपेक्षा का शिकार होने देंगे। बचपन से जुड़ी इस त्रासद एवं दुर्भाग्यपूर्ण स्थितियों पर नियंत्रण के लिये, बाल श्रम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और इसको पूरी तरह से समाप्त करने के लिए व्यक्ति, गैर सरकारी संगठन एवं सरकारी संगठनों को प्रेरित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, पिछले दो दशकों से पूरी दुनिया में बाल श्रम को कम करने के लिए लगातार पहल की जा रही है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों के दौरान संघर्षों, संकटों और कोरोना महामारी ने विश्व में कई परिवारों को गरीबी में धकेल दिया है, जिसके कारण लाखों बच्चों को बाल श्रम के लिए मजबूर होना पड़ा है। आज का बालक ही कल के समाज का सृजनहार बनेगा। बालक का नैतिक रूझान व अभिरूचि जैसी होगी निश्चित तौर पर भावी समाज भी वैसा ही बनेगा। आज दुनिया में 160 मिलियन बच्चे अभी भी बाल श्रम में लगे हुए हैं। यह दुनिया भर में लगभग दस में से एक बच्चा है। बाल श्रम के मामले में अफ्रीका सभी क्षेत्रों में सबसे ऊपर है। अफ्रीका और एशिया और प्रशांत क्षेत्र में दुनिया भर में बाल श्रम में लगे हर दस बच्चों में से लगभग नौ बच्चे बाल-श्रमिक हैं। शेष बाल श्रमिक आबादी अमेरिका (11 मिलियन), यूरोप और मध्य एशिया (6 मिलियन) और अरब राज्यों (1 मिलियन) में विभाजित है। जबकि बाल श्रम में बच्चों का प्रतिशत निम्न आय वाले देशों में सबसे अधिक है, वास्तव में उनकी संख्या मध्यम आय वाले देशों में अधिक है। निम्न-मध्यम आय वाले देशों में 9 प्रतिशत बच्चे और उच्च-मध्यम आय वाले देशों में 7 प्रतिशत बच्चे बाल श्रम में हैं। पिछले कुछ वर्षों में बाल श्रम को कम करने में बहुत प्रगति हुई है, हाल के वर्षों में वैश्विक रुझान उलट गए हैं और अब पहले से कहीं अधिक यह महत्वपूर्ण है कि सभी रूपों में बाल श्रम को समाप्त करने की दिशा में कार्रवाई में तेजी लाने के लिए मिलकर काम किया जाए। 2022 में बाल श्रम के उन्मूलन पर 5वें वैश्विक सम्मेलन के बाद प्रतिनिधियों द्वारा अपनाई गई डरबन कॉल टू एक्शन रास्ता दिखाती है। अब बाल श्रम के उन्मूलन को वास्तविकता बनाने का समय आ गया है। मालूम हो कि बाल श्रम का प्रमुख कारण गरीबी है, जिसके कारण बच्चों को पढ़ाई छोड़कर मजबूरी में मजदूरी का रास्ता चुनना पड़ता है। हालांकि, कई बच्चों को अपराध रैकेट द्वारा बाल श्रम के लिए मजबूर किया जाता है। भारत की बात करें तो सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2 करोड़ और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार तो लगभग 5 करोड़ बच्चे बाल श्रमिक हैं। इन बाल श्रमिकों में से 19 प्रतिशत के लगभग घरेलू नौकर हैं, ग्रामीण और असंगठित क्षेत्रों में तथा कृषि क्षेत्र से लगभग 80 प्रतिशत जुड़े हुए हैं। शेष अन्य क्षेत्रों में, बच्चों के अभिभावक ही बहुत थोड़े पैसों में उनको ऐसे ठेकेदारों के हाथ बेच देते हैं जो अपनी व्यवस्था के अनुसार उनको होटलों, कोठियों तथा अन्य कारखानों आदि में काम पर लगा देते हैं। उनके नियोक्ता बच्चों को थोड़ा सा खाना देकर मनमाना काम कराते हैं। 18 घंटे या उससे भी अधिक काम करना, आधे पेट भोजन और मनमाफिक काम न होने पर पिटाई यही उनका जीवन बन जाता है। केवल घर का काम नहीं इन बालश्रमिकों को पटाखे बनाना, कालीन बुनना, वेल्डिंग करना, ताले बनाना, पीतल उद्योग में काम करना, कांच उद्योग, हीरा उद्योग, माचिस, बीड़ी बनाना, खेतों में काम करना (बैल की तरह), कोयले की खानों में, पत्थर खदानों में, सीमेंट उद्योग, दवा उद्योग में तथा होटलों व ढाबों में झूठे बर्तन धोना आदि सभी काम मालिक की मर्जी के अनुसार करने होते हैं।

अंतरराष्ट्रीय
बाल श्रम निषेध
दिवस

मोदी कैबिनेट के 71 मंत्रियों में कांस्टेबल से लेकर अध्यापक तक

नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में 9 जून की शाम 7.15 बजे 71 मंत्रियों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई हैं। उससे पहले नरेंद्र मोदी ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। वे अटलजी की समाधि और नेशनल वॉर मेमोरियल गए। नरेंद्र मोदी को जवाहर लाल नेहरू की बराबरी पर लाने के लिए कुछ लोग प्रचारित कर रहे है किनेहरू के बाद तीसरी बार शपथ लेने वाले दूसरे प्रधानमंत्री बने मोदी !जबकि यह पूरी तरह गलत है। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आजाद भारत में 4 बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उन्होंने सन1947,1952,1957व1962 में प्रधानमंत्री के रूप में देश का नेतृत्व किया। इसके बाद श्रीमति इंदिरा गांधी ने 3 बार प्रधान मंत्री पद की शपथ सन 1967,1971,व 1980 में ली थी। अटल बिहारी वाजपेई ने भी 3 बार प्रधानमंत्री पद की शपथ 1996,1998,1999 में ली थी। जिसके बाद नरेंद्र मोदी ने पहली बार 2014,दूसरी बार 2019 और अब तीसरी बार प्रधान मंत्री पद की शपथ ली है।

नरेंद्र मोदी ने जिन्हें मंत्री बनाया उन्हें अपने आवास पर चाय पर बुलाया था। इन नए मंत्रियों में अमित शाह, राजनाथ सिंह, निर्मला रमण , जयशंकर , शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर , कुमारस्वामी ,नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, ज्योतिरादित्य सिंधिया और अर्जुन राम मेघवाल आदि शामिल है। उत्तर प्रदेश से 8 मंत्री बनाये गए है,जबकि उत्तराखंड से अल्मोड़ा सुरक्षित से अजय टम्टा को मंत्री बनाया गया है। उत्तर प्रदेश में लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह, अपना दल (एस) प्रमुख अनुप्रिया पटेल, रालोद प्रमुख जयंत चौधरी, पीलीभीत से सांसद जितिन प्रसाद, राज्यसभा सांसद बीएल वर्मा, महाराजगंज से सांसद पंकज चौधरी, आगरा से सांसद एसपी सिंह बघेल और बांसगांव से सांसद कमलेश पासवान शामिल हैं। मोदी मंत्रिमंडल में कुछ नाम एकदम चौंकाने है, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल में शामिल कर लोगों को चौका दिया है। इनमें

डॉ श्रीगोपाल नारसन

नवसारी सीट से 7.77 लाख वोटों के अंतर से जीतकर आए सीआर पाटिल को मोदी मंत्रिमंडल में जगह दी गई हैं। पाटिल भाजपा की गुजरात इकाई के अध्यक्ष हैं। सीआर पाटिल का जन्?म महाराष्ट्र के जलगांव में हुआ था। पाटिल 2009 के चुनाव से पहली बार नवसारी लोकसभा सीट से चुनाव लड़े और एक लाख वोटों से जीत दर्ज की थी। इसके बाद 2014, 2019 और 2024 के चुनाव में भी उन्होंने इसी सीट से बंपर जीत हासिल की। पाटिल की जीत का अंतर हर चुनाव में बढ़ जाता है। यही उनके मंत्री बनने का आधार बना है। मोदी के करीबी नेताओं में गिने जाने वाले सीआर पाटिल ने आईटीआई करने के बाद गुजरात पुलिस बल में कांस्टेबल की नौकरी भी की थी। सन 1984 में नौकरी छोड़ खुद का बिजनेस शुरू किया। साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय हो गए। सन 1989 में भाजपा में शामिल हुए। दक्षिण गुजरात में भाजपा की मजबूती का श्रेय पाटिल को दिया जाता है।

इसी तरह भावनगर लोकसभा सीट से 4.55 लाख वोटों से जीतकर संसद पहुंची निमुबेन बंभानिया को भी मोदी के मंत्रिमंडल में जगह मिली है। निमुबेन तलपड़ा कोली समाज से आती हैं। वे पेशे से अध्यापक रही हैं और साथ में सामाजिक कार्यकर्ता भी है। 8 सितंबर,सन 1966 को जन्?मीं निमुबेन बाभंणिया ने गणित व विज्ञान विषयों से बीएससी और बीएड किया है। निमुबेन के पति का नाम जयंतीभाई बाभंणिया है। वह अपने पति के साथ स्?कूल चलाती हैं। निमुबेन की छवि शांत, आदर्श और सरल स्?वभाव वाले नेता के तौर पर है। मेयर चुने जाने के बाद निमुबेन ने सरकारी वाहनों के इस्?तेमाल के खिलाफ फैसला दिया था। उनके परिवार के सदस्?यों को भी उनके कार्यालय में आने की इजाजत नहीं थी। निमुबेन सन 2009 से सन 2010 और सन 2015 से सन 2018 तक भावनगर की मेयर रहीं। गोरखपुर जिले के बांसगांव लोकसभा सीट से भाजपा सांसद कमलेश पासवान को मोदी ने अपने मंत्रिमंडल में जगह दी है। कमलेश सन 2009 से लगातार जीतते आ रहे हैं। कमलेश पासवान के पिता ओम प्रकाश पासवान भी राजनीति में थे, उन्?हें एक रैली को संबोधित करने के दौरान मार दिया गया था। कमलेश पासवान की मां सुभावती पासवान भी सांसद रह चुकी हैं। कमलेश पासवान के छोटे भाई विमलेश पासवान भी बांसगांव सीट से भाजपा के दूसरी बार विधायक हैं। पॉलिटिकल साइंस से पोस्?ट ग्रेजुएट कमलेश की पत्?नी का नाम रितु पासवान है। उनके दो बच्?चे- एक बेटा और बेटी है। वही यूपी की गोंडा लोकसभा सीट से लगातार तीसरी बार भाजपा के टिकट पर सांसद चुने गए कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने भी मंत्री पद की शपथ ली है। वह पांचवीं बार सांसद चुने गए हैं। सन1998 और सन 2004 में वह सपा के टिकट पर सांसद चुने गए थे।

लखनऊ विश्वविद्यालय से पोस्ट ग्रेजुएट करने वाले राजा भैया को पावर्ड हैंग ग्लाइडर केवी के खासा शौकीन हैं। उनकी पत्नी का नाम मधु श्री सिंह है और उनके बेटे का नाम जयवर्धन सिंह। जयवर्धन सिंह फिलहाल पढ़ाई कर रहे हैं। राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर को भी मोदी मंत्रिमंडल में जगह मिली है। बिहार की राजनीति में ठाकुर एक जाना-पहचाना नाम है और वह नीतीश कुमार के करीबी भी माने जाते हैं। रामनाथ ठाकुर ने राज्?य मंत्री के तौर पर शपथ ली है। रामनाथ बिहार के पूर्व सीएम और भारत रत्न से सम्मानित कर्पूरी ठाकुर के बेटे हैं। कर्पूरी ठाकुर जब तक राजनीति में रहें, उन्होंने अपने बेटे को राजनीति से दूर रखा।

राजकाज

तीसरे कार्यकाल को लेकर मोदी के सामने चुनौतियां

केंद्र में एनडीए गठबंधन की सरकार बन गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शपथ ले ली है। तेलुगु देशम पार्टी के चंद्रबाबू नायडू तथा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बहुत बड़े-बड़े विभाग मांगे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों की बातों को नहीं माना। अपने सभी महत्वपूर्ण विभाग भाजपा के विश्वसनीय मंत्रियों को ही दे रखे हैं। तेलुगू देशम की जो सबसे महत्वपूर्ण मांग थी। लोकसभा अध्यक्ष का पद उन्हें चाहिए है। 18 तारीख के पहले इसका भी फैसला हो जाएगा। देखना यह है, कि एनडीए गठबंधन के तेलुगु देशम पार्टी के चंद्रबाबू नायडू और नितीश बाबू को कुछ हाथ लगता है,कि नहीं। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री और अमित शाह के गृहमंत्री बन जाने के बाद उन्हें जो शक्तियां मिली हैं। उसका उपयोग वह किस तरह से करते हैं। जल्द ही सबको पता लग जाएगा।

पीएमओ में पहुंचते ही नरेंद्र मोदी ने दिखाई झलक

रविवार को नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली सोमवार को वह पीएमओ गए जब वह अपने कार्यालय पहुंचे उनके साथ राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख अजीत डोभाल तथा प्रधान सचिव पीके मिश्रा भी थे सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने ताली बजाकर उनका स्वागत किया प्रधानमंत्री ने भी पीएमओ के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित किया उन्होंने कहा इस पावर सेंटर नहीं बनाना है इसे पीपल्स केंद्र की तरह विकसित किए जाने की जरूरत है उन्होंने कहा कि पीएमओ सेवा का कार्यालय होना चाहिए नाकी पावर केंद्र बना रहना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस कथन के कई तरह के मायने निकाले जा रहे हैं।

ठगे गए एनडीए के सहयोगी दल

एनडीए सरकार के मंत्रिमंडल का गठन हो गया है। सभी मंत्रियों के विभागों का बंटवारा भी कर दिया गया है। मंत्रिमंडल पुनर्गठन और विभागों के वितरण के बाद एनडीए के सहयोगी दलों में नाराजी देखने को मिल रही है। चंद्रबाबू नायडू, नीतीश कुमार, एकनाथ शिंदे, अजीत पवार सभी नाराज हैं। जो मांग की गई थी, वह किसी की पूरी नहीं हुई। विभागों के वितरण ने तो सहयोगी दलों पर तुषारापात कर दिया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल को राज्य मंत्री बनाने का ऑफर दिया गया था। जिसे वह अपने अपमान से जोड़ रहे हैं। लेकिन कुछ कर नहीं पा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत पाने के लिए मात्र 30 सीटों की जरूरत है। अमित शाह गृहमंत्री के पद पर हैं। यह कोई बड़ा लक्ष्य नहीं है। सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह एक बार फिर पुराने फार्म पर आ गए हैं। सरकार स्पष्ट बहुमत के साथ 5 साल चलेगी। सहयोगी दलों का जो समर्थन चाहिए था, वह मिल गया। कुछ दिन बाद उसकी भी जरूरत नहीं रहेगी। इसलिए मोदी और शाह अब एनडीए के सहयोगियों को तवज्जो देने के मूड में नहीं है।

फीचर

स्विमिंग पूल में नहाने से पहले रखें सावधानी

> स्विमिंग पूल में जो क्लोरीन डाला जाता हैं उसका कारण मुख्य यह हैं की वह पानी को साफ़ और सुरक्षित रखता हैं। वह बैक्टीरिया और अन्य जीवाणु को मारता हैं। हमारे शरीर से निकलने वाला पसीना और तैलीय अंश को समाप्त करता हैं तथा यह पानी में काई को नष्ट करता हैं।

आजकल नए नए बहुमंजिला इमारतों कॉलोनी के साथ स्विमिंग पूल एक बहुत आकर्षण का कारण होता हैं। और उसमे नहाना प्रतिष्ठा की बात होती हैं। पर इससे हमको क्या नुक्सान भी होते हैं यह जानना जरुरी हैं और फिर उपयोग करना आपका काम हैं। स्विमिंग पूल में जो क्लोरीन डाला जाता हैं उसका कारण मुख्य यह हैं की वह पानी को साफ़ और सुरक्षित रखता हैं। वह बैक्टीरिया और अन्य जीवाणु को मारता हैं। हमारे शरीर से निकलने वाला पसीना और तैलीय अंश को समाप्त करता हैं तथा यह पानी में काई को नष्ट करता हैं। क्लोरीन वैसे अपनी तीक्ष्ण दुर्गन्ध के कारण स्वीकार्य नहीं हैं क्योकि इससे आँखे लाल, एलर्जी। और कैंसरजनक होती हैं। क्लोरीन हमारे शरीर में अवशोषित होती हैं इसका प्रयोग अधिक होने से हमारे जनांगों पर विपरीत प्रभाव पड़ता हैं और होने वाले बच्चे बीमार और कुछ विकृति के साथ जन्मते हैं। और मजेदार बात यह हैं की यदि अधिक समय तक उपयोग करने से शरीर में झुर्रियां होने लगती हैं। इसीलिए ओलम्पिक खिलाड़ी व तैरकियों में युवावस्था में झुर्रियां आने लगती हैं तथा बाल झरने लगते हैं। । यदि स्विमिंग पूल बंद जगह पर हैं तो उससे निकलने वाली विषैली गैसेस जैसे नाइट्रोजन ट्राई क्लोराइड निकलती हैं जो फेफड़ों के लिए खतरनाक होती हैं। यह सब आयु वर्ग के लिए घातक हैं। क्लोरीन की जगह ओजोन, आइओनाइज़र, ब्रोमिन, सिल्वर -कॉपर का उपयोग कर सकते हैं पर यह महंगा पड़ता हैं। बाह्य या खुले पूल में नहाना ज्यादा सुरक्षित हैं कारण जहरीली गैस का प्रभाव कम पड़ता हैं। कभी कभी नहाना ठीक पर अधिक नहाना नुक्सानदायक। पूल में नहाने के बाद तुरंत सामान्य पानी और साबुन से नहाना चाहिए।

प्रेरणा

प्रजा का खजाना

फारस के शासक साइरस अपनी प्रजा की भलाई में जुटे रहते थे। लेकिन खुद उनका जीवन सादगी से भरा था। वह रियासत की सारी आमदनी व्यापार, उद्योग और खेतीबाड़ी में लगा देते थे। इस कारण शाही खजाना हल्का रहता था। लेकिन प्रजा खुशहाल थी। एक दिन साइरस के दोस्त और पड़ोसी शासक प्रोशियस उनके यहां आए। उनका मिजाज साइरस से बिल्कुल अलग था। उन्हें प्रजा से ज्यादा अपनी खुशहाली की चिंता रहती थी। उनका खजाना हमेशा भरा रहता था। बातों-बातों में जब प्रोशियस को साइरस के खजाने का हाल मालूम हुआ तो उन्होंने साइरस से कहा, अगर आप इसी तरह प्रजा के लिए खजाना लुटाते रहोगे तो एक दिन वह एकदम खाली हो जाएगा। आप कंगाल हो जाओगे। अगर आप भी मेरी तरह खजाना भरने लगें तो आपकी गिनती मेरी तरह सबसे धनी शासकों में होने लगेगी। साइरस मुस्कराए फिर बोले आप दो दिन ठहरिए मैं इस मामले में लोगों का इम्तिहान लेना चाहता हूं। उन्होंने घोषणा करवा दी कि एक बहुत बड़े काम के लिए साइरस को दौलत की निहायत जरूरत है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि प्रजा मदद करेगी। दो दिन पूरा होने से पहले ही शाही महल के बाहर मोहरों, सिक्कों व जेवरों का बड़ा ढेर लग गया। यह देख प्रोशियस हैरत में पड़ गए। साइरस ने कहा, मैंने रियासत का खजाना लोगों की खुशहाली पर खर्च करके एक तरह से उन्हीं को सौंप दिया है। लोग उसमें इजाफा करते रहते हैं। मुझे जब जरूरत होगी वे मुझे लौटा देंगे जबकि तुम्हारा खजाना बांझ है, वह कोई बढ़ोतरी नहीं कर रहा है।



अपनी बात

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की चुनावी जीत ने प्रभावी ढंग से वह संदेश दे दिया है जो वह देना चाहती थी। इस साल मार्च में कई भाजपा नेताओं और उनके समर्थकों ने राजद प्रमुख लालू यादव द्वारा अपना कोई परिवार न होने के लिए कहे जाने के बाद पीएम मोदी के साथ एकजुटता दिखाने के लिए अपने सोशल मीडिया बायो में मोदी का परिवार जोड़ा था।

विधायक आदित्य ठाकरे ने कहा कि हर एक क्षेत्र में ऐसा ही खेल चल रहा है। जहां तक NEET की बात है तो हम यही कहते आए हैं चाहे राज्य या राष्ट्र स्तर पर जो सार्वजनिक परीक्षाएं होती हैं उनके लिए कोई नियम होना चाहिए, जो पेपर लीक करते हैं उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। हमारी मांग है कि कम से कम 10 साल की सज़ा होनी चाहिए। इससे पहले शरद पवार गुट की तरफ से भी नीट-यूजी परीक्षा को लेकर केंद्र पर निशाना साधा गया।

ब्रीफ न्यूज

विभिन्न प्रभारी तहसीलदार को सौंपे नवीन प्रभार

गुना। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से जिले में पदस्थ विभिन्न प्रभारी तहसीलदार को नवीन प्रभार सौंपे जाने के आदेश जारी किये गये हैं। जारी आदेश अनुसार प्रभारी तहसीलदार सुनील कुमार वर्मा को कलेक्ट्रेट कार्यालय (भू-अभिलेख शाखा) गुना तथा प्रभारी तहसीलदार श्रीमति रूचि अग्रवाल को तहसीलदार तहसील आरोन एवं तहसील अंतर्गत समस्त आहरण एवं संवितरण के अधिकार सौंपे जाने संबंधी आदेश जारी किये गये हैं।

4 आदतन अपराधियों को कलेक्टर ने किया जिलाबदर

गुना। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतेन्द्र सिंह ने 04 आदतन अपराधियों को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धाराओं के अंतर्गत 2 अपराधी को एक वर्ष के लिये तथा 2 अपराधियों को छह माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए गये हैं। पुलिस अधीक्षक गुना से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर लोक शांति एवं जन सुरक्षा को देखते हुए उक्त आदेश जारी किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सिंह ने आदतन अपराधी हरवीर सिंह यादव पुत्र दौलत सिंह उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम बादली थाना बजरंगगढ एवं उदयभान सिंह यादव पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम ओखरीखेड़ा थाना बजरंगगढ को एक वर्ष के लिये तथा सुरेश मीना पुत्र निरंजनसिंह मीना उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम गुडईमार थाना जामनेर एवं मनोज मीना पुत्र प्रेमनारायण मीना उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम धपरियाई थाना जामनेर को छह माह के लिये जिलाबदर करने के आदेश जारी किये गये हैं।

अवैध मदिरा का परिवहन करते हुए जप्त वाहन ट्रक को किया राजसात

गुना। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा अवैध मदिरा का अवैध परिवहन करते हुए पाये जाने पर जप्त वाहन ट्रक को शासन पक्ष में राजसात करने के आदेश जारी किए गये हैं। जारी आदेश अनुसार पुलिस अधीक्षक जिला गुना से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर वाहन ट्रक क्रमांक एमएच 11 सीएच 8943 से 972 लीटर अवैध मदिरा का परिवहन करते पाये जाने पर थाना कोतवाली गुना में प्रकरण दर्ज किया गया। संपूर्ण प्रकरण में कलेक्टर द्वारा आदेश जारी कर जप्त वाहन ट्रक क्रमांक एमएच 11 सीएच 8943 व मदिरा 972 लीटर को म.प्र.आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 47(2) के तहत शासन पक्ष में राजसात/ अधिग्रहण करने के आदेश जारी किए गए हैं। जिला आबकारी अधिकारी गुना को अन्यथा आदेश नही होने की स्थिति में राजसात वाहन की सार्वजनिक नीलामी कराई जाकर प्राप्त राशि शासकीय मद में जमा कराने एवं राजसात मदिरा/ शराब का विनिष्टिकरण नियमानुसार करने के निर्देशित किया गया है।

कुर्बानी के बकरे हुए चोरी

गुना। जिले के म्याना थानांतर्गत ग्राम खुटियावद में कुर्बानी के लिए रखे दो बकरे अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी मुसरफ अली पुत्र मुमताज अली निवासी खुटियावद ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत रात को रोजाना की तरफ उन्होंने अपने मकान में बकरियाँ बंद कर दी थी और हम लोग खाना खा पीकर सो गए थे। सुबह करीब 6 बजे जब हम उठे तो उनके भाई भूरा ने आकर बताया कि तुम्हारे बकरियों वाले कमरे का ताला टूटा पड़ा हुआ है। जब वह भूरा के साथ बकरी वाले कमरे पर पहुँचा तो कमरे का ताला टूटा पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो उसमे दो बकरे सफेद कलर के कुर्बानी वाले बकरे, जिनके गले में पट्टा बंधा हुआ है एवं सींग दोनों के फैले हुए है जो करीब 1-1 साल के है, वहीं एक बकरी दो साल की बिना सींग की जिसके गले मे पट्टा बंधा हुआ है उन्हें कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गया। बकरी व बकरों की कीमत करीबन 68000 रुपए होगी। फिलहाल मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर पर मामला दर्ज किया है।

आरोन के छोटा हरिजनपुरा नाला की कराई साफ-सफाई

सत्ता सुधार ■ गुना

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आरोन के वार्ड 02 स्तिथ छोटा हरिजन पुरा नाला की सफाई कराई गयी। सीएमओ दिनेश कुमार सोनी द्वारा बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान शासन की मंशा के अनुरूप नगर परिषद आरोन द्वारा आज 11 जून को वार्ड 02 स्थित छोटा हरिजन पुरा नाला की साफ-सफाई कराई गई।

दीवार लेखन के माध्यम से किया जागरूक

इधर जन अभियान परिषद ब्लॉक गुना अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में जल स्त्रोतों की साफ-सफाई दीवार लेखन का कार्य व प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत चयनित नवांकुर संस्था लक्ष्य शिक्षा एवं समाज कल्याण पर्यावरण समिति ब्लॉक बमोरी जन अभियान परिषद में नवांकुर के तहत कार्य करती है। इस समिति द्वारा ग्राम बमोरी खुर्द में आज तालाब गहरीकरण का कार्य किया गया। गहरीकरण के कार्य हेतु जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक मुकेश बंसल द्वारा बताया गया की जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नवांकुर संस्थाएं, प्रस्फुटन समितियां, छात्रों द्वारा दीवार लेखन, जल संरक्षण पर शपथ, रैली कुंआ बावड़ी नदी के साफ सफाई इत्यादि का कार्य किया जा रहा है। अभियान में बमोरीखुर्द, बेरखेडी, सिलावटीरामपुर, कॉलोनी, भौंरा, उकावदकला, भटोदिया, अंम्बैरामचक, मोडकी, मुरादपुर फतेहगढ, बाघेरी, अकोदा, सिमरोद, अमरोद, सनावनी, आदी ग्रामों में दीवार लेखन किया गया।

भदौरा में संगोष्ठी एवं श्रमदान कर की गई सहभागिता

इसी क्रम में ग्राम भदौरा के पीलिया झोरे नाले पर अभियान अंतर्गत श्रमदान किया। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक अमित गोयल द्वारा जल संगोष्ठी भी की गई। उन्होनें बताया कि प्रकृति को ठीक रखना हम सभी की सामाजिक नैतिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उज्जवल ग्राम विकास समिति भदौरा के हेमराज बैरागी, परामर्शदाता दीपक शर्मा, राजाराम धाकड़, ग्रामीणजन उपस्थित थे। वहीं अभियान में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्रामो के अंदर दीवार लेखन कर जन मानस को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत बमोरीखुर्द, बेरखेडी, सिलावटी रामपुर, कॉलोनी, भौंरा, उकावदकला, भटोदिया, मोडकी, मुरादपुर फतेहगढ, बाघेरी, अकोदा, सिमरोद, अमरोद, सनावनी आदि ग्रामों में दीवार लेखन का कार्य किया गया।

कोतवाली पुलिस ने जीवन मार्केट से पकड़े आधा दर्जन के करीब जुआरी

सत्ता सुधार ■ गुना

सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जीवन मार्केट में चल रहे जुए के फड पर दबिश देकर आधा दर्जन के करीब जुआरियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जीवन मार्केट में कुछ लोग लाईट के नीचे जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे राजीव साहू पुत्र चतुर्भुज साहू निवासी दुबे कालोनी, संजय शिवहरे पुत्र लक्ष्मण शिवहरे निवासी गोकुल सिंह का चक्क, राजकुमार उर्फ रंजीत कुशवाह पुत्र कमल सिंह कुशवाह निवासी अन्नू पंडित की बाडी जीवन मार्केट, सोनू गौर पुत्र रामेन्द्र सिंह गौर निवासी नयापुरा एवं जुगल शर्मा पुत्र रामस्वरूप शर्मा निवासी नयापुरा को पकड़ा। इनके पास से पुलिस ने कुल नगदी 3100 रुपये एवं ताश की गड्डी बरामद की। पुलिस ने जुआरियों पर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

भूराचक में मंदिर के पीछे चल रहा था जुआ

इसी तरह जिले की बमोरी पुलिस ग्राम भूराचक में दबिश देकर चार जुआरियों को दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति ग्राम भूराचक में मंदिर के पीछे लाईट की रोशनी में जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे अतुल पुत्र श्यामलाल लोधा,राजकुमार पुत्र मदनलाल ओड़, राजेन्द्र पुत्र मदनलाल ओड़ निवासीगण ग्राम भूराचक एवं अनिल पुत्र अशोक ओझा निवासी बमुरी बूर्जुग थाना कैंट पकड़ा। जिनके पास से पुलिस ने कुल 1220 रुपए नगदी एवं ताश की गड्डी बरामद की। पुलिस ने सभी जुआरियों पर 13 जुआ एक्ट में कार्रवाई की।

दुकान विहीन पंचायतों में स्व सहायता समूहों के आवेदन किए आंमत्रित

गुना। कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन में गुना जिले में वर्तमान में दुकानविहीन पंचायतों में नवीन दुकान खोलने हेतु प्रक्रिया निरंतर की जा रही है । इसी क्रम में वर्तमान में ऐसी पंचायतें जहां पर नवीन दुकान खोलने हेतु आवंटन स्व सहायता समूहों में आमंत्रित किया जाना है। उसमें गुना ग्रामीण पंचायत में करकीमहू, रैझाई, डुंगासरा एवं बमोरी पंचायत में खडगपुर है इस प्रकार कुल 04 पंचायतों में आवेदन आमंत्रित किये जाने है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया हैं कि आवेदन में स्थाई समूहों को प्राथमिकता दी जावेगी। स्थानीय हो तथा उसका कार्यक्षेत्र हो वह एक वर्ष पूर्व की पंजीकृत हो एवं ऑडिट रिपोर्ट एक वर्ष पूर्व की हो तथा आवेदनकर्ता म0प्र0 सार्वजनिक वितरण प्रणाली अनुसूची 02 के तहत उपभोक्त सोसाइटी, विपणन सोसायटी, उत्पाद सोसायटी,संसाधन सोसायटी, बहुप्रयोजन सोसायटी एवं महिला स्व सहायता समूह व संयुक्त वन प्रबंधक समिति शामिल समितियों में पंजीकृत हो। विज्ञप्ति के तहत आवेदन ऑनलाइन एम राशन मित्र पोर्टल पर किये जावेगे। आवेदन की तिथि 21 जून 2024 तक निर्धारित की गई है।

अतिक्रमण से परेशान युवक पेंढ भरते हुए जनसुनवाई में पहुंचा



सत्ता सुधार ■ गुना

लंबी चुनावी आचार संहिता के बाद शुरू हुई जनसुनवाई में मंगलवार को एक युवक अपनी मांग को लेकर पेंढ भरते हुए कलेक्टोरेट पहुंचा। अमूमन मन्नत पूरी होने पर इस तरह लोग मंदिरों में पहुंचते हैं। लेकिन अतिक्रमण से परेशान ये युवक अपनी समस्या को लेकर जनसुनवाई पहुंचा। सुनील सेन निवासी सैय्यद पुरा अपने घर के पास सार्वजनिक गली परअतिक्रमण से परेशान है। उसकी निजी भूमि पर भी अतिक्रमण करने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर को दिए शिकायती आवेदन में सुनील सेन ने बताया कि उसके घर की सार्वजनिक गली पर मेहराज और जुबेर खान ने अतिक्रमण कर लिया है। रोकने के प्रयास में मेरे और बच्चों के साथ मारपीट की गई। वहीं मेरे स्वामित्व की भूमि पर भी कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। मामले में अनुविभागीय अधिकारी से शिकायत की गई थी। लेकिन उनके आदेश का भी पालन नहीं किया जा रहा है। उसने आरोप लगाया कि बच्चों को आये दिन गालियां दी जाती है। घर के ऊपर पत्थर फेंके जाते हैं। सुनील नगरपालिका पर भी आरोप लगाए। आज नगरपालिका कार्यालय से ही कलेक्ट्रेट की यात्रा शुरू की इसे न्याय यात्रा नाम दिया गया। सुनील सेन अपने बच्चों और परिवार के लोगों के साथ पेंड़ भरते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय तक पहुंचा। उल्लेखनीय है कि पिछले काफी दिनों से उक्त मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। जिसमें दोनों पक्षों की ओर से क्रॉस रिपोर्ट कैंट थाने में दर्ज कराई गई थी। वहीं मामले में हिन्दूवादी संगठनों ने भी फरियादी के साथ कलेक्टोरेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा था। लेकिन उसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। जबकि इस बारे में एसडीएम रवि मालवीय ने बताया कि कुछ दिन पहले शिकायत प्राप्त हुई थी। नगरपालिका के अमले ने जांच की थी, जिसमे कुछ अतिक्रमण पाया गया था। उसकी रिपोर्ट मिल गई है, जिस पर कार्यवाई की जा रही है। शिकायतकर्ता को रिपोर्ट पर अगर आपत्ति है तो एक दल गठित कर फिर से जांच करा लेंगे और नियमानुसार जो भी कार्यवाई होगी, वह की जायेगी।

राघौगढ़ में उर्स के दौरान पैसे के लेनदेन को लेकर भिड़े कमेटी पदाधिकारी

गुना। जिले के राघौगढ़ थानांर्गत कस्बे में होने चाँद शाह बली दरगाह पर होने उर्स को लेकर कमेटी के पदाधिकारी आपस में भिड़ गए। इस दौरान उर्स के लिए पैसे के लेनदेन में चार लोगों ने एक अन्य कमेटी सदस्य के साथ मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सलमान खान पिता वहीद खान निवासी बरवटपुरा राघौगढ़ ने अपने साथी इमरान खान के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत रात वह चाँद शाह बली दरगाह पर उर्स के कार्यक्रम था। चूंकि वह उर्स कमेटी में सदस्य है।

इस दौरान सुबह 4 बजे की बात है रिहान खान, आदिल खान, आपताफ खान और अलफेज खान कार्यक्रम में आये और उससे बोले कि यहाँ कार्यक्रम करना है, तो हमें रूपये देने होंगे। जिस पर उसने कहा यहाँ तो हर साल कार्यक्रम होता है, कमेटी करवाती है और रूपये देने से मना कर दिया। इसी बात पर चारों ने उसके साथ गाली गलौंच कर कहा कि रूपये तो देने होंगे।

डाक विभाग द्वारा 1 दिन में पहुंचाया 1200 लोगों तक समूह दुर्घटना बीमा

सत्ता सुधार ■ गुना

भारतीय डाक विभाग गुना डाक संभाग ने संभाग के तीनों जिलों शिवपुरी, गुना एवं अशोकनगर में सामाजिक सुरक्षा के लिए विशेष अभियान चलाकर 1200 से अधिक नागरिकों को समूह दुर्घटना बीमा से जोड़ने का कार्य किया गया। इसके अलावा संभाग में विगत 10 दिनों में 3000 से अधिक नागरिकों को समूह दुर्घटना बीमा से जोड़ा गया है। इस संबंध में अधीक्षक डाकघर संभाग विनय श्रीवास्तव ने बताया कि दुर्घटना किसी के भी जीवन में अनिश्चित होती है। जिस कारण किसी भी व्यक्ति के जीवन में असामयिक आर्थिक बोझ के साथ साथ कभी जीवन ना रहने का खतरा भी बना रहता है। ऐसे में दुर्घटना बीमा वो भी मात्र 1 रुपए प्रति दिन की आसान प्रीमियम के साथ इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से डाक विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। उनके द्वारा बताया कि, केंद्र में नई सरकार के गठन के

उपरांत अंतोदय के स्वप्न को साकार करने के लिए लगे हुए डाक विभाग ने विशेष अभियान के तहत गुना डाक संभाग द्वारा गुना अशोकनगर शिवपुरी तीनो जिलों के लोगो के लिए इस हितकारी योजना के द्वारा 1200 से अधिक लोगो के जीवन को सुरक्षित किया गया है । अभियान में 15 तारीख तक अधिक से अधिक नागरिकों को समूह दुर्घटना बीमा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान में विशेष भूमिका निभाते हुए गौरव रघुवंशी उप संभागीय निरीक्षक द्वारा उनके उप संभाग में 1000 से अधिक बीमा करवाए। साथ ही गुना डाक संभाग की टीम के जीडीएस एंड यूजर अमित राठौर, रूपाली श्रीवास्तव, जयपाल यादव ने मात्र 10 दिनों में 50-100 लोगों को उनके घर घर जाकर बीमित किया।

ऑनलाईन ठगी के शिकार हुए गुना कलेक्टर के बेटे

सत्ता सुधार ■ गुना

जिला कलेक्टर सतेन्द्र सिंह के बेटे के साथ एसबीआई रिवार्ड पाईट रिडीम करने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए लिंक के माध्यम से दो लाख आठ हजार रुपए की ऑनलाईन ठगी का मामला सामने आया है। घटना करीबन सवा महीने पहले की है। जिसमें लंबी जांच और एसपी के पत्र के बाद कैंट थाने में मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक प्रेमांशु पुत्र सतेन्द्र सिंह निवासी कलेक्ट्रेट बंगला परशुराम चौक ने कैंट थाने में शिकायत दर्ज कराई कि एसबीआई रिवार्ड पाईट रिडीम करने के लिए एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा लिंक भेजी गई थी। जिसे असल मान कर उन्होंने ओपन करने पर एसबीआई बैंक के पेज जैसा हूबहू पेज ओपन हुआ। इस दौरान उन्होंने लिंक पर क्लिक करने के पश्चात एसबीआई बैंक की ओर से एक ओटीपी आ गई, जिसे उन्होंने संबंधित लिंक पर दर्ज कराया। जिससे मेरे एसबीआई बैंक एकाउंट नं. 30769410512 से 50,000 रूपए कट गए । तत्पश्चात मोबाईल नं. 9480579225 से एक कॉल आया जिस पर बात कर रहे व्यक्ति ने स्वयं को एसबीआई कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव बताया और फरियादी से कहा गया कि गलत ओटीपी एँटर करने की वजह से पाईट रीडम करने में समस्या आ रही हैं। फिर दो अन्य ओटीपी उनके मोबाईल पर भेजे गए। जिसे उन्होंने संबंधित लिंक पर एंटर किया और उनके एसबीआई बैंक एकाउंट से क्रमश रु 98,500 रुपए एव 60,000 की राशि निकासी हो गई। वहीं जांच में ट्रांजेक्सन संबंधी जानकारी लेने पर साईबर सेल को पता चला कि आरोपी द्वारा सिम नंबर 9480579225, 9487179083 का उपयोग किया गया था।

अधेड़ को अर्द्धनग्न कर मैं चोर हूं लिखी पट्टी बांधकर घूमने पर अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज

सत्ता सुधार ■ गुना

कृषि उपज मंडी में अनाज चोरी के इल्जाम में अधेड़ को अर्द्धनग्न कर माथे पर मैं चोर लिखी पट्टी लगाकर जुलूस निकलने के मामले में पुलिस कैंट पुलिस ने तीन-चार अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अकवर अली पिता महबूब सैयद अली उम्र 50 साल निवासी सरफा के पीछे नदी मोहल्ला हाल रेल्वे स्टेशन ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि वह इधर उधर मांग मूंग कर अपना जीवन यापन करता है। गत सुबह वह नानाखेड़ी मंडी में गया था। वहां पर किसानों द्वारा बेची गई फसल तौलते समय जो दाने जमीन गिर जाते है, उन्हें एकत्रित कर ले जा रहा था। तभी वहा पर तीन चार लोग आये जिनके वह नाम नहीं जानता। उन्होंने कहा कि चोरी कर रहा है। जिस पर उसने उन लोगों से कहा मैं चोरी नहीं कर रहा हूं। मैं तो जो जमीन पर पड़ा सोयबीन एकत्रित कर ले जा रहा था। इसी बात पर

उक्त लोगों ने उसके साथ गलौंच कर मारपीट कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। वहीं एक मोटे कागज पर मैं चोर हूँ मंडी में किसानो की अनाज चुराता है, लिख कर मेरे मथे पर बांधकर मुझे अर्धनग्न कर अपमानित करने के लिये नानाखेडी मंडी में घुमाया। फिलहाल मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात लोगों पर पुलिस ने धारा 294, 323, 355 34 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

आचार संहिता समाप्त होते ही शुरू हुई जनसुनवाई, 223 आवेदन पहुंचे

सत्ता सुधार ■ गुना

लोकसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित आदर्श आचार संहिता समाप्त होते ही जिला प्रशासन द्वारा मंगवलवार से जनसुनवाई प्रारंभ कर दी गयी है। जिसके तहत आज जिला कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन कर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा आवेदकों से व्यक्तश~ चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी एवं उनके समुचित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, जिला पंचायत/ जनपद पंचायत, नगरपालिका एवं अन्य विभागों से संबंधित लगभग 223 आवेदन प्राप्त हुए। जिनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। जनसुनवाई में जिपं सीईओ प्रथम कौशिक, एडीएम अखिलेश जैन सहित समस्त जिलाधिकारी उपस्थित थे।

सुरेंद्र अहिरवार को उपलब्ध कराई गयी 2 हजार रूपये की आर्थिक सहायता

इस दौरान कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा नवाचार के साथ जनसुनवाई को प्रारम्भ किया गया, जनसुनवाई में आये आमजनों को पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध कराई गयी। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारियों सहित विकास खंड स्तर के अमले को ऑनलाइन जोड़कर आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई कक्ष में उपस्थित श्री सिंह द्वारा आवेदकों को कुर्सियों पर बैठाकर व्यक्तश~ चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी एवं उनके समुचित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान मौके पर ही हड्डी मिल निवासी सुरेंद्र अहिरवार को रेडक्रास से ट्राई साइकिल की मरम्मत के लिए रुपये 2000 की आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी गई।

आबकारी एक्ट में फरार आरोपी दबोचा

गुना। शहर की कैंट पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट के एक प्रकरण में लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। प्रा।त जानकारी के अनुसार आरोपी सादिक उर्फ लाठी पुत्र मुन्ना खां निवासी गुलाबगंज कैंट गुना के विरूद्ध वर्ष 2017 में केंट थाने में अप.क्र. 433/17 धारा 34(1) आबकारी एक्ट की धारा के तहत अपराध दर्ज हुआ था। उक्त प्रकरण में आरोपी के न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार रहने पर न्यायालय गुना द्वारा न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 1017/17 में आरोपी सादिक खां की गिरफ्तारी हेतु स्थाई वारंट जारी किया गया था, जो तामीली हेतु केंट थाने पर प्राप्त हुआ था । केंट थाना पुलिस द्वारा वारंटी सादिक खां की निरंतर तलाश की गई। जिसकी तलाश के क्रम में मंगलवार को मुखबिर से मिली सूचना पर केंट थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है ।

आज दुनिया के ज्यादातर बड़े शहरों में प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है। स्थानीय प्रशासन सहित सरकारों को इसका स्तर कम करने के लिए उपाय खोजने पड़ रहे हैं। जाहिर है, इनके लिए विशेषज्ञों की जरूरत होगी और इसी जरूरत को पूरा करते हैं एन्वायर्नमेंटल साइंस एक्सपर्ट या एन्वायर्नमेंटल साइंटिस्ट। वर्तमान में यह एक ऐसी फील्ड है, जिसमें रोजगार की कोई कमी नहीं है तथा भविष्य में भी रोजगार के अवसर बढ़ने ही वाले हैं। एन्वायर्नमेंटल साइंस या एन्वायर्नमेंटल इंजीनियरिंग ऐसे युवाओं के लिए बेहतरीन करियर ऑप्शन है, जो न सिर्फ पर्यावरण की रक्षा करना चाहते हैं, बल्कि एक सुकून भरी 'ग्रीन लाइफस्टाइल' जीना चाहते हैं।

युवाओं के लिए बेहतरीन करियर ऑप्शन है एन्वायर्नमेंटल इंजीनियरिंग

क्या है एन्वायर्नमेंटल साइंस

एन्वायर्नमेंटल साइंस दरअसल एक ऐसा इंटरडिसिप्लिनरी सब्जेक्ट है, जो फिजिकल और बायोलॉजिकल साइंस को जोड़ता है। इसमें इकोलॉजी, फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी और अर्थ साइंस जैसे विषय शामिल हैं।

एलिजिबिलिटी

अगर आपने साइंस सब्जेक्ट के साथ इंटर पास किया है और इंजीनियरिंग व मेडिकल जैसी रेग्युलर फील्ड्स से कुछ अलग हटकर करना चाहते हैं, तो एन्वायर्नमेंटल साइंस आपके लिए श्रेष्ठ ऑप्शन है। यह विषय ग्रेजुएशन लेवल से पढ़ाया जाता है। अगर आपने फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी जैसे विषयों से इंटर पास किया है, तो आप एन्वायर्नमेंटल साइंस में बीएससी या एमएससी कर सकते हैं। वहीं फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स से इंटर पास करने वाले विद्यार्थी इसमें इंजीनियरिंग कोर्सेज जैसे-बीई, बीटेक, एमई और एमटेक कर सकते हैं।

करियर के अवसर

वैसे तो इस फील्ड में रोजगार की कोई कमी नहीं है, लेकिन चार मुख्य भूमिकाएं ज्यादा महत्वपूर्ण हैं : एन्वायर्नमेंटलिस्ट, एन्वायर्नमेंटल इंजीनियर, एन्वायर्नमेंटल सपोटर्स और एन्वायर्नमेंटल एजुकेटर्स। पर्यावरण से जुड़ी नौकरियां कई अलग-अलग क्षेत्रों में होती हैं। डालते हैं ऐसे ही क्षेत्रों पर एक नजर।

उद्योग : अनेक उद्योगों में एक एन्वायर्नमेंटल रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेक्शन होता है। यह विभाग इस बात पर नजर रखता है कि फैक्ट्री का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। इसमें कार्यरत एन्वायर्नमेंटल एक्सपर्ट्स का मुख्य काम है प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपाय तलाशना। फैक्ट्री से निकलने वाले कचरे व खतरनाक तत्वों का निपटान किस तरह किया जाए, यह देखना इन्हीं का काम है।

रिसर्च एंड डेवलपमेंट : जैसे-जैसे पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे इस क्षेत्र में शोध का स्कोप भी बढ़ता जा रहा है। विभिन्ना विश्वविद्यालयों तथा सरकारी विभागों में शोध के अवसर मौजूद हैं।

वन व वन्यजीव प्रबंधन : वन न केवल अनेक प्राकृतिक संसाधनों की आपूर्ति करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन कायम रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए वनों तथा वन्यजीवों का उचित प्रबंधन करना बेहद जरूरी हो जाता है। यह काम प्रशिक्षित प्रोफेशनल्स ही करते हैं।

सामाजिक विकास : कई गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) पर्यावरण रक्षा तथा इसके प्रति जागरूकता फैलाने का काम कर रहे हैं। वे पर्यावरण को प्रभावित करने वाली सरकारी नीतियों में परिवर्तन को लेकर भी मुहिम चलाते हैं। इनमें भी एन्वायर्नमेंटल एक्सपर्ट्स की जरूरत होती है।

एन्वायर्नमेंटलिस्ट : पर्यावरणविद या एन्वार्यनमेंटलिस्ट नदियों व वनों की सफाई, वनीकरण आदि जैसी गतिविियां चलाते हैं।

एन्वायर्नमेंटल जर्नलिज्म : पर्यावरण का मुद्दा इतना महत्वपूर्ण हो गया है कि इस विषय पर रिपोर्टिंग करने के लिए पत्र-पत्रिकाओं व टीवी चैनलों में इस विषय के जानकार लोग नियुक्त किए जा रहे हैं। इस प्रकार पर्यावरण के लिए काम करते हुए पत्रकारिता में भी अच्छा करियर बनाया जा सकता है।

कंसल्टेंट, लॉयर : कई स्वतंत्र एन्वायर्नमेंटल कंसल्टेंट केंद्र तथा राज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के साथ मिलकर काम करते हैं। ये पर्यावरण से जुड़े विषयों पर सलाह देते हैं। इसी प्रकार पर्यावरण कानूनों के विशेषज्ञ वकीलों की भी मांग बढ़ रही है।

हर बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनी सीएसआर यानी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत एन्वायर्नमेंटल इंजीनियर्स और एन्वायर्नमेंटल ग्रेजुएट्स को अच्छे पैकेज पर रिक्रूट करती हैं। यही नहीं, सरकारी नौकरी का ख्वाब देख रहे युवाओं के लिए भी यह फील्ड बहुत अच्छी है। प्राकृतिक संसाधनों से जुड़े विभागों, जैसे पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, वन एवं वन्यजीव संरक्षण, वैकल्पिक ऊर्जा आदि में आपको अच्छे पदों पर काम करने का मौका मिल सकता है।

सैलरी पैकेज

आम तौर पर एक एन्वायर्नमेंटल ग्रेजुएट की मासिक सैलरी 20,000-30,000 रुपए से शुरू होती है, जबकि पोस्ट ग्रेजुएट्स की स्टार्टिंग सैलरी 35,000 रुपए है। आपकी क्वॉलिफिकेशन के हिसाब से आपका सैलरी पैकेज भी बढ़ता रहता है।

वेडिंग प्लानर बनकर करियर को दें शानदार मुकाम

चुनौतियां अनेक

वेडिंग प्लानर का कार्य शादी के समारोह में तमाम तैयारियों को सही समय पर बेहतर तरीके से संचालित करना होता है। वेडिंग प्लानर को रस्मों से लेकर हर छोटे-छोटे प्रबंध करने पड़ते हैं। यह एक चुनौती भरा करियर है। अगर आप वेडिंग प्लानर बनना चाहते हैं, तो सबसे पहली जरूरी बात यह है कि आपको जिम्मेदार होना चाहिए। साथ ही इस क्षेत्र में आपकी रुचि होना भी जरूरी है। यदि आपके भीतर निर्णय लेने की क्षमता, रचनात्मकता, प्रबंधन का गुण, मिलनसार स्वभाव, लोगों से बातचीत का अच्छा ढंग, टीम के साथ कार्य करने की क्षमता, किसी विपरीत स्थिति से निपटने का साहस और लास्ट मिनिट चेंजेस के लिए तैयार रहने जैसे गुण हैं, तो इस क्षेत्र में आप सफल हो सकते हैं।

टाइम मैनेजमेंट महत्वपूर्ण

हर काम समय से करना अगर आपकी आदत है, तो इसका फायदा आपको अपने इस काम में भी बहुत होगा। किसी शादी की व्यवस्थाएं संभालते हुए आपको समय प्रबंधन का खास खयाल रखना होता है। शादी में आए हर मेहमान की चाहत होती है कि उसे सारी सुविधाएं समय पर प्राप्त हों। समय का सही प्रबंधन आपको अपने क्लाइंट की हर मांग को पूरा करने में मदद करता है। अपनी टीम पर नियंत्रण और टीम से काम कराने का गुण भी आपके भीतर होना चाहिए। एक अच्छे वेडिंग प्लानर को बिना बताए ही हर आम और खास मेहमान की जरूरत का पता होना चाहिए।

शैक्षणिक योग्यता

वेडिंग प्लानर के रूप में करियर बनाने के लिए आप इवेंट मैनेजमेंट से जुड़े कोर्स कर सकते हैं। यदि आप किसी भी स्ट्रीम से 12वीं की परीक्षा पास कर चुके हैं, तो इवेंटै नेजमेंट के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। यदि आप पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेना चाहते हैं, तो आपको किसी भी स्ट्रीम में बैचलर्स डिग्री प्राप्त करनी होगी। शैक्षणिक तौर पर सक्षम होने के बाद आप किसी भी अच्छी इवेंट कंपनी से जुड़कर अपने करियर की शुरूआत कर सकते हैं।

संभावनाएं हैं अपार

भारत में शादी का समारोह किसी भव्य इवेंट से कम नहीं होता है। शादी के समारोह पर खूब पैसे खर्च किए जाते हैं। फिलहाल भारत में इस उद्योग को शुरूआत अवस्था में ही माना जा सकता है लेकिन इस क्षेत्र में मांग और संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसका बढ़ता दायरा युवाओं के लिए करियर की दृष्टि से भी अनेक द्वार खोल रहा है। एक बार बाजार में आपकी साख जम जाए, तो इस क्षेत्र में आपको आगे बढ़ने में कोई बाधा नहीं होगी। चूंकि यह क्षेत्र उद्यमिता से जुड़ा हुआ है, इसलिए आय भी प्रॉफिट के हिसाब से ही होती है। समय की कमी के कारण अब उच्च वर्ग ही नहीं, मध्यम वर्ग के लोग भी अपने घर के कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से कराने के लिए अपनी सुविधा के अनुसार वेडिंग प्लानर या इवेंट मैनेजमेंट कंपनी की सेवाएं ले रहे हैं। ऐसे में इस फील्ड में भविष्य को उज्जवल कहा जा सकता है।

सौरभ को अपने घर के इवेंट्स को ऑर्गेनाइज करना बेहद पसंद है और वह अपने मिलनसार स्वभाव के चलते लोगों के साथ बहुत जल्दी घुल-मिल जाता है। अपने स्वभाव और रुचि को सौरभ ने अपने करियर से जोड़ा और उसने वेडिंग प्लानर बनने का फैसला किया। अगर आपकी सोच भी इनोवेटिव और क्रिएटिव है, आप दूसरों की मांग को समझते हैं, बाजार के नवीनतम ट्रेंड्स के बारे में आपको सारी जानकारी रहती है और आपके पास अच्छे संपर्क भी हैं, तो आप वेडिंग प्लानर बनकर अपने करियर को एक शानदार मुकाम दे सकते हैं। यह एक नया, उभरता हुआ क्षेत्र है और इस फील्ड की खासियत यह है कि इसमें कभी भी मंदी नहीं आ सकती क्योंकि भारत में शादियां तो हमेशा धूम-धड़ाके वाली ही होती रहेंगीं!

क्या करें जब जॉब हंटिंग के बारे में बॉस को लग जाए खबर

अपने करियर में आपको एक अजीबोगरीब स्थिति का सामना करना पड़ सकता है जब आप नए जॉब की तलाश कर रहे हों और इसकी खबर आपके बताने से पहले आपके वर्तमान बॉस को लग जाए। यानी आपको बंद केबिन में बॉस के इस सवाल का सामना करना पड़ेगा, 'तो, मैंने सुना है कि तुम नई जॉब ढूंढ रहे हों, क्या यह सच है'

हो सकता है कि आपके किसी कलिग ने यह बात उन्हें बता दी हो या फिर आपका इंटरव्यूअर आपके बॉस को पहचानता हो। यह भी हो सकता है कि आप अपना रेज्यूमे ऑफिस प्रिंटर पर छोड़ आए हों। किसी भी केस में आपके बॉस को तो खबर लग गई कि आपके पिछले 'फैमिली फंक्शन' वास्तव में आपके इंटरव्यूज थे।

ईमानदार रहें

अगर आपके साथ कभी ऐसी सचिुएशन आए तो आपको ये चीजें करना चाहिए : झूठ न बोलें। आप कलिग्स के साथ इन सवालों को हंसी में टाल सकते हैं लेकिन अगर आपका सामना सीधे बॉस से हो जाए तो इस तरह की बातें कभी न कहें कि 'आप किस बारे में बात कर रहे हैं मैंने तो कंपनी छोड़ने का कभी सोचा भी नहीं।' सच तो यह है कि आप कंपनी छोड़ने की तैयारी में हैं और शायद आप जल्द ही छोड़ भी देंगे। और आपको अपने बॉस का रेफरेंस अभी भी चाहिए।

कारण यूं बताएं

जरूरी नहीं कि आप पूरा सच बताएं। आप इस तरह की बात भी बॉस को शायद ही गले उतरे कि 'हां, मैं पिछले छह महीने से तलाश कर रहा हूं और जब मैं यहां से जाऊंगा तो एक पार्टी दूंगा।' अगर आप साधारण स्टेटमेंट दे सकते हैं 'ईमानदारी से कहूं, तो मैं कुछ समय से तलाश कर रहा हूं।' अब जब आपने यह बड़ा खुलासा कर ही दिया है तो बात आगे बढ़ेगी ही। आपको कारण भी बताना पड़ेगा। जो सच हो अगर आप वह कह देंगे तो कोई परेशानी नहीं है जैसे 'मैं दूसरे शहर शिफ्ट हो रहा हूं', 'मैं अपनी जॉब सिक्योरिटी को लेकर चिंतित हूं', 'मैं अपने करियर को और आगे बढ़ाना चाहता हूं', या ' मेरे पास एक अच्छा अवसर सामने आया था।'

संवाद यूं खत्म करें

बॉस और आपके बीच यह संवाद अच्छा रहा हो लेकिन यह है तो एक अजीब स्थिति। इसलिए इस संवाद को खत्म भी उस तरीके से करना होगा कि आपके इस खुलासे से आपकी इमेज न बिगड़े। आपको इस समय आप यह कर सकते हैं कि आप अपने बॉस को इस ओपन कंवर्जेशन के लिए धन्यवाद दें और उन्हें विश्वास दिलाएं कि आप इस कंपनी में अपनी भूमिका के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और अपना काम बेहतर तरीके से ही करेंगे। सबसे महत्वपूर्ण है इसे साबित करना। जल्दी आएं या देर तक रूकें। अपने काम की क्वॉलिटी बनाकर रखें।

इन तरीकों से करें ऑफिस में दिन की बेहतर शुरुआत

ऑफिस में पहला दस मिनट आपके दिन को डिसाइड कर देता है। इसलिए अगर आप अगले आठ घंटे अच्छा परफॉर्म करना चाहते हैं तो कुछ चीजों को नजरअंदाज करना जरूरी होता है। कुछ ऐसी गलतियां हैं जो कि आपके दिन का पूरा शेड्यूल खराब हो सकता है। जानिए किन तरीकों से आप अपना दिन बेहतर बना सकते हैं :

एक सर्वे के मुताबिक जो एम्प्लॉइज नियमित रूप से ऑफिस लेट आते हैं, अपने बॉस को प्रभावित करने में असफल रहते हैं। अब भले ही वह कितना भी अच्छा काम क्यों न कर लें। यह बात सुनिश्चित कीजिए कि आप उनमें से एक नहीं हैं। वरना अपके बगल में बैठा आपका कलिग, भले ही वह खराब परफॉर्म क्यों न करें, अगले अप्रेजल में बेहतर हाइक पाएगा। अपने दिन की शुरुआत अपनी टीम के साथ स्माइल शेयर करते हुए 'हाय' से करें। कलिग्स के साथ अच्छी बॉन्डिंग आपका दिन बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अगर आप अपने कलिग्स को नजरअंदाज करेंगे तो वह भी आपको नजरअंदाज करने में पीछे नहीं रहेंगे।

एक सर्वे के मुताबिक सुबह 930 बजे कॉफी पीना आपके स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है। स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल सुबह 8 से 9 बजे के बीच ज्यादा सक्रिय होता है। इसलिए अपने काम पर लगने से पहले कॉफी का एक कप आपके लिए अच्छा नहीं हैं। काम के दौरान नींद महसूस करना सुबह की कॉफी का ही परिणाम है। इसलिए कॉफी की बजाए आप चाय लें।

कई लोगों में यह एक और बुरी आदत होती है। सुबह सबसे पहले लोग मेल्स के रिप्लाई में लग जाते हैं। किसी मेल का रिप्लाई करना बहुत जरूरी हो तो ठीक है लेकिन जिन मेल्स को बहुत ज्यादा अटैंशन उस समय देने की जरूरत नहीं है, उसके लिए अगर आप समय देना अवॉइड करें। अपने काम की प्राथमिकता तय कीजिए।

दिन की शुरुआत में, एनर्जी लेवल चरम पर होता है। इसे अच्छे से चैनलाइज करें। सुबह मल्टीटास्किंग के चक्कर में न फंसे।

ऑफिस आने से पहले, एक शेड्यूल बनाएं। एक बार आपको पता चल जाएगा कि आपको क्या करना है तो आप उसके अनुसार जल्दी और आसानी से काम कर पाएंगे।

कई ऑफिस में दिन की शुरुआत में ही सुबह मीटिंग रहती है लेकिन यह टीम पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। आपके ऑफिस शुरू के कम से कम एक घंटे बाद मीटिंग होनी चाहिए। मीटिंग कई सारे प्रेशर लेकर आती है और एम्प्लॉइज के बीच चिंता बढ़ाती है।

अभिनय के बाद अपनी सुरीली आवाज के लिए तारीफ बटोर रहीं अदा शर्मा

अदा शर्मा ने अपने अभिनय से दर्शकों के बीच खास पहचान बनाई है। 1920 से डेब्यू करे के बाद कमांडो 2, कमांडो 3 और सेल्फी जैसी फिल्मों में काम किया। इसके बाद 2023 में फिल्म द केरल स्टोरी ने उन्हें घर-घर में मशहूर कर दिया। इस फिल्म में वह शालिनी उन्नीकृष्णन की भूमिका में दिखीं। उनके अभिनय से तो सभी वाकिफ हैं, लेकिन इस वक्त सोशल मीडिया पर अदा की गायिकी की तारीफ हो रही है।

भक्ति विभोर होकर गाया भजन

अदा शर्मा हाल ही में मुंबई में नए अपार्टमेंट में शिफ्ट हुई हैं। यह वही अपार्टमेंट है, जहां दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत रहा करते थे। अभिनेता का निधन इसी घर में हुआ। इसके बाद इस घर को लेकर तमाम अफवाहें फैलीं। काफी वक्त तक इस घर को किराएदार नहीं मिले। मगर, अदा शर्मा ने इस घर में शिफ्ट होने का फैसला लिया। अभिनेत्री यहां रह रही हैं और उन्हें यहां काफी सकारात्मक ऊर्जा महसूस हो रही है। इस घर से अदा का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे राम भजन गाती दिख रही हैं।

यूजर्स दे रहे अदा को दुआ

अदा शर्मा अपने घर के मंदिर के सामने बैठी नजर आ रही हैं। वह भक्ति विभोर होकर सुरीली आवाज में राम भजन गा रही हैं। सफेद रंग के परिधान में अदा की सादगी भी दर्शकों को प्रभावित कर रही है। यह वीडियो विरल भियानी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा की है। इस पर यूजर्स अदा की जमकर तारीफ कर रहे हैं। साथ ही उन्हें दुआएं दे रहे हैं कि यह घर उनके लिए सुख-समृद्धि और सौभाग्य लेकर आए।

घर में शिफ्ट होने से पहले कराए ये बदलाव इस घर में शिफ्ट होने के बाद अदा शर्मा ने एक बातचीत के दौरान कहा था कि उन्हें यहां काफी सकारात्मक ऊर्जा महसूस होती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस घर में शिफ्ट होने के बाद अदा ने इस घर में कुछ बदलाव भी कराए। अदा ने पूरे घर में व्हाइट रंग कराया है। घर में काफी कम फर्नीचर रखा है। रिपोर्ट्स के अनुसार अदा ने मंदिर का निर्माण घर के नीचे के हिस्से में कराया है। अदा को डांस एंड म्यूजिक का शौक है, उन्होंने इसका भी ख्याल रखा है। ऊपर के फ्लोर्स पर म्यूजिक एंड डांस स्टूडियो बनवाया है। छत पर खूबसूरत सुंदर टेरेस गार्डन है।

ऐसा नहीं होना चाहिए कि हीरो हो तो सिर्फ ऋतिक रोशन जैसा

ऐक्टिंग की दुनिया में पैर जमाने के लिए उल्का गुप्ता ने महज सात साल की उम्र से ऑडिशन देने शुरू कर दिए थे। हालांकि, सफलता पाने में कई बार उनका सांवला रंग भी रिजेक्शन की वजह बना, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। यही वजह है कि इंडस्ट्री में अपनी पहचान पुख्ता करने के बाद उल्का ने फेयरनेस क्रीम का ऐड करने से मना कर दिया था। वह कहती हैं, 'फेयरनेस क्रीम बनाने वाली कंपनियां हमारी असुरक्षा से खेलती हैं। श्रेष्ठता के पैमाने को शरीर के रंग की बजाए इंसान की काबिलियत, विचार और उसके योगदान से तौलना चाहिए।'

चमड़ी के रंग को गाली की तरह बना दिया है

ये जो फेयरनेस क्रीम बनाने वाली कंपनियां हैं, वो हमारी असुरक्षा के साथ खेलती हैं। मेरे बचपन को बाकायदा इन्होंने बर्बाद किया है। अगर पाउडर या क्रीम इसलिए थोपनी पड़े कि शायद आज आपको कोई नहीं चिढ़ाएगा या मैं अच्छा दिखूंगी/दिखूंगा तो इसका मतलब है कि इसने किसी के दिल को कितनी ठेस पहुंचाई होगी। ऐसी कंपनियों ने चमड़ी के रंग को गाली की तरह बना दिया है। मैं उनका सपोर्ट नहीं करना चाहती। फिर चाहे वे जितना भी पैसा दे दें।

हीरो सिर्फ रितिक रोशन नहीं, नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी जैसा भी हो सकता है

हमारे अंदर और नई जनरेशन में रंगभेद का जो अंतर बनाया जा रहा, उसे शिक्षा के जरिए खत्म किया जाना चाहिए। बच्चों को आध्यात्मिक शिक्षा भी दी जानी चाहिए, ताकि वे समझें कि रंग-रूप सिर्फ बाह्य आवरण हैं। उन्हें समझाया जाना चाहिए कि हमारे देश में अलग-अलग जलवायु वाले क्षेत्र हैं। यहां कोई गोरा होता है तो कोई सांवला। ऐसा नहीं होना चाहिए कि हीरो हो तो सिर्फ रितिक रोशन (एक प्रतीक के रूप में) जैसा। विकी कौशल, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, मनोज तिवारी, मनोज बाजपेयी जैसा भी हो सकता है। हॉलिवुड में एक वक्त था, जब डेंजल वॉशिंगटन अकेले ब्लैक ओरिजन से आने वाले हीरो थे। फिर धीरे-धीरे विल स्मिथ सहित कई और भी बड़े कलाकार आते गए। श्रेष्ठता इंसान के भीतर है, बाहर के रंग-रूप में नहीं।

हर हिस्टॉरिकल शोज मुझे ही ऑफर होने लगे थे

'झांसी की रानी' के बाद हर हिस्टॉरिकल शोज मुझे ही ऑफर होने लगे थे। अगर मुझे हर हिस्टॉरिकल किरदार मिल जाएगा तो कैसे चलेगा। मैंने और पापा ने सोचा अगर रजिया सुल्तान, अहिल्याबाई, झलकारी बाई, रजिया भी मैं बन जाऊंगी तो 'झांसी की रानी' कौन है फिर? इसलिए मैंने उन्हें ना करने का फैसला लिया। अगर झांसी की रानी के रूप में मैं दर्शकों के जेहन में छप गई हूं तो यह अच्छी बात है। स्पाइडरमैन ही सुपरमैन बनेगा और सुपरमैन ही अगर बैटमैन बनेगा तो कैसे चलेगा। सबकी तासीर अलग है, तभी तो आप किसी एक किरदार के लिए अमर हो पाएंगे।

हर कोई पूछता है कि मां का किरदार करने का फैसला जल्दबाज़ी का तो नहीं

हर इंसान मुझसे पूछता है कि 'मैं हूं साथ तेरे' में मां का किरदार करके आप स्टीरियोटाइप तो नहीं हो जाएंगी। बस, यह हमारे देश में ही होता है। लोग कहते हैं कि यह फैसला जल्दबाजी वाला तो नहीं है। स्मिता पाटिल ने एक वृद्ध नारी का किरदार निभाया था। उन्होंने जब जवानी में ऐसे किरदार से परहेज नहीं किया तो मैं क्यों सोचूं। मेरी आइडल जूलिया रॉबर्ट्स, मेरेल स्ट्रीम हैं। इनकी सोच में कभी ऐसी चीजें नहीं आती हैं। वो हर किरदार को अलग तरह से देखती हैं।

जॉन अब्राहम और अल्लू अर्जुन की बॉक्स ऑफिस पर होगी भिड़ंत, 15 अगस्त को रिलीज होंगी वेदा और पुष्पा 2

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 का फैंस काफी समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फैंस का कहना है कि यह फिल्म जब थिएटर में आएगी, तो धमाल मचा देगी। लेकिन इस फिल्म की टक्कर जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा के साथ होने वाली है। दोनों ही फिल्में 15 अगस्त को रिलीज हो रही हैं। यानी इस साल का पहला बड़ा क्लैश 15 अगस्त को देखने को मिला, जब जॉन अब्राहम और अल्लू अर्जुन आमने-सामने होंगे। जॉन अब्राहम ने अपनी फिल्म वेदा की रिलीज डेट अनाउंस करते हुए लिखा, इस स्वतंत्रता दिवस, वो आ रहे हैं...इंसाफ की जंग लड़ने। वेदा 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

पैन इंडिया रिलीज होगी पुष्पा 2

वेदा को निखिल आडवाणी ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में तमन्ना भाटिया और शरवरी वाघ हैं। वहीं पुष्पा- द रूल को सुकुमार ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में अल्लू अर्जुन के अलावा रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल समेत कई और कलाकार हैं। इसे हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगू, कनन्ड़ और मलयालम भाषाओं में भी रिलीज की जाएगी।

क्या 15 अगस्त को रिलीज होगी सिंघम अगेन?

वहीं, ऐसी खबरें थीं कि रोहित शेट्टी भी अपनी फिल्म सिंघम अगेन को 15 अगस्त के मौके पर रिलीज करने की प्लानिंग कर रहे हैं। हालांकि, अभी मेकर्स की तरफ से रिलीज डेट को लेकर कोई अपडेट नहीं आया है। बस रोहित शेट्टी ने इतना ही कहा था कि फिल्म जल्द रिलीज होगी। अगर सिंघम अगेन भी उसी दिन रिलीज हुई, तो फिर यह इस साल का सबसे बड़ा बॉक्स ऑफिस क्लैश माना जाएगा।

उत्तराखंड में वेकेशन एन्जॉय कर रहीं गौहर खान

टीवी और फिल्मों की फेमस एक्ट्रेस गौहर खान इन दिनों उत्तराखंड की सुंदर वादियों में वेकेशन एन्जॉय कर रही हैं। उन्होंने मसूरी से एक वीडियो शेयर की, जो अब इंटरनेट पर वायरल हो रही है। गौहर खान ने शनिवार को उत्तराखंड के मसूरी में अपनी छुट्टियों की झलक साझा की, जिसमें उन्होंने पहाड़ों के प्रति अपने प्यार को व्यक्त करते हुए सूर्यास्त का आनंद लिया। गौहर ने इंस्टाग्राम पर एक रील वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वह हाफ स्लीव व्हाइट टी-शर्ट और ब्लू डेनिम पहने नजर आ रही हैं। उन्होंने नो मेकअप लुक को खुले बालों के साथ पूरा किया।

वीडियो में उनके बैकग्राउंड में सनसेट का व्यू दिख रहा है। उन्होंने इस रील को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, मुझे पहाड़ों से बेहद प्यार है। मसूरी को ऐसा मैंने पहले कभी नहीं देखा। ब्यूटीफुल सनसेट। कुछ दिन पहले, गौहर अपने पति जैद दरबार और बेट जेहान के साथ अफ्रीका के तंजानिया घूमने गई थीं। इस दौरान उन्होंने वहां से कई तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए। एक वीडियो में एक्ट्रेस किलिमंजारो के सिहा जिले के लॉज में एंट्री करती नजर आ रही हैं। इस दौरान वहां के कुछ स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया।

कार्तिक आर्यन ने की तृप्ति डिमरी की तारीफ

कार्तिक आर्यन की आगामी फिल्म चंदू चैंपियन 14 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। कार्तिक आर्यन के प्रशंसक उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'चंदू चैंपियन' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, अभिनेता अपने कई आगामी परियोजनाओं को लेकर काफी व्यस्त चल रहे हैं। कार्तिक 'भूल भुलैया 3' और अनुराग बसु की प्रेम कहानी पर आधारित परियोजना पर तृप्ति डिमरी के साथ भी काम कर रहे हैं। अभिनेता ने एक साक्षात्कार में तृप्ति के साथ अपने काम करने के अनुभवों को साझा करते हुए खुलकर बात की। साक्षात्कार के दौरान तृप्ति के साथ अपने काम के अनुभवों को साझा करते हुए अभिनेता ने कहा, 'मैं भूल भुलैया 3 की शूटिंग कर रहा हूं, जिसमें तृप्ति भी हैं। उनके साथ काम करना एक शानदार अनुभव है। मैं बहुत खुश हूं कि वह इसका हिस्सा हैं। वह बहुत आत्मविश्वासी हैं, जो कि बहुत ही बढ़िया है।' कार्तिक ने आगे कहा कि जब आप तृप्ति जैसे कलाकार के साथ काम करते हैं तो इससे आपको मदद मिलती है। उन्होंने कहा, 'इससे सीन और मुझे भी कुछ पलों को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। उनके साथ काम करना बहुत बढ़िया है।'

टीवी सितारों को छोटा समझते हैं बॉलीवुड सितारे?

आज हम आपको टीवी जगत की उन चर्चित अदाकाराओं के बारे में बता रहे हैं, जो टीवी सितारों के साथ बॉलीवुड में होने वाले भेदभाव पर कई बार बात कर चुकी हैं। निया शर्मा ने इस बारे में कई बार बात की है, उन्होंने कहा था बॉलीवुड में टीवी एक्टर्स को कुछ नहीं मानते, वे जहां जाते हैं यही सुनने को मिलता है कि तुम तो टीवी से हो। टीवी से बॉलीवुड पहुंची राधिका मदान ने कहा था बॉलीवुड में ये कहा जाता है कि अरे टीवी में तो इनसे 48 से 50 घंटे लगातार काम कराया जाता था, यहां भी कर लेंगे।

हिना खान भी बॉलीवुड में भेदभाव झेल चुकी हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि फिल्म इंडस्ट्री में हमेशा से ही एक क्लास सिस्टम है। हिना के मुताबिक, बड़े डिजाइनर्स हों या प्रोडक्शन बैनर्स, मुझे हर जगह टीवी से होने के लिए जज किया गया, हमें मौका तक नहीं मिलता, नीचा दिखाया जाता है कि ओह ये तो टीवी से है।

रुपाली गांगुली भी इस मसले पर बोल चुकी हैं, हालांकि उन्होंने यह भी साफ किया कि, मुझे असली इज्जत टीवी से ही मिली है और मैं जो भी आज हूं वो सिर्फ टीवी की वजह से ही हूं।

गोविंदा ने लॉन्च किया खुद का ओटीटी एप

गोविंदा अपनी दमदार अदाकारी, शानदार डांस और जबर्दस्त कॉमिक टाइमिंग के लिए मशहूर हैं। 90 के दशक में उन्होंने कई सुपरहिट फिल्मों से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। बड़े पर्दे पर नाम कमाने के बाद अब उन्होंने डिजिटल क्षेत्र में अपने कदम रख दिए हैं। हाल ही में अभिनेता ने खुद का ओटीटी एप फिल्मी लड्डू लॉन्च किया है। गोविंदा का यह फैसला उनकी उद्यमशीलता के साथ फैंस के साथ उनके जुड़ने के आकर्षक तरीके को भी दर्शाता है। जानकारी के अनुसार इस ओटीटी प्लेटफॉर्म से दर्शकों की विविध मनोरंजन आवश्यकताओं को पूरा करने की कोशिश की जाएगी। फिल्मी लड्डू में लोगों को फिल्मों से लेकर वेब सीरीज, एक्सक्लूसिव इंटरव्यू, पर्दे के पीछे की फुटेज और बहुत कुछ देखने को मिलेगा। इस ओटीटी लॉन्च के साथ गोविंदा की साल 2017 में आई फिल्म आ गया हीरो की स्ट्रीमिंग भी शुरू कर दी गई है। इस फिल्म में अभिनेता ने लंबे समय बाद पर्दे पर वापसी की थी। इस एप पर गोविंदा की क्लासिक फिल्मों के साथ नई और आकर्षक कहानी भी लोगों को देखने को मिलेंगी। गूगल प्ले और एपल स्टोर पर यह एप उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर दर्शक 149 रुपये की मासिक फीस पर मनोरंजन का लुत्फ उठा सकेंगे।

ढावा, लॉज, होटलों में मदिरा के विक्रय को करें पूर्णतः प्रतिबंधित : कलेक्टर

संक्रामक रोगों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग रहे सजग, सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता से करें निराकरण

सत्ता सुधार ■ शहडोल

कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बारिस के कारण होने वाले विभिन्न संक्रामक रोगों से बचाव हेतु अभी से तैयार रहे। उन्होनें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि वे संक्रामक रोगों से बचाव हेतु मेडिकल टीम तैयार कर लें। उन्होनें निर्देश दिए कि समस्त ब्लाक मेडिकल आफिसर संक्रामक रोगों से बचाव हेतु नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य विभाग के अमले सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एवं आशा कार्यकर्ता को संक्रामक रोगों से बचाव हेतु प्राथमिक तौर पर क्या किया जा सकता है, इस पर अच्छे से ट्रेनिंग देना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी तथा बीएमओं को निर्देश दिए कि जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टर, नर्स समय पर उपस्थित रहें एंव पर्याप्त मात्रा मे दवाईयां उपलब्ध हों इसकी भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री तरूण भटनागर आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संक्रामक रोगों से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग का प्रशिक्षण, एवं जिले की समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में उपचार हेतु समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर जानकारी देना सुनिश्चित करें।

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिस के कारण पानी की सुद्धता में आई कमी से होने वाली बीमारियों से भी बचाव के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि अशुद्ध पानी पीने की वजह से बीमारी न हो इसे लिए पानी की सतत रूप से जांच करना आवश्यक है। कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने निर्देश दिए कि जिले मे पानी की शुद्धता की जांच सतत रूप से करना सुश्चित करें, एवं पानी को पीने योग्य बनाने हेतु कार्यवाही करें। उन्होनें समस्त बीएमओं को निर्देश दिए कि वे अशुद्ध पानी एवं बरसात के वजह से होने वाले संक्रामक रोगों से बचाव हेतु टीम तैयार करें एवं सूचना मिलने पर मरीज को तत्काल उपचार मुहैया कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अधिकारी, कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्रों में जा कर लोगों को इस बात की समझाईस दे कि ऐसी जल संरचनाएं जिसमें गोबर, खाद, एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थो का ढेर लगा हो उस पानी का उपयोग पीने के लिए न करें इससे बीमारी हो सकती है। उन्होने निर्देश दिए कि ग्रामीणों को अशुद्ध पानी की वजह से होनी वाली बीमारियो एवं शुद्ध पानी के लाभ के बारे में भी बताएं।

सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा: बैठक में कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने सीएम हेल्पलाइन की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निराकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ताओं से बात करें एवं संतुष्टि पूर्वक शिकायत बंद कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत अनअटेन्डेन्ट न हो यह भी जिला अधिकारी सुनिश्चित करें। इसी प्रकार कलेक्टर ने ऊर्जा विभाग, खाद्य विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, जल संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, वित्त विभाग, श्रम विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की एवं शिकायतों का समय-सीमा एंव संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

फायर सेफ्टी हेतु विशेष निर्देश: कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने समस्त नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के समस्त निजी एवं शासकीय अस्पतालों, कार्यालयों एवं बड़ी संस्थाओं में फायर सेफ्टी हेतु करें निरीक्षण करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अस्पतालों, कार्यालयों एवं बड़ी संस्थाओं में किसी भी प्रकार की कोई ऐसी वस्तु जिससे आग लगने की संभावना हो उसे तत्काल वहां से हटाएं, तथा उपयोग हो रहे बिजली के तार एवं बिजली बोर्ड जो की खराब स्थिति में हैं जिनसे सार्ट सर्किट होने की संभावनाएं है ऐसे तार एवं बिजली बोर्ड को तत्काल बदलवाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पतालों, कार्यालयों एवं बड़ी संस्थाओं में रखे हुए अग्निशमन यंत्र चालू स्थिति में हैं कि नहीं उनको री-चेक करें एवं चालू न होने पर उनको ठीक कराएं एवं समय- समय पर मेन्टीनेन्श कराते रहें। उन्होने निर्देश दिए कि प्रत्येक संस्थाओं में अगिनशमन यंत्र को चलाने हेतु एक व्यक्ति को नियुक्त करें एवं उसे समय-समय पर प्रशिक्षण भी दिलाना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने की आबकारी विभाग की समीक्षा: कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने आबकारी विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर के ढावा, लाज एवं होटलों में मदिरा विक्रय का कार्य तेजी से हो रहा है, इस पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाएं। उन्होने आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में जहां पर भी बिना लायसेंस के मदिरा का विक्रय किया जा रहा है उस पर रोक लगा कर प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होने निर्देश दिए कि जिले में जितनी लायसेन्स युक्त मदिरा दुकाने हैं वे अपने निर्धारित नियत समय से ज्यादा न खुले यह सुनिश्चित करें तथा नियत समय से अधिक समय तक खुलने वाली मदिरा दुकानों पर प्रभाावी कार्यवाही कर जानकारी प्रेषित करें।

कलेक्टर ने दिए समाजिक न्याय विभाग को विशेष निर्देश: कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले में सभी प्रकार के पेशनधारियों को समय पर पेन्शन प्राप्त हो इस बात का विशेष ध्यान रखें। उन्होने कहा कि जिन पेशनधारियों को किसी कारण वस पेन्शन भुगतान नहीं हो रहा है इसकी जांच करें और सुधार कर समय पर पेन्शन का भुगतान कराना सुनिश्चि करें।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह, श्री नरेन्द्र सिंह धुर्वे, श्रीमती ज्योति परस्ते, डिप्टी कलेक्टर श्री भागीरथी लहरे सहित अन्य विभाग अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने की पीएम जन मन एवं पीएम किसान की समीक्षा

कलेक्टर श्री तरुण भटनागर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएम जनमन के तहत आयुष्मान आधार एवं जाति प्रमाण पत्र आवेदन लंबित न रहे। उन्होंने समस्त एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देश दिए की पीएम जन मन के तहत आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र को समय सीमा में बनाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री तरुण भटनागर ने पीएम किसान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की किसानों के ई- केवाईसी का कार्य लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि किसानों के बैंक खातों के ई-केवाईसी करने हेतु तहसीलदार पटवारी एवं आरआई के साथ फील्ड पर जाएं एवं ई केवाईसी का कार्य तेजी से पूर्ण कराएं। उन्होंने समस्त तहसीलदार को निर्देश दिए कि ई केवाईसी हेतु रोस्टर तैयार करें एवं डोर टू डोर जाकर ई केवाईसी के कार्य को करना सुनिश्चित करें तथा प्रतिदिन की गई कार्यवाही की जानकारी प्रेषित करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा है कि मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए की समस्त जिलाधिकारी जनसुनवाई में उपस्थित रहेंगे तथा जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के साथ कराना सुनिश्चित करेंगे।

जल जीवन मिशन के ठेकेदारों पर गिरी निलंबन की गाच

जिला कलेक्टर के निर्देश पर हुई कार्यवाही

सत्ता सुधार ■ हरदा

जल जीवन मिशन के तहत ठेकेदार द्वारा कराये जा रहे गुणवत्ता विहीन कार्यों को गंज़ीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर के निर्देश पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विज़ाग के अधिकारी द्वारा सख्त कार्यवाही की गई है। इसके जहां ठेकेदारों से हड़कंप मच गया है, वहीं गांव के लोगों में हर्ष का माहौल है। इस सख्त कार्यवाही से ठेकेदारों के रवैये में सुधार आयेगा तो निश्चित रूप से पाइप लाइन बिछाने सहित अन्य कार्यों को अच्छे से कराया जायेगा। इससे घर-घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंच सकेगा। लाखों करोडों रूपये खर्च के बाद ज़ी गांव के लोग पानी को तरस रहे हैं। ज़ीषण गर्मी में जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल टंकी और पाइप लाइन शो पीस वन कर रह गई है। अधिकांश पंचायतों की यही स्थिति है। ठेकेदारों ने खानापूर्ति के लिये पाइपलाइन ज़र बिछा दी है। उससे पानी सप्लाई की व्यवस्था आज तक सुनिश्चित नहीं हो पाई है।

जांच में खुलेगी पोल -

पाइपलाइन बिछाने के कार्य में घोर लापरवाही बरती है। चरूवा पंचायत में ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन बिछाकर नियम विरूद्ध किराये पर दे दी गई है। इस तरह की चर्चा जोरों पर है, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विज़ाग के अधिकारी जनपद पंचायत खिड़किया अंतर्गत ग्राम पंचायत चारूवा में जाकर पाइप लाइन बिछाने के बाद की गई धोखाघडी की जांच पडताल करवाही जायेगी तो अनेक चौकाने वाले तथ्य उजागर होंगे। नियमों को ताक पर रख कर अनेक गंज़ीर वित्तीय अनिमित्त्काएं सांठगांठ कर की गई है। जिसे देखकर सुनकर स्थानीय जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी अनसुना कर रहे हैं। निष्पता से सारे मामले की जांच होगी तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा।

जल जीवन मिशन का कार्य अधूरा -

जल जीवन मिशन के तहत जो लक्ष्य तय किये गये थे उसके अनुसार कहीं ज़ी काम नहीं हो रहा है। आधा अधूरा काम करके छोड़ दिया गया है नल जल में सप्लाई से शुद्ध पेयजल की उपलब्धता पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। 70-80 फीसदी में अधिक पंचायतों में लाखों रूपये खर्च के बाद ज़ी उसका कोई मतलब नहीं निकला है। अज़ी ज़ी लोग कुएं और हैंडपंप के सहारे हैं । ज़ीषण गर्मी में दूर से पानी लाने को मजबूर है । इतने पर ज़ी काम पूर्ण कराकर पानी सप्लाई को शुरू नहीं कराया जा रहा है। एक ठेकेदार को कई जगह काम दिया है। थोड़ा-थोडा काम हर जगह करके छोड दिये है। पानी कब आयेगा इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता है।

कुछ ब्लैक लिस्टेट कुछ निलंबित

जल जीवन मिशन का काम करने वाले ठेकेदारों की लंबी लिस्ट है। रोड खोदकर पाइप लाइन बिछाने के बाद उसे समतल नहीं किया गया जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। इसके अलावा पाइप बिछाने के बाद कोई ना कोई कमी है जिसके कारण अज़ी तक पानी सप्लाई नहीं शुरू हो पाई है। पानी को लेकर हाहाकार मच गया है। जबकि पाइप लाइन बिछाने सहीत अन्य कार्यों में लाखों रुपये खर्च हो चुके हैं। ग्रामीण अंचल से आ रही शिकायतो को गंज़ीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर ने पी.एच.ई. विज़ाग के जिम्मेदार अधिकारी को सख्त कार्यवाही का आदेश दिया जिसके परिणाम स्वरूप आए निलंबन और ब्लैक लिस्टेड घोषित करने की कार्यवाही की गई है।

रामप्रताप कोरी को मिली ट्रायसाइकिल, चलना हुआ आसान

शहडोल। शहडोल नगर के वार्ड क्रंमाक 16 बड़ी भीट घरौला मोहल्ला निवासी दिव्यांग होने के कारण रामप्रताप कोरी को आने-जाने के साथ-साथ कार्य करने के लिए काफी परेशानी होती थी। आज दिव्यांग रामप्रताप कोरी ने कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री तरूण भटनागर को आवेदन देकर बताया कि मुझे आने-जाने के लिए काफी समस्याएं होती है मुझे ट्रायसाइकिल दिलवाया जाए। जिस पर कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों से तलब कर श्री रामप्रताप कोरी को ट्राइसाइकिल प्रदान कर किया। दिव्यांग रामप्रताप कोरी ने ट्राइसाइकिल पाकर खुश हुए और कहा कि अब ट्राइसाइकिल मिल जाने से मुझे आने-जाने व कार्यो को करने के लिए किसी भी प्रकार की परेशानी न होगी इसके लिए मै मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कलेक्टर श्री तरूण भटनागर एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को तहेदिल से धन्यवाद देता हूं।

नवांकुर संस्था जन आवाज बहुउद्देशीय समिति के द्वारा ग्राम पंचायत गजवाही रिंजा धार में श्रम दान कर जल गंगा संवर्धन अभियान का कार्य किया गया

Shot on OnePlus

शहडोल । नवांकुर संस्था जन आवाज बहुउद्देशीय समिति के द्वारा ग्राम पंचायत गजवाही रिंजा धार में श्रम दान कर जल गंगा संवर्धन अभियान का कार्य किया गया जिसमें ब्लॉक समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ऋतिक दास मिश्रा जी नवांकुर संस्था अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ग्राम पंचायत सचिव आशा मिश्रा रोजगार सहायक सामाजिक कार्यकर्ता लाल बहादुर मिश्रा ग्राम प्रस्फुटन समिति के सदस्य सी एम सी एल डीपी के छात्र व गांव के लोग श्रमदान कर बारिश के पानी को रोकने का कार्य किया गया वह शपथ दिलाया गया सभी लोग अपने-अपने घरों में पेड़ लगाएंगे वह उसके बड़े होने तक सुरक्षित करेंगे।

एक वर्ष से पट्टे की समय सीमा समाप्त के बाद दादागिरी से निकली जा रही मछली : इंजी. जितेंद्र सिंह

लोक सभा निर्वाचन 2024

ग्राम बागेर तलाब का बाहरी व्यक्ति को दिया पट्टा निरस्त कर अ.जा. वर्ग को दिए जाने की मांग

सत्ता सुधार ■ सीहोर

अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण परिषद सीहोर जिला अध्यक्ष इंजि.जितेन्द्र सिंह द्वारा जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया गया कि सीहोर जिले के आष्टा क्षेत्र के ग्राम बागेर तलाब जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग के कास्तकारों की तालाब निर्माण के समय भूमि चली गई थी। उक्त किसान तलाब से मछली पालन कर अपना जीवन यापन करते चले आ रहे थे। किंतु विगत् 18 वर्षो से ग्राम के बाहरी व्यक्ति दबंग अतीक मियां आष्टा निवासी द्वारा सहकारिता एवं मछली विभाग से बागेर तालाब का मछली पालन का पट्टा बनाकर लाखों रुपए की मछली पकड़ कर बेची जा रही है। जिससे ग्राम के अनुसूचित जाति वर्ग काफी नाराज है एक वर्ष से पट्टे की समय सीमा समाप्ति के बाद भी अतीक खाँ द्वारा दादागिरी से मछली निकल कर बेची जा रही है। ग्राम वासियों द्वारा आज इंजी.जितेन्द्र सिंह अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण परिषद सीहोर जिला अध्यक्ष द्वारा जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए अतीक खाँ को दिया बागेर तलाव से मछली पालन का पट्टा निरस्त कर अनुसूचित जाति वर्ग को मछली पालन का पट्टा दिए जाने की मांग की है ।

जिम्मेदारों की मिली भगत, किसान की जमीन पर दबंग का कब्जा

सत्ता सुधार ■ सीहोर

जिम्मेदारों की मिली भगत से 15 एकड़ जमीन मे से ढाई एकड़ पर नंदराम नामक व्यक्ति का कब्जा करवायाखबर भोपाल के ग्राम कुल्हौर से है जहां तहसीलदार पटवारी की मिली भगत से 15 एकड़ जमीन फरियादी हरगोविंद की में से ढाई एकड़ पर नंदराम नामक व्यक्ति का कब्जा करवा दिया गया है आपको बता दे की 15 एकड़ जमीन हरगोविंद और उनके 6 भाइयों की है जिस पर वहां कई वर्षो से खेती भी करते आ रहे हैं संबंधित द्वारा स्थ्रू तहसीलदार कलेक्टर सभी को लिखित शिकायत भी की है उसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।हरगोविंद द्वारा बताया की खसरा क्र.214/1 रकबा 15.00 एकड़ भूमि स्थित ग्राम कुल्होर तहसील बैरसिया जिला-भोपाल म.प्र. में स्थित है जिसमें से 7.50 एकड़ भूमि मेरे तथा मेरे भाईयों के नाम पर है तथा 7.50 एकड़ भूमि अनावेदक के नाम पर है। और उनके द्वारा बताया की अनावेदक द्वारा अपनी भूमि का सीमांकन कराया गया था जिसमें मेरे तथा मेरे भाईयो के नाम पर स्थित भूमि पर अनावेदक का अवैध कब्जा पाया गया था जिस पर अनोवदक द्वारा जबरजस्ती तारफेसिंग डालकर कब्जा करलिया गया और अनावेदक द्वारा कराये गये सीमांकन को अनुविभागीय अधिकारी द्वारा निरस्त कर दिया गया है। परन्तु आज दिनांक तक अनावेदक द्वारा किये गये अपने तारफेसिंग के अवैध कब्जे को आज दिनांक तक नही हटाया गया है।आपको बता दे की यह उक्त भूमि खसरा क्रमांक 214/1 रकबा 15.00 एकड़ के संबंध में हाई कोर्ट जबलपुर में प्रकरण क्रमांक सेकेण्ड अपील 1150/2020 मे भी लंबित है।आवेदक हरगोविंद ने यह भी बताया की मेरे तथा मेरे भाईयों के नाम की भूमि पर से अनावेदक द्वारा किये गये तारफेंसिग के अवैध कब्जे को हटवाया जाकर और मेरे तथा मेरे भाईयों के नाम की भूमि पर से भी अनावेदक का अवैध कब्जा हटवाया जाये।

खेल को आगे बढ़ाने नि :शुल्क कराटे प्रतियोगिता आयोजित

हरदा। स्थानीय नेहरू स्टेडियम में इंटर डोजो कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कराटे प्रशिक्षिका शालिनी चौहान ने बताया कि स्टेडियम में पिछले दो वर्षो से बालक-बालिकाओं को निश्शुल्क आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी के अंतर्गत हरदा कराटे क्लास द्वारा प्रथम इंटर डोजों कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के ग्राम पानतलाई टिमरनी, छिदगांव तमोली, बहरागांव, पांडरमाटी, झाड़बिड़ा,सिराली,खिरकिया, रन्हाई, कनारदा वही नर्मदापुरम से सोहागपुर और सिवनी के 91 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में विजेता खिलाड़ी-20 किलो वर्ग भार में भूमि राजपूत स्वर्ण पदक, निशी गौर रजत पदक -25 किलो वर्ग भार में मोहिनी मल्हारे स्वर्ण पदक, मीत राजपूत रजत पदक, -30 किलो वर्ग भार में योगेश्वरी झिंझोरे स्वर्ण पदक, वैष्णवी ढोके रजत पदक 35 किलो वर्ग भार में, विपांक्षी बिल्लौर स्वर्ण राखी रजत पदक,40 वर्ग किलो भार में स्वाति स्वर्ण पदक, अंजली रजत पदक 45 किलो में रजनी स्वर्ण पदक , शिवानी रजत पदक - 50 किलो वर्ग भार में पूनम पाली स्वर्ण पदक,सुनीता मीणा रजत पदक वही बालक वर्ग में विजेता खिलाड़ी - 20 किलो वर्ग भार में कुलदीप मल्हारे स्वर्ण पदक, अनंत घरडे रजत पदक,- 25 किलो वर्ग भार अक्षत उमरिया स्वर्ण पदक, आशीष खरका रजत पदक,- 30 किलो वर्ग भार में गणेश काजवे स्वर्ण पदक, 35 किलो वर्ग भार में अनिकेत कुशवाह स्वर्ण पदक, यथार्थ गन्नौरे रजत पदक, 40 किलो वर्ग भार में आयुष कुर्मी स्वर्ण पदक ,आदर्श मल्हारे रजत पदक 45 किलो वर्ग भार में कान्हा कुशवाह स्वर्ण पदक, 50 किलो वर्ग भार में मयंक यादव स्वर्ण पदक , लक्की राठौर रजत पदक, 55 किलो वर्ग भार में लक्की मल्हारे स्वर्ण पदक, आर्यन रजत पदक अर्जित कर अपने परिवार और ग्राम का नाम रोशन किया । प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शिहान रितेश तिवारी, सचिव तिनका सामाजिक संस्था मना मंडलेकर,अनीश कहार, मोना खरे,अनिल मल्हारे उपस्थिति रहे । वही रेफरी के रूप में अनुपम सांगुल्ले, करण रामटेक, नंदनी चौहान, जिज्ञासा ओनकर, शालिनी चौहान,राधिका गौर, रोहित चौहान उपस्थिति रहे और प्रतियोगिता को सफल बनाया।

सीवन नदी को स्वच्छ रखने की सभी लोगों ने ली शपथ

सत्ता सुधार ■ सीहोर

अभियान
नदी मे जिम्मे

जल गंगा संवर्धन संरक्षण अभियान के तहत कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देश पर सुबह 08 बजे से सीहोर नगर की सीवन नदी की सफाई के लिए 2500 से अधिक नागरिकों ने पूरे उत्साह के साथ श्रमदान किया। सीवन नदी के सफाई के लिए वृहद स्तर पर आयोजित इस श्रमदान कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर, कलेक्टर प्रवीण सिंह तथा जिला पंचायत सीईओ श्री आशीष तिवारी ने नागरिकों के साथ श्रमदान किया। श्रमदान के तहत सीवन नदी की व्यवस्थित ढंग से सफाई के लिए लक्कड़ पुल के पास 23 सेक्टर बनाए गए। इन सेक्टरों में 2500 से अधिक शासकीय सेवकों एवं विभिन्न संस्थाओं के जुड़े नागरिकों ने सफाई की। सभी श्रमदानियों में न केवल उत्साह दिखाई दे रहा था, बल्कि प्रचीन सीवन नदी के प्रति कर्तव्य बोध की भावना भी दिखाई दे रही थी। सीवन नदी की सफाई के लिए लक्कड़ पुल के पास वृहद स्तर पर श्रमतदान से सफाई के लिए 23 सेक्टर बनाए गए, ताकि श्रमदान करने आए अलग-अलग समूहों, संस्थाओं और शासकीय सेवकों एवं नागरिकों द्वारा व्यवस्थित ढंग से सफाई की जा सके। सभी ने अपने अपने सेक्टर मे श्रमदान कर नदी की मिट्टी गाद, प्लास्टिक, विसर्जित पूजन सामग्री सहित हर प्रकार का कचरा साफ किया तथा इसे ट्रेक्टर ट्राली से बाहर निकाला गया।

स्कूल, कॉलेज, नेहरू युवा केन्द्र, जन अभियान परिषद, आदिम जाति कल्याण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, नगर पालिका, जिला पंचायत, एनआरएलएम, पीएचई, जल संसाधन, कृषि, उद्यानिकी, खाद्य एवं सहकारिता, एसडीएम कार्यालय, वन, कलेक्टर कार्यालय के शासकीय सेवकों के साथ एनजीओ, जन प्रतिनिधि एवं मीडिया के प्रतिनिधियों ने भी श्रमदान किया। विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, कलेक्टर प्रवीण सिंह तथा जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी ने अलग अलग सेक्टरों का भ्रमण कर सफाई करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधियों, शासकीय सेवकों एवं नागरिकों का उत्साहवर्धन किया। विशिष्ट व्यक्तियों को अपने बीच पाकर सभी पूरे जोश के साथ श्रमदान करते नजर आए। श्रमदान के दौरान विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर, कलेक्टर प्रवीण सिंह तथा जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी सहित 2500 से अधिक नागरिकों ने सीवन नदी के को अनमोल संपदा मानकर इसके संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ ली। श्रमदान में उपस्थित सभी ने सीवन नदी में किसी भी प्रकार का कचरा एवं गंदगी नहीं डालने, पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने एवं वृक्षारोपण ली।

ब्रीफ न्यूज

पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर घटाई

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने मुद्रास्फीति में सुधार के नीतिगत ब्याज दर में 1.5 प्रतिशत की कटौती कर इसे 20.5 प्रतिशत कर दिया। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने एक बयान में कहा कि उसकी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में मौजूदा आर्थिक वृद्धि की समीक्षा की गई। इस दौरान यह बात सामने आई कि मई में मुद्रास्फीति में उम्मीद से अधिक गिरावट आई है। एमपीसी ने आगामी बजटीय उपायों और भविष्य के ऊर्जा मूल्य समायोजन के संबंध में अनिश्चितता से जुड़े निकट अवधि के मुद्रास्फीति दृष्टिकोण के लिए कुछ जोखिमों का भी संज्ञान लिया। बयान के मुताबिक इन जोखिमों और दर कटौती के फैसले के बावजूद पूर्व में उठाए गए कदमों से मुद्रास्फीतिक दबाव पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

एलन मस्क के शेयर गिरावट पर बंद

मुंबई। आईफोन और आईपैड बनाने वाली अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी ऐपल के शेयरों में सोमवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुए। दरअसल ऐपल ने ओपनएआई के साथ हिस्सेदारी की घोषणा की है लेकिन यह बात टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क को चुभ गई है। मस्क ने चेतावनी दी है कि अगर ऐपल ने ओपनएआई के चैटजीपीटी को अपने ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ इंटिग्रेट किया तो उसके डेवाइसेज को उनकी कंपनियों में बैन कर दिया जाएगा। उन्होंने यहां तक कह दिया कि उनकी कंपनियों में आने-जाने वाले विजिटर्स को दरवाजे पर अपने ऐपल डेवाइस चेक कराने होंगे और उन्हें अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उनका कहना है कि यह सिक्योरिटी का घोर उल्लंघन है जिसे कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता है। दुनिया के तीसरे बड़े रईस मस्क के इस बयान से ऐपल के शेयरों में सोमवार को भारी गिरावट आई। कंपनी का शेयर 1.91 फीसदी गिरावट के साथ बंद हुआ। इसके साथ ही कंपनी मार्केट कैप के मामले में एक बार फिर एनवीडिया से पिछड़ गई है। एआई चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया का मार्केट कैप 2.995 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया है जबकि ऐपल 2.961 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ तीसरे नंबर पर खिसक गई है। माइक्रोसॉफ्ट 3.180 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ दुनिया का सबसे वैल्यूएबल कंपनी है। ओपनएआई में माइक्रोसॉफ्ट का निवेश है। मस्क खुद एक एआई कंपनी एक्स एआई चला रहे हैं।

पेटीएम छंटनी में प्रभावित कर्मचारियों को देगी बोनस

नई दिल्ली। पेटीएम के स्वामित्व वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने जिन कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है, कंपनी उन्हें दूसरी जॉब खोजने में मदद कर रही है। कंपनी ने अपने बयान में कहा कि कर्मचारियों के बकाया बोनस का भी भुगतान किया जा रहा है, जिससे इस प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। कंपनी ने बयान में कहा, वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड उन कर्मचारियों को आउटप्लेसमेंट सपोर्ट प्रदान कर रहा है, जिन्होंने कंपनी के पुनर्गठन प्रयासों के तहत इस्तीफा दे दिया है।

बड़ी दोपहिया वाहन कंपनियों की नजरें भी बाजार पर टिकी

बजाज ऑटो का सबसे सस्ता ई-स्कूटर चेतक 2901 लांच

एजेंसी ■ नई दिल्ली

पिछले कुछ महीनों में कई बड़ी वाहन कंपनियों ने कम कीमत वाले ई-स्कूटर बाजार में दस्तक दी है। इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में बजाज ऑटो जैसी बड़ी कंपनियां आने से होड़ बढ़ने के आसार हैं। बजाज ऑटो ने आज किफायती कीमत पर अपना सबसे सस्ता ई-स्कूटर चेतक 2901 बाजार में उतार दिया।

बड़ी दोपहिया वाहन कंपनियों की नजर अब 1 लाख रुपये से कम कीमत वाले ई- स्कूटर बाजार पर टिक गई है और इसमें उनकी बाजार हिस्सेदारी भी काफी बेहतर हो चुकी है। किफायती ई-स्कूटर का करीब 80 प्रतिशत हिस्सा बढ़ी कंपनियों के पास है। साल भर पहले उनके पास 50-60 प्रतिशत बाजार ही था। चेतक 2901 की कीमत 95,998 रुपये से शुरू होती है। इसमें 2.8 केडब्ल्यूएच की बैटरी है, जिससे स्कूटर अधिकतम 63केएमपीएच की रफ्तार के साथ 123 किमी तक दौड़ सकता है। कंपनी के ही अन्य मॉडलों चेतक अर्बन (2.9 किलोवॉट) की कीमत 1.23 लाख रुपये से और चेतक प्रीमियम (3.2 किलोवॉट) की कीमत 1.47 लाख रुपये से शुरू होती है।

ओला और टीवीएस जैसी कंपनियों के पास बजाज जैसी कंपनी के उत्पादों को टक्कर देने वाली कीमत के स्कूटर हैं। ओला ने हाल ही में एस 1 एक्स (4) केडब्ल्यूएच की कीमत घटाकर 70,000 रुपये कर दी थी। इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं के संगठन एसएमईवी के आंकड़ों के अनुसार इलेक्ट्रिक दोपहिया बाजार में बजाज ऑटो की हिस्सेदारी 13प्रतिशत है, जबकि ऐथर की बाजार हिस्सेदारी 8प्रतिशत, टीवीएस की बाजार हिस्सेदारी 15 प्रतिशत और इस बाजार की अग्रणी कंपनी ओला इलेक्ट्रिक की बाजार हिस्सेदारी करीब 45 फीसदी है। बजाज ऑटो के अध्यक्ष एरिक वास ने कहा कि डीलरों के पास चेतक 2901 पहुंचने लगा है। उन्होंने कहा, चेतक 2901 को इस तरीके से डिजाइन किया गया है कि वह पेट्रोल से चलने वाले स्कूटर छोड़तर ई-स्कूटर खरीदें। इसकी कीमत भी कम रखी गई है। धातु की बॉडी के साथ यह ऊंचे कद का स्कूटर है, जिससे ग्राहकों की जेब पर ज्यादा बोझ नहीं पड़ेगा। इसकी कीमत भी उसी हिसाब से रखी गई है।

चेतक 2901 की ऑन-रोड कीमत पेट्रोल स्कूटर की कीमत के करीब है। ओला और टीवीएस जैसी कंपनियों के पास बजाज जैसी कंपनी के उत्पादों को टक्कर देने वाली कीमत के स्कूटर हैं। ओला ने हाल ही में एस 1 एक्स (4) केडब्ल्यूएच) की कीमत घटाकर 70,000 रुपये कर दी थी बजाज ऑटो के कार्यकारी निदेशक राकेश शर्मा ने बिजनेस स्टैंडर्ड से कहा शीर्ष 5 कंपनियों ने 1 लाख रुपये से कम कीमत वाले स्कूटर बाजार में ग्राहकों को आकर्षित करना शुरू कर दिया है।

ह्युंदै मोटर की आईपीओ के जरिए 30 हजार करोड़ जुटाने की योजना

डीआरएचपी फाइल करने जा रही कंपनी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

IPO
JUST AHEAD

ह्युंदै मोटर इंडिया पहली बार भारतीय शेयर बाजार में फिर से धमाल मचाने वाली है। दो दशक से भी ज्यादा समय के बाद साउथ कोरिया की कंपनी ह्युंदै मोटर की भारतीय कंपनी ह्युंदै मोटर इंडिया लिमिटेड आईपीओ लाने की तैयारी कर रह है।

माना जा रहा है कि अगर ह्युंदै भारत में आईपीओ लाती है तो यह अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ होगा क्योंकि ऑटो कंपनी की योजना आईपीओ के जरिये 25,000 करोड़ से 30,000 करोड़ रुपये जुटाने की है। इससे पहले सिर्फ पीएसयू कंपनी एलआईसी ने 21,000 करोड़ रुपये आईपीओ के जरिये जुटाए थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक ऑटो सेक्टर की दिग्गज कंपनी ह्युंदै मोटर इंडिया अगले दो सप्ताह के भीतर ही मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास डायरेक्ट रेड हेयरिंग प्रॉस्पेक्ट्स (डीआरएचपी) फाइल कर सकती है और इसी के साथ अब तक के सबसे बड़े आईपीओ आने की प्रक्रिया की भी शुरुआत हो जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक डीआरएचपी फाइल करने के बाद अगले महीने ऑटो कंपनी भारत और विदेशों में इन्वेस्टर रोड शो भी आयोजित कर सकती है। ह्युंदै मोटर इंडिया ने आईपीओ के लिए एडवाइजर के तौर पर सिटीबैंक कोटक महिंद्रा कैपिटल और मॉर्गन स्टैनली, एचएसबीसी और जेपी मॉर्गन को चुना है। ये इन्वेस्टमेंट बैंक ह्युंदै मोटर इंडिया को आईपीओ लाने में मदद करेंगे। अगर कंपनी डीआरएचपी फाइल करती है तो अगले 60 से 90 दिनों में सेबी की तरफ से अप्रूवल मिल सकता है। यानी अधिकतम सितंबर तक मार्केट रेगुलेटर की तरफ से आईपीओ लाने के लिए मंजूरी मिलने की संभावना है। इसके बाद ह्युंदै मोटर इंडिया सितंबर या अक्टूबर 2024 में आईपीओ ला सकती है और शेयर मार्केट में लिस्ट हो सकती है। अगर सेबी की तरफ से मंजूरी मिल गई को 2003 के बाद किसी भी ऑटो कंपनी की शेयर बाजार में एंट्री हो जाएगी। बता दें कि 12 जून 2003 को भारत की सबसे बड़ी कारमेकर कंपनी मारुति सुजूकी इंडिया 993.35 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आई थी।

टाटा मोटर्स ने लांच की अल्ट्रोज़ रेसर

नई दिल्ली। स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स ने अल्ट्रोज़ रेसर को भारत में 9.49 लाख रुपए की कीमत पर उतार दिया है। यह हैचबैक का अब तक का सबसे स्पोर्टी एडिशन है। इसकी कीमत 10.99 लाख रुपये तक जाती है। स्पोर्टियर हैचबैक में कुछ एक्सटीरियर अपडेट्स भी दिए हैं। इसमें फ्रंट फेंडर पर रेसर बैजिंग और थोड़ा संशोधित ग्रिल भी है, लेकिन 16 इंच के अलॉय व्हील अपरिवर्तित हैं। इसमें कुल तीन कलर ऑप्शन- एटॉमिक ऑरेंज, एवेन्यू व्हाइट और प्योर ग्रे मिलते हैं। इंटीरियर की बात करें तो इसमें बड़ी 10.25-इंच की टचस्क्रीन, नए, स्मूथ नए ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ-साथ एक नए 7.0-इंच डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया है।

टाटा स्टील 16 हजार करोड़ से अपने सभी प्लांट का करेगी विस्तार

कंपनी 75 फीसदी राशि भारत में खर्च करेगी, बाकि यूनाइटेड किंगडम में

एजेंसी ■ जमशेदपुर

टाटा स्टील अपनी क्षमता दोगुना करने पर विचार कर रही है। कंपनी के सभी प्लांटों का विस्तार किया जायेगा। इसके लिए कंपनी 16 हजार करोड़ रुपये निवेश करेगी। इस राशि में से 75 फीसदी कंपनी भारत में खर्च करेगी। बाकी राशि का इस्तेमाल यूनाइटेड किंगडम में चल रहे डिकार्बोनाइजेशन प्रोजेक्ट पर खर्च होगी। टाटा स्टील का मानना है कि स्टील की मांग में करीब 8 से 10 फीसदी का विकास होने जा रहा है। इसे लेकर टाटा स्टील अपनी क्षमता दोगुना करने जा रही है। कलिंगानगर प्लांट की क्षमता 3 मिलियन टन से 8 मिलियन टन तक की जा रही है। इसका विस्तार 16 मिलियन टन किया जाना है। जमशेदपुर प्लांट में सीधे तौर पर निवेश नहीं होगा, लेकिन डाउनस्ट्रीम कंपनियों में कंपनी निवेश कर रही है। इसके अलावा ओडिशा के नीलाचल इस्पात की क्षमता को 4.5 मिलियन टन से 5 मिलियन टन किया जा रहा है। इसे बढ़ाकर 10 मिलियन टन किया जाना है। न्यू इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस की स्थापना चंडीगढ़ में हो रही है, जबकि ओडिशा के मेरामंडली प्लांट की क्षमता 5 से बढ़ाकर 7 मिलियन टन की जायेगी। बाद में इसे बढ़ाकर 10 मिलियन टन किया जाना है। टाटा स्टील की ओर से विस्तारीकरण के लिए जमीन उपलब्ध करा दी गई है। टाटा स्टील अपने यूके प्लांट में एक ब्लास्ट फर्नेस को बंद कर रही है। इसी तरह यहां के कोक प्लांट में भी शटडाउन लिया गया है। वहां भी डिकार्बोनाइजेशन की दिशा में निवेश हो रहा है। टाटा स्टील द्वारा निवेशकों के लिए तैयार किये गये प्रेजेंटेशन में इसकी जानकारी दी गई है।

सेबी बिना नॉमिनी वाले म्यूचुअल फंड और डीमैट अकाउंट नहीं करेगी फ्रीज

एजेंसी ■ नई दिल्ली

सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने कहा कि वह उन निवेशकों के म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो या डीमैट अकाउंट्स को फ्रीज नहीं करेगी, जिन्होंने अपने नॉमिनी से जुड़ी जानकारियां नहीं दी हैं। इसके अलावा फिजिकल रूप में सिक्योरिटीज रखने वाले निवेशक अब डिविडेंड, ब्याज या सिक्योरिटीज को भुनाने जैसे किसी भी भुगतान को पाने के लिए पात्र होंगे।

इसके साथ ही निवेशक नॉमिनेशन का विकल्प न चुनने पर भी शिकायत दर्ज करने या रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट से किसी भी सेवा का अनुरोध पाने के हकदार होंगे। इससे पहले सेबी ने सभी मौजूदा व्यक्तिगत म्यूचुअल फंड धारकों के लिए नॉमिनी का विवरण देने या नॉमिनेशन से बाहर निकलने के लिए 30 जून की समयसीमा तय की थी। नियम का पालन न करने पर उनके खातों से निकासी पर रोक लगाई जा सकती थी। हालांकि, सेबी ने हाल ही में जारी किए गए सर्कुलर में कहा कि कंप्लायंस में सुगमता और निवेशकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मौजूदा निवेशकों या यूनिटधारकों के लिए नॉमिनेशन का विकल्प न देने पर डीमैट अकाउंट्स के साथ म्यूचुअल फंड अकाउंट्स पर रोक नहीं लगाने का फैसला किया गया है।मार्केट रेगुलेटर ने कहा कि लिस्टेड कंपनियों या आरटीए द्वारा नॉमिनेशन का विकल्प न देने की वजह से फिलहाल रोके जा चुके भुगतान को भी अब निपटाया जा सकेगा। इसके साथ ही सेबी ने यह साफ किया कि सभी नए निवेशकों और म्यूचुअल फंड यूनिटधारकों को डीमैट अकाउंट, म्यूचुअल फंड फोलियो के लिए अनिवार्य रूप से नॉमिनेशन का विकल्प देने की व्यवस्था जारी रहेगी।

सोना 71,200, चांदी लगभग 88,800 हजार

नई दिल्ली। सोने और चांदी के वायदा कारोबार में मंगलवार को सुस्ती देखने को मिल रही है। मंगलवार को दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। शुरुआत में सोने के वायदा भाव 71,200 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 88,800 हजार रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। हालांकि बाद में दोनों के वायदा भाव में नरमी देखी जाने लगी। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 187 रुपये की गिरावट के साथ 71,251 रुपये के भाव पर खुला। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 922 रुपये की गिरावट के साथ 89,100 रुपये पर खुला। इस समय यह 1,248 रुपये की गिरावट के साथ 88,774 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था।

इलेक्ट्रिक एसयूवी आयोनिक-5 की सैकड़ों यूनिट्स रिकॉल

वाहन निर्माता कंपनी हुंडई की घोषणा

एजेंसी ■ नई दिल्ली

वाहन निर्माता कंपनी हुंडई ने बैटरी की कंट्रोल यूनिट में खराबी के चलते इलेक्ट्रिक एसयूवी आयोनिक -5 की सैकड़ों यूनिट्स को रिकॉल किया है। कंपनी ने इंटीग्रेटेड चार्जिंग कंट्रोल यूनिट (आईसीसीयू) से जुड़े मामलों पर यह फैसला लिया है। रिकॉल कैंपेन से इलेक्ट्रिक कार की कुल 1,744 यूनिट्स जुड़ी हैं। प्रभावित हुंडई आयोनिक 5 इलेक्ट्रिक कारों का निर्माण 21 जुलाई 2022 और 30 अप्रैल 2024 के बीच किया गया था। हुंडई इंडिया ने जनवरी 2023 में देश में आयोनिक 5 को पूरी तरह से नॉक्ड डाउन यूनिट के रूप में लांच किया था। इसका मतलब है कि भारत में बेची गई सभी हुंडई आयोनिक 5 इलेक्ट्रिक कारों पर रिकॉल का असर पड़ा है।

कंपनी ने कहा है कि आईसीसीयू के साथ समस्या से प्रभावित कारों में 12वॉट बैटरी डिस्चार्ज हो सकती है, जिन्हें निरीक्षण और इश्यू को फिक्स करने के लिए स्वेच्छा से रिकॉल किया है। कार निर्माता ने कहा है कि समस्या का निरीक्षण और समाधान ग्राहकों से बिना किसी कॉस्ट के किया जाएगा। हुंडई आयोनिक 5 ईवी के मालिक यह जांचने के लिए अपने डीलरशिप से संपर्क कर सकते हैं कि उनका वाहन रिकॉल का हिस्सा है या नहीं। हुंडई आयोनिक 5 ईवी एक बार चार्ज करने पर 631 किलोमीटर तक की एआरएआई - सर्टिफाइड रेंज का वादा करती है।

---

10 मिनट से भी कम समय में बैटरी हो जाती है फुल

रियलमी जीटी नियो 5 फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ लॉन्च

एजेंसी ■ नई दिल्ली

चाइनीज कंपनी रियलमी जीटी नियो 5 को पिछले साल फरवरी में 240वॉट तक फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ लॉन्च किया गया था। फोन को लेकर दावा किया जाता है कि ये फास्ट-चार्जिंग 10 मिनट से भी कम समय में बैटरी को 0 से 100प्रतिशत तक फुल कर देती है। अब रियलमी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की है कि वह आने वाले फोन मॉडलों के लिए 300वॉट चार्जिंग पर काम कर रहा है। दूसरी तरफ बता दें कि शाओमी ने पिछले साल ही अपनी 300वॉट फास्ट चार्जिंग टेक्नोलॉजी की पेशकश की थी। एक इंटरव्यू में रियलमी यूरोप के सीईओ और ग्लोबल मार्केटिंग डायरेक्टर फ्रांसिस वोंग ने कंफर्म किया है कि रियलमी 300वॉट चार्जिंग की टेस्टिंग कर कर रहा है।रेडमी ने पिछले साल फरवरी में 4,100 एमएएच बैटरी के साथ मॉडिफाइड रेडमी नोट 12 डिस्कवरी एडिशन स्मार्टफोन का इस्तेमाल करके 300 वॉट चार्जिंग का प्रदर्शन किया था। ये चार्जिंग टेक्नोलॉजी पांच मिनट से भी कम समय में बैटरी फुल करने में कामयाब रही। बता दें कि कंपनी ने अभी तक 300वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट वाला हैंडसेट लॉन्च नहीं किया है। रियलमी पहले से ही रियलमी जीटी नियो 5 में 240वॉट चार्जिंग देता है, जिसके बारे में दावा किया गया है कि 4,600 एमएएच की बैटरी 80 सेकेंड में 0 से 20प्रतिशत, चार मिनट में 0 से 50प्रतिशत और 10 मिनट से कम समय में 0 से 100प्रतिशत चार्ज हो जाती है। 30 सेकेंड का चार्जिंग समय दो घंटे तक का टॉक टाइम देने का दावा किया गया है। अब देखना ये है कि कंपनी कौन सा नया फोन लॉन्च करती है, जिसमें 300वॉट की चार्जिंग दी जाएगी। मालूम हो कि फोन बनाने वाली कंपनियां बैटरी और कैमरे में तेजी से डेवलपमेंट ला रही हैं। अब रियलमी ब्रांड भी इसी रेस में आगे आते हुए चार्जिंग से जुड़ी बड़ी तकनीक लाने के लिए तैयार है।

वाहनों की बिक्री मई में बढ़कर 3,47,492 इकाई हुई

नई दिल्ली। देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर 3,47,492 इकाई हो गई। उद्योग संगठन सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मई 2023 में थोक बिक्री कुल 3,34,537 इकाई रही थी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यात्री वाहनों में केवल मध्यम वृद्धि देखी गई है, जिसका मुख्य कारण पिछले वर्ष का उच्च आधार प्रभाव है। मई में दोपहिया वाहनों की बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 16,20,084 इकाई हो गई।

पाकिस्तान ने राष्ट्रीय विकास योजना को दी मंजूरी

एजेंसी ■ इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने अगले वित्त वर्ष के लिए 3790 अरब रुपये की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय विकास योजना को मंजूरी दे दी है। नकदी की कमी से जूझ रहे देश के अधिकारी विकास को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक निवेश का उपयोग करने की कोशिश कर रहे हैं। राष्ट्रीय आर्थिक परिषद (एनईसी) की उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। यह फैसला बुधवार को बजट 2024-25 पेश होने से ठीक दो दिन पहले किया गया। एक समाचार पत्र की खबर के अनुसार प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बैठक की अध्यक्षता की। सभी चार प्रांतों के मुख्यमंत्रियों ने बैठक में हिस्सा लिया। बैठक चार घंटे तक चली। बैठक में संघीय सार्वजनिक क्षेत्र विकास कार्यक्रम (पीएसडीपी) को चालू वित्त वर्ष के 950 अरब रुपये की तुलना में 47 प्रतिशत से अधिक बढ़ाकर 1400 अरब रुपये करने को मंजूरी दी गई। एनईसी ने 2095 अरब रुपये की लागत वाली प्रांतों की संचयी वार्षिक विकास योजनाओं को भी मंजूरी दी। साथ ही 80 प्रतिशत से अधिक पूरी हो चुकी उच्च प्राथमिकता वाली प्रांतीय परियोजनाओं को वित्त पोषण जारी रखने पर सहमति व्यक्त की।

जौरा, कैलारस, सबलगढ़, बानमोर क्षेत्र में एमआरपी से अधिक वसूल कर रहे रुपया

मुरैना शराब सिंडीकेट का शराब एमआरपी घोटाला

सत्ता सुधार ■ मुरैना

आबकारी विभाग के अधिकारियों कीमिली भगत से सिंडिकेट द्वारा शराब के शौकीन लोगों की जेब पर डाका डाला जा रहा है और विभाग के अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जिले की कुछ तहसीलों में सिंडिकेट द्वारा शराब के शौकीन लोगों की कमजोरी का फायदा उठाकर उन्हें लूटा जा रहा है लेकिन आबकारी विभाग आंख बंद किए हुए हैं। शराब की शौकीन लोगों की मजबूरी यह है कि वह अपना दर्द किसी को बयां नहीं कर सकते और इसकी लत लगी हुई है तो खुलकर विरोध भी नहीं कर सकते।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय के एक ठेकेदार द्वारा जिले की जौरा, कैलारस, सबलगढ़ तहसील के अलावा बानमोर एवं अन्य इलाकों में अन्य ठेकेदारों से मिलकर सिंडिकेट बना लिया गया है और उनके द्वारा मनमाने तरीके अपनी मनमानी रेट पर देशी एवं अंग्रेजी शराब को बिक्री कराया जा रहा है। जिला मुख्यालय पर प्लेन शराब का क्वार्टर 60 से 70 रूपए के बीच बिक्री किया जा रहा है और मसाला क्वार्टर 90 रूपए पर बिक्री हो रहा है, लेकिन जिले कि उक्त तहसील एवं अन्य क्षेत्रों में एमआरपी से अधिक रेट पर सिंडिकेट द्वारा शराब बेचकर शराब के शौकीन लोगों की जेब पर आर्थिक रूप से डाका डाला जा रहा है। इसकी जानकारी विभाग के अधिकारियों एवं प्रशासन को है, लेकिन बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मुरैना मुख्यालय स्थित वेयरहाउस से सप्लाई होने वाली प्लेन शराब के क्वार्टर पर 60 रूपए एमआरपी है तो वहीं मसाला शराब 90 रूपए बिक्री हो रही है लेकिन सिंडिकेट द्वारा जौरा, कैलारस, सबलगढ़, बानमोर सहित अन्य क्षेत्र में प्लेन शराब के क्वार्टर की कीमत 100 रूपए एवं मसाला शराब की कीमत 110 रूपए वसूल की जा रही है। सूत्र बताते हैं कि इसके अलावा सिंडिकेट द्वारा अंग्रेजी शराब एवं बियर बिक्री में भी लोगों से अधिक पैसे वसूल किए जा रहे हैं। कुछ ठेकेदारों द्वारा मिलकर सिंडिकेट बनाकर शराब के शौकीन लोगों को आर्थिक रूप से चोट पहुंचाने का मिशन बना लिया गया है। एक और कुछ ठेकेदार सिंडिकेट बनाकर माल कमा रहे हैं तो दूसरी ओर अन्य ठेकेदार नुकसान में चल रहे हैं।

इनका कहना है...

नहीं नहीं ऐसा नहीं है, अगर होगा तो हम दिखवाते है, हमें भी शिकायत मिली थी। हमने जांच कराई है और वह होगी तो उस पर कार्रवाई होगी। जांच होती रहती हैं, जो सही पाई जाएगी, उसमें कार्रवाई होगी। उन पर पैसा है, दुकान ले लेते हैं, उसको कौन रोक सकता है। हम दिखवा लेते हैं, आपने बताया है तो हम वहां के सब इंस्पेक्टर को, कार्यवाही करेंगे अगर पाई जाती है। ओवर रेट होगी निर्धारित तो कार्रवाई की जाएगी।

जितेंद्र गुर्जर, आबकारी अधिकारी, मुरैना

अविवाहित युवक ने लगाई फांसी तो नाबालिक घर के अंदर फांसी पर झूली

मुरैना। जिले के सिहोनिया थाना क्षेत्र के लल्लू बसई गांव में घर के बाहर एक अविवाहित युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली तो वहीं दूसरी ओर सांगोली गांव में एक नाबालिक लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस द्वारा दोनों के पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी है तथा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सनी पुत्र बंगाली उर्फ अरविंद तोमर उम्र 25 निवासी लल्लू बसई सिहोनियाँ ने मंगलवार की सुबह घर के बाहर एक पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। युवक द्वारा आत्महत्या क्यों की गई इसका अभी खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस द्वारा पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी है तथा मामले की जांच कर रही है। इधर दूसरी ओर सिहोनियां थाना क्षेत्र के ही सांगोली गांव में सोमवार की रात घर पर कोई नहीं था तभी लक्ष्मी पुत्री लक्ष्मण सिंह बघेल उम्र 17 घर के अंदर कमरे में साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजन आए तो घटना का पता लगा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस द्वारा पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी है एवं मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है।

टीकाराम को जिंदा घर से ले गए, लाश लेकर आए, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

सत्ता सुधार ■ मुरैना

सिटी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत माल गोदाम रोड से रविवार की सुबह ताऊ, चाचा एवं अन्य लोग टीकाराम को अपने साथ ले गए और सोमवार की रात उसकी लाश लेकर घर लौटे। युवक की संदिग्ध मौत पर मृतक युवक के परिजनों ने अपने परिवरीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। इधर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार टिल्ले उर्फ टीकाराम पुत्र हरिकेश गुर्जर निवासी माल गोदाम रोड मुरैना को रविवार की सुबह ताऊ रामनिवास, चाचा ज्ञान सिंह, रामनिवास का दामाद देवेंद्र सिंह सहित अन्य लोग घर से ले गए थे। बीती रात उसकी लाश लेकर घर पहुंचे और बताया कि एक्सीडेंट हो गया है, जिसमें उसकी मौत हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक किसी महिला को भगाकर ले गया था और मथुरा में पुलिस ने उसे पकड़ लिया। परिजन मुरैना से मथुरा पहुंचे, जहां दोनों पक्षों के बीच राजीनामा होने की जानकारी मिली है। जब टीकाराम को उसके ताऊ चाचा लेकर जाने लगे, तब वो उनके साथ जाना नहीं चाहता था। इस दौरान टीकाराम वहां से किसी और के साथ बैठकर गाड़ी पर आ रहा था। बताया जाता है कि मथुरा रिफायनरी के पास रामनिवास के दामाद की तबीयत बिगड़ी तो गाडी रोककर दवा लेने के लिए उतरकर मेडिकल पर गया, तभी गाडी में बैठे टीकाराम ने गाड़ी से उतरकर हाइवे पार करने के लिए दौड़ लगा दी, शायद भागने के मूड में था। इसी दौरान वह किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। मृतक के रिश्तेदार उसका शव लेकर घर पहुंचे तो परिजनों ने उन पर हत्या का आरोप लगा दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस द्वारा फिलहाल मामले की जांच करने की बात कही गई हैं।

महिला के पर्स से अंगूठी और झुमकी चोरी करने वाली दो महिलाएं गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ मुरैना

कोतवाली क्षेत्र के बैरियर बस स्टैंड पर एक महिला के पर्स से अंगूठी एवं झुमकी चोरी करने वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार कर पुलिस ने चोरी किया हुआ माल बरामद कर लिया है। उक्त आरोपी महिलाएं चोरी किए गए माल को बेचने के लिए शहर में आई हुई थी।

आलोक सिंह परिहार थाना प्रभारी कोतवाली को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो महिलाएं सराफा बाजार मे पंचायती धर्मशाला के सामने सोने का कुछ सामान बेचने की फिराख में खडी हुई हैं, जो देखने में संदिग्ध लग रही हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीम वहां पहुंची तो महिलाएं पुलिस को देखकर भागने लगी, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर आरोपी महिलाएं गोल-मोल उत्तर देकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करने लगी, बाद में जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो महिलाओं ने घटना करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी महिलाओं के कब्जे से चोरी की गई 1 सोने की बाली एवं 1 सोने की अंगूठी, कीमत लगभग 50 हजार रुपए बरामद की है। उल्लेखनीय है कि विगत 10 जून को फरियादी शिवकुमार मिश्रा (एडवोकेट) पुत्र हरेन्द्र भूषण मिश्रा उम्र 48 साल निवासी संजय कालोनी मुरैना अपनी पत्नी के साथ सरकारी बस स्टैण्ड पर संजय पार्क के पास स्थित चूड़ी की दुकान खड़े थे, तभी फरियादी की पत्नी के पर्स से उक्त चोर महिलाओं ने एक सोने की झुमकी एव एक सोने की अगूठी चोरी कर फरार हो गई थी।

अचानक लगी आग, तीन झोपड़ी जलकर राख, लाखों का नुकसान

सत्ता सुधार ■ मुरैना

नूराबाद थाना क्षेत्र के लभनपुरा गांव में मंगलवार की दोपहर कुछ झोपड़ियां में अचानक आग लग गई, जिससे वहां हा-हाकार मच गया और ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आधा घंटे के प्रयास के बाद आग को नियंत्रण में किया जा सका। इस दौरान घर गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो गया।

बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर नूराबाद थाना क्षेत्र के लभनपुरा गांव में तीन झोपड़िया में अचानक आग लग गई। जिस समय आग लगी, आसपास कोई नहीं था। लोगों ने जब आग की लपटे देखी तो बुझाने के प्रयास में जुट गए और तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलने के पश्चात फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची तथा आधा घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान लाखों रुपए का नुकसान होने की संभावना है। सूचना मिलने पर राजस्व विभाग की टीम नुकसान का आकलन करने पहुंच गई है।

घर के बाहर सो रहे लोगों को कट्टा दिखाकर दी धमकी, पीड़ित एसपी से मिले

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के सुमावली थाना. क्षेत्र में सोमवार की रात घर के बाहर सो रहे दो युवकों को आधा दर्जन आरोपियों ने कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। सुमावली पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने पर पीड़ित परिवार मंगलवार को पुलिस अधीक्षक से मिला और कार्रवाई की मांग की। पीड़ित फरियादी रणवीर जाटव एवं रघुनाथ जाटव ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि सोमवार की रात्रि 10:30 बजे वह घर के बाहर सो रहे थे, तभी मोटरसाइकिलों पर आरोपी देवेंद्र, सिया, शैलेंद्र, विकास, सुरेंद्र, विजेंद्र, सियाराम लाठी फरसा लेकर आए और गाली-गलौज कर धमकाने लगे। इसके पश्चात आरोपियों ने कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित परिवार जान बचाकर दूसरे रास्ते से थाने पहुंचा, लेकिन पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

पी.जी. कॉलेज मुरैना में एनसीसी केडेट्स ने पर्यावरण दिवस पर बनाए पोस्टर और स्लोगन

सत्ता सुधार ■ मुरैना

शासकीय पी.जी. कॉलेज मुरैना में एनसीसीइकाई के केडेट्स ने पर्यावरण दिवस पर पोस्टर बनाएं और स्लोगन का निर्माण किया।

एनसीसी अधिकारी डॉ. राजवीर सिंह किरार के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर के लॉन में गाजर घास को उखाड़कर का नष्ट किया और पौधों में पानी दिया। डॉ आर.पी सिंह ने पोस्टर निर्माण में शामिल प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. किशोर अरोरा ने विद्यार्थीयो को पोस्टर और स्लोगन मैकिंग के लिए बधाईयां दी। कार्यक्रम में 34 एनसीसी कैडेट उपस्थित थे।

आमजन के साथ अभद्र व्यवहार बर्दाश्त नहीं होगा: अमन

मुरैना। भारतीय जनता पार्टी बागचीनी मंडल अध्यक्ष अमन सिंह सिकरवार ने एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान को एक शिकायती आवेदन दिया है। श्री सिकरवार ने शिकायत में कहा है कि मुरैना यातायात प्रभारी संतोष सिंह भदौरिया एवं सब इंस्पेक्टर मलखान सिंह का व्यवहार आमजन के साथ बहुत ही अभद्र एवं आपत्तिजनक रहता है। चेकिंग के दौरान आमजन से गाली गलौज इन अधिकारियों के लिए आम बात है। कई बार तो महिलाओं के साथ भी अभद्र व्यवहार करने की सूचना मिली है।

बीहड़ की जमीन के पट्टे काबिज किसानों को दिए जाएं : किसान सभा

सत्ता सुधार ■ सबलगढ

ग्राम जाबरौल के अंतर्गत किसानों की और से आम सभा का आयोजन किया गया। इस आम सभा को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी ने कहा है कि बीहड की जमीन पर काबिज किसानों को ही जमीन के पट्टे दिए जाएं। यह जमीन कंपनियों को आवंटित नहीं की जाए। पीढ़ियों से किसान परंपरागत औजारों से जमीन को समतल बनाकर जोत रहे हैं। उससे ही उनका जीवन यापन हो रहा है। उस जमीन के वास्तविक हकदार बीहड में रहने वाले गांवों के किसान ही हैं, उन किसानों को ही पट्टे की पात्रता है, उन्हें ही पट्टे दिए जाएं। इसके लिए मध्य प्रदेश किसान सभा बड़े स्तर पर अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा है कि हाल ही में बीहड़ की जमीन को कंपनियों को आवंटित करने का षड्यंत्र हो रहा है। किसान सभा इसका पुरजोर विरोध करती है, जमीन कंपनियों को नहीं किसानों को दी जाए। किसानों की इस आम सभा को किसान नेता भान सिंह जादौन, राम प्रकाश जादौन, रामस्वरूप रजक आदि ने संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता गोपाल सिंह रावत ने की। सभी किसानों ने सर्वसम्मति से संघर्ष को आगे बढ़ने का संकल्प हाथ उठाकर पारित किया और आगामी दिनों में संघर्ष तेज करने की रूपरेखा तैयार की। इस कार्यक्रम में किसानों की ओर से किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी का सिरोपा पहनाकर सम्मान किया गया। यह सम्मान समस्त ग्राम वासियों की ओर से किया गया है। किसान सभा की ओर से इस स्वागत के लिए ग्राम वासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया है। साथ ही किसान आंदोलन को मजबूत करने की भी किसानों से अपील की है।

कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में 56 आवेदन प्राप्त

मुरैना। मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार जनसुनवाई सभी कार्यालयों में प्रत्येक मंगलवार को पूर्वान्ह 11 से दोपहर 01 बजे तक करने के निर्देश है। निर्देशों के तहत कलेक्ट्रेट मुरैना में जनसुनवाई कलेक्टर अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद द्वारा 11 जून को की गई। जनसुनवाई में 56 आवेदन प्राप्त हुये। अधिकारियों ने आवेदनों को पढ़ा, उनमें से 3 आवेदन ऐसे पाये गये, जिनका निराकरण कलेक्टर की उपस्थिति में विभागों को समक्ष में करना था।

पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

सत्ता सुधार ■ कैलारस

थाना कैलारस क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रिठोनियां गैल इंडिया लिमिटेड गैस प्लांट के पास नरे की झाड़ियां में पेड़ से लटका हुआ अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। ऐसा लगता है कि इस व्यक्ति का शव लगभग 5 दिन पुराना है और शव से दुर्गंध आ रही थी। व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो पा रही है कि यह व्यक्ति कहां का रहने वाला है और इसका नाम क्या है। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा कैलारस पुलिस थाने दी गई। सूचना मिलते ही कैलारस थाना प्रभारी सुनील खेमरिया, उपनिरीक्षक रामचंद्र गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पुलिस द्वारा शव को उतरवाकर कैलारस पीएम हाउस में रखवा दिया है। पुलिस द्वारा संबंधित ग्रामीण क्षेत्रों में युवक की पहचान के लिए सूचना भेज दी गई है और फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है।

ऋतु पंचमी महापर्व पर निकली गई भव्य शोभायात्रा, मां जिनवाणी की हुई पूजा

सत्ता सुधार ■ मुरैना

ऋतु पंचमी महापर्व के पावन अवसर पर भव्य जिनवाणी शोभा यात्रा निकाली गई। बड़े जैन मंदिर मुरैना में ऋतु पंचमी पर्व विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्राचार्य अनिल जैन द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष ज्येष्ठ मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी को ऋतु पंचमी के रूप में मनाया जाता है। जैन परम्परा के अनुसार ऋतु पंचमी पर्व ज्ञान की आराधना का महापर्व है, जो जैन भाई बंधुओं को वीतरागी संतों की वाणी सुनने, आराधना करने और प्रभावना करने का संदेश देता है। जैन मतानुसार ऋतु पंचमी को जिनवाणी के उद्गम के रूप में देखा जाता है।

सर्वोदय पाठशाला द्वारा श्रुत पंचमी के पावन अवसर पर जिनवाणी मां की आराधना की गई। पूज्य क्षुल्लिका अक्षतमति माताजी एवं क्षुल्लिका क्षयोपसम माताजी के पावन सान्निध्य में मां जिनवाणी को चांदी की पालकी में विराजमान कर ढोल एवं तांसों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा बड़े जैन मंदिर से प्रारंभ होकर गोपीनाथ की पुलिया, पीपल वाली माता, रुई की मंडी, सदर बाजार, लोहिया बाजार होती हुई जैन मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में जैन बंधु, माताएं, बहिनें व बच्चे अपने-अपने सिर पर जिनवाणी लेकर चल रहे थे। सभी लोग एक विशेष परिधान में दिखाई दे रहे थे। युवा साथी हाथों में पचरंगी ध्वजा लेकर चलायमान थे। सभी जन जिनेंद्र प्रभु एवं मां जिनवाणी की जय-जयकार करते हुए जैन धर्म की प्रभावना कारक नारे लगा रहे थे। शोभायात्रा के पश्चात मां जिनवाणी की पूजा अर्चना की गई एवं श्री जिनेंद्र प्रभु का अभिषेक एवम शांतिधारा की गई। इससे एक दिन पूर्व जिनवाणी सजाओं प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जायेगें। इस अवसर मौजूद दोनों क्षुल्लिका माताजियों को शास्त्र भेंट किए गए। कार्यक्रम का निर्देशन पूर्व प्राचार्य महेंद्र कुमार शास्त्री, प्राचार्य चक्रेश शास्त्री एवं सफल संचालन विद्वत नवनीत जैन शास्त्री द्वारा किया गया।

ब्रीफ न्यूज

बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर अजाक्स ने दी श्रद्धांजलि

हरदा। क्रांति सूर्य धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर अजाक्स जिला कार्यालय में संघठन के सदस्य पदाधिकारियों द्वारा बिसरा मुंडा के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अजाक्स की जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा निराला द्वारा अपने उद्बोधन व्यक्त किये। अजाक्स के पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश मसकोले,कार्यकारी जिलाध्यक्ष नरेंद्र शाह, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा ठाकुर एवं महासचिव श्रीमती ज्योति परते, जिला उपाध्यक्ष डा. प्रेमनारायण ईवने, पंचम उइके, बबिता जोठे, राहुल नागराज, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

पिछले 24 घंटों में जिले में 12.2 मि.मी. औसत वर्षा हुई

हरदा। जिले में गत चौबीस घंटों में 12.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 8.9 मि.मी., टिमरनी में 10.4 मि.मी., खिरकिया में 2.6 मि.मी., रहटगांव में 28 मि.मी. व सिराली में 11.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 25 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 19.8 मि.मी., टिमरनी में 24 मि.मी., खिरकिया में 19.4 मि.मी., रहटगांव में 46 मि.मी. व सिराली में 16.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 11 जून तक 0.8 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

पलटा ट्रक, लगा जाम

हरदा। हरदा खंडवा मार्ग पर ग्राम मसनगांव के पास एक ट्रक रोड पर पलट गया। जिसके कारण आने जाने का मार्ग पूरी तरह बंद हो गया। मोके पर पहुचे प्रशासन द्वारा मार्ग साफ करने का प्रयास किया गया।

जल गंगा संवर्धन अभियान : स्कूली बच्चों ने ऑन स्पॉट चित्रकला के माध्यम से बताया जल संरक्षण का महत्व

सत्ता सुधार ■ खंडवा

जल गंगा संवर्धन अभियान में न सिर्फ जमीनी स्तर पर जल स्त्रोतों का उन्नयन एवम जीर्णोद्वार कार्य किया जा रहा है बल्कि विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं गतिविधियों के माध्यम से लोगों जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने का भी काम निगम कर रही है।

मंगलवार को सूरजकुंड वार्ड स्थित शासकीय विद्यालय में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के बीच चित्रकला की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे लगभग 40 बच्चों ने भाग लिया एवं ÷जल संरक्षण÷ विषय पर चित्र बना कर अपनी सृजनात्मक प्रतिभा को ड्रॉइंग शीट पर उतारा।

लगभग सभी बच्चों के चित्रों में न सिर्फ जल संरक्षण के ऊपर चित्र अपितु सबने अपनी अपनी शीट पर कुछ न कुछ ऐसा संदेश लिखा जिसे पढ़कर ऐसा लग रहा था मानो बच्चे अपनी पेंटिंग के माध्यम से अपने भविष्य की चिंता को व्यक्त कर रहे हैं और हम सबका ये कर्तव्य है की उनकी चिंता को मिलकर इस प्रकार खतम करे की हमारे पास उपलब्ध संसाधन आने वाली पीढ़ियां सकारात्मक रूप से कर पाएं। चित्रकला प्रतियोगिता में सुरेंद्र सिंह सोलंकी, अंजली शिंदे एवं सीमा माली ने निर्णायकों की भूमिका निभाई। एवं प्रतियोगिता में पलछीन अडपावर ने प्रथम, सिया लाड़ ने द्वतिय एवं तोषिका सोनी ने तृतीय स्थान अर्जित किया। विजेताओं को आने वाली 16 जून को उनके दिए हुए फोन नंबर से संपर्क कर के पुरुस्कार से सम्मानित भी किया जाएगा। प्रतियोगिता में निगम की ओर से उपायुक्त प्रदीप जैन, सहायक राजस्व अधिकारी प्रकाश राजपूत, सहायक जनसंपर्क अधिकारी गौरव खरे, झोन प्रभारी भुवन श्रीमाली, श्री जाकिर अहमद, अजय पटेल, मनीष पंजाबी एवं आई ई सी की टीम भी उपस्थित रहे।

आज निबंध प्रतियोगिता का भी होगा आयोजन- जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 12 जून को निगम सभागृह में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है। जो भी अभ्यर्थी इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं वह अधिक जानकारी के लिए योजना अधिकारी नवनीत शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं।

बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिये सभी आवश्यक तैयारी करें : शर्मा

सत्ता सुधार ■ हरदा

भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त पवन शर्मा ने मंगलवार को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से दोनों संभागों के सभी कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों की बैठक लेकर निर्देश दिये कि वर्षा ऋतु में आने वाली संभावित बाढ़ और अन्य तरह की प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिये सभी आवश्यक उपाय करें तथा विस्तृत कार्ययोजना बनाकर कार्य करें।

कलेक्ट्रेट हरदा के वी.सी. रूम में कलेक्टर आदित्य सिंह और पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे के अलावा अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने कमिश्नर श्री शर्मा को जिले में बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदा से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिये की गई तैयारियों के बारे में बताया। कमिश्नर श्री शर्मा ने बैठक में सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिये कि अपने-अपने जिलों में नागरिकों व गोताखोरों की सूची एवं उनके फोन नम्बर चिन्हित कर लें ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें तत्काल बुलाया जा सके। उन्होने संभाग के सभी जिलों के कार्यपालन यंत्री जल संसाधन को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र में स्थित बांधों के गेट खोलने व बंद करने की रिहर्सल भी करें। उन्होने कलेक्टर्स को निर्देश दिये कि होमगार्ड के पास बाढ़ से निपटने हेतु उपलब्ध सामग्री को चैक कर लें। उन्होने निचले रपटों के दोनों ओर अस्थाई बेरियर लगाने की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये ताकि रपटे के उपर जब पानी बहने लगे तो रास्ता बंद किया जा सके। कमिश्नर श्री शर्मा ने सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र में नाव संचालकों की बैठक लेकर उन्हें वर्षा के मौसम में सीमित मात्रा में सवारी बैठाने के लिये पाबन्द करें ताकि ओवर लोडिंग के कारण नाव पलटने जैसी घटना न हो। उन्होने पहुँचविहीन क्षेत्रों में दवा एवं खाद्य सामग्री के अतिरिक्त भण्डारण के संबंध में कलेक्टर्स को निर्देश दिये।

छीपाबड़ में तालाब गहरीकरण का कार्य प्रारम्भ

हरदा। जल संरक्षण व संवर्धन तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने 5 से 16 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई व उनके गहरीकरण के निर्देश दिये है। इस अभियान के तहत हरदा जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में जल संरक्षण एवं संवर्धन संबंधी गतिविधियां नियमित रूप से की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को छीपाबड़ स्थित तालाब गहरीकरण कार्य में स्थानीय नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान किया। इस अवसर पर एसडीएम खिरकिया संजीव नागू, जनपद सीईओ प्रवीण इवने, स्थानीय पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। इस अवसर पर नागरिकों को जल संरक्षण के संबंध में शपथ दिलाई गई। सिराली में रंगोली बनाकर नागरिकों को पानी का महत्व समझाया और सभी से पानी बचाने और पौधरोपण की अपील की। जल स्त्रोतों के आसपास ग्राम पंचायतों द्वारा साफ-सफाई कराई गई। ग्राम नजरपुरा व नहाली कलॉ में कूप मरम्मत कराकर सौन्दर्यीकरण कराया गया।

नागचुन तालाब के पास साफ सफाई कर किया गया वृक्षारोपण

सत्ता सुधार ■ खंडवा

शहर के सभी जल स्त्रोत चाहे वो बावड़ी हो, कुआं हो या तालाब सब जल गंगा संवर्धन अभियान का धन्यवाद कर रहे होंगे।

नगरवासी भी इस अभियान की प्रशंसा कर रहे हैं,क्यों की यह अभियान सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं है अपितु जमीनी स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहा है। खंडवा के महापौर, लोकप्रतिनिधि एवं निगम के अधिकारी - कर्मचारीयों के साथ साथ शहर की आम जनता भी सराहनीय कार्य कर रही है। इसी कड़ी में आज नगचून तालाब के पास मशीन से गड्ढा करवा के बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया गया। और आज पास साफ सफाई की गई। वृक्षारोपण से न सिर्फ वातावरण एवं जलवायु अनुकूल रहेगी अपितु भविष्य में नागचून तालाब के आस पास का भूमिगत जल स्तर भी पड़ेगा एवं मृदा अपरदन भी कम रहेगा।

इस कार्यवाही में अनिल विश्वकर्मा अध्यक्ष नगर पालिक निगम खंडवा, सोमनाथ प्रभारी यातायात एवं परिवहन, राजेश यादव प्रभारी जल समिति, मनोज मंडलोई, नीतीश बजाज, राजेश तिवारी, भूपेंद्र सिंह, इंद्र मंडलोई, जाकिर जाफरी उपायुक्त, राकेश ललित, संतोष पांडे, संजय शुक्ला, मनोज वैष्णव एवं नगर पालिक निगम खंडवा के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

एसडीओपी ने रात्री में किया थानों का औचक निरीक्षण

हरदा। पुलिस अधीक्षक के अभिनव चौकसे निर्देशन में अरूणा सिंह उप पुलिस अधीक्षक महिला सेल द्वारा रात्री में थाना कोतवाली का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण दौरान रात्री एचसीएम प्र.आर. शैलेन्द्र धुर्वे एवं सैनिक शंभूदयाल उपस्थित मिले एवं हवालात में कोई भी आरोपी नही पाया गया एवं रात्री गस्त समय से रवाना हो चुकी थी उपुअ. द्वारा थाना में संधारित निगरानी, व्हीसीएनव्ही, गुमइंसान, जप्तीमाल ,जयराम रजिस्टर चेक किये गये। इसी प्रकार श्रीमति आकांक्षा तैलया अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग टिमरनी द्वारा थाना टिमरनी का औचक निरीक्षण किया गया थाना टिमरनी में रात्री में प्र.आर. 364 राममोहन चिचाम, एवं प्र.आर. 25 संजय वामने उपस्थित मिले एवं रात्री गस्त पाईन्ट रवाना होना पाया गया एवं हवालात में कोई भी आरोपी नही होना पाया गया। निरीक्षण दौरान अनुविभागीय अधिकारी द्वारा निगरानी रजिस्टर, व्हीसीएनबी, गुमइंसान रजिस्टर ,सजायाब रजिस्टर चेक किये गये। थाने का मुआयना करने पर थाना की साफ सफाई को लेकर एचसीएम को फटकार लगाई गई। थाने पर ड्युटीरत कर्मचारी मुस्तैदी से ड्युटीकरते पाये गये। साथ ही थाने से संबंधित डायल 100 चेक की गई जो की मंडी क्षेत्र में गस्त करते मिला जिसमें कर्मचारी उपस्थित मिले।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

सत्ता सुधार ■ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत के सभाकक्ष में नागरिकों की समस्याएं सुनी तथा उनके निराकरण के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया व अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में राजकुमार व नानकराम ने कलेक्टर श्री सिंह को आवेदन देकर बताया कि ग्राम झुण्डगांव में उसके स्वामित्व की भूमि पर प्रधानमंत्री सड़क बना दी गई है। अपनी जमीन वापस दिलवाने या जमीन का मुआवजा दिलाने की मांग कलेक्टर श्री सिंह से की, जिस पर उन्होने प्रधानमंत्री सड़क के महाप्रबन्धक को आवेदक की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिये। आवेदक आलोक गौर शिक्षक ने कलेक्टर श्री सिंह को आवेदन देकर बताया कि मगरधा में रामकृष्ण और रामनारायण राजपूत द्वारा गांव के प्राकृतिक नाले का रास्ता बंद कर वहां अतिक्रमण कर लिया गया है और नाले के पानी की दिशा बदल दी गई है। आलोक ने अतिक्रमण हटाकर प्राकृतिक नाले का जल बहाव पूर्ववत कराने की मांग की, जिस पर कलेक्टर श्री सिंह ने एसडीएम हरदा को मामले का परीक्षण कर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। टिमरनी निवासी शालिगराम कौशल ने कलेक्टर श्री सिंह को अपनी जमीन का नामांतरण कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर श्री सिंह ने तहसीलदार टिमरनी को प्रकरण की जांच कर आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में फारेस्ट कॉलोनी निवासी गरीबदास तथा सोकल कॉलोनी निवासी गोपीकिसन गौर ने कलेक्टर श्री सिंह को सरकारी नाली की सफाई न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में फारेस्ट कॉलोनी निवासी मिट्ठू बाई ने कलेक्टर श्री सिंह को अपने नाती बालक विवेक व बालिका मोनिका का छात्रावास में प्रवेश करवाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर श्री सिंह ने जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को पात्रता अनुसार बच्चों का छात्रावास में प्रवेश कराने के निर्देश दिये।

किसानी

कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां जहां बारिश नहीं होने के कारण खेतों में कार्य शुरू नहीं हो पाया है

बारिश के बाद खेतों में बड़ी रौनक, किसान खेती-किसानी के काम में जुटे

सत्ता सुधार ■ हरदा

मानसून में आगाज होने के बाद भी हरदा जिले मुख्यालय में झमाझम बारिश का इंतजार है वहीं जिले में कई ग्रामीण क्षेत्र में इसके पूर्व झमाझम बारिश हुई। जिसके बाद कई क्षेत्रों के खेतों में रौनक बढ़ गई है। किसान खेतों की जुताई का कार्य भी शुरू कर दिया है। लेकिन कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां जहां बारिश नहीं होने के कारण खेतों में कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

अब जल्द ही मानसून बारिश होने की उम्मीद है। रविवार को भी हरदा जिले मुख्यालय में सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और दोपहर में घने काले बादल के बीच में पानी की हल्की फुहार चलने के बाद बंद हो गई। लेकिन आसमान में बादल शाम ढलने तक छाए रहे। इससे सूर्य की तेज गर्मी से तो राहत मिल गई लेकिन उमस भरी गर्मी से अभी लोगों को राहत नहीं मिल पाई है। जब तक झमाझम बारिश नहीं होती है तब तक उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। ऐसे में अब जिले में झमाझम बारिश होने की उम्मीद लगी है। सूखे खेत होने के कारण किसान अब बरसात शुरू धीरे-धीरे शुरू है। अब खेतों की जुताई का कार्य शुरू हो गया है।

बिजली की आप जाहि से ग्रामीण परेशान

रहटगांव। बिजली की बार-बार बंद होने से ग्रामवासी परेशान हो रहे हैं। उन्हें बेहद उमस और गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनने वाली नई सरकार ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह को वे नहीं देख पाए हैं। इसके कारण ग्रामवासी नाराज है ग्रामवासीगण व्यापारीगण दुकान में एक साथ मिलकर शपथ ग्रहण टीवी में देखने एकत्र हुए। परंतु बार-बार बिजली बंद से ग्रामीण भारी नाराज दिखे। ग्रामीण रोहित ने बताया कि बार-बार बिजली बंद चालू होने से हाल बेहाल हो गया है। दिन भर में 8 से 10 बार बिजली बंद चालू हुई थी।

नागरिकों ने पेड़ीघाट पर नदी तट पर की सफाई, कलेक्टर श्री सिंह व अपर कलेक्टर डॉ. गौड़ा ने पेड़ीघाट पर किया श्रमदान

हरदा। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हरदा जिले में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए 5 जून से हर दिन लगातार कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार सुबह कलेक्टर आदित्य सिंह के नेतृत्व में अजनाल नदी तट पर स्थित पेड़ी घाट की साफ सफाई के लिए सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह के साथ-साथ अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गोड़ा, एस.डी.एम. हरदा कुमार शानु देवड़िया, डिप्टी कलेक्टर अशोक डेहरिया, नायब तहसीलदार श्रीमती परमार, व मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार सहित डॉक्टर सी.पी. गुप्ता, विजय अग्रवाल, संतोष कुमार, संजय यादव, केके सिंह,सुरेंद्र बोहरे, व्हीके बिछोतिया, संजय त्रिपाठी, संजय जैन, अरुण दुबे, राजेंद्र पारे, शिवम दोगने सहीत अनेक जिला प्रशासन के अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों और शहर के गणमान्य नागरिकों व समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी श्रमदान किया। कलेक्टर श्री सिंह ने इस अवसर पर नागरिकों से अपील की कि जल संरचनाओं के आसपास साफ-सफाई और गहरीकरण के कार्यों में भागीदारी करें।

विश्वविद्यालयः योग शिक्षा विभाग द्वारा 6 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 12 से

सत्ता सुधार ■ सागर

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में आयुष मंत्रालय एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में योग शिक्षा विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस वृहद स्तर पर मनाने की तैयारियाँ जारी हैं।इसी श्रृंखला में 12-17 जून 2024 को योग वैकल्पिक तथा पूरक चिकित्सा पद्धतिः अवधारणा एवं तकनीक विषय पर 6 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के महर्षि पतंजलि भवन में प्रातः 05ः30 से 11ः00 तक प्रतिदिन कार्यशाला में एक घंटा प्रायोगिक अभ्यास सत्र पंद्रह मिनिट ध्यान तथा पंद्रह मिनिट प्रार्थनाए होगी। उक्त जानकारी देते हुए योग शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. भवतोष इंद्र गुरू ने बताया कि इस कार्यशाला का आयोजन अंतर विश्वविद्यालय केन्द्र योग विज्ञान बैंगलोर, केम्प आफिस नई दिल्ली के सहयोग से किया जा रहा है।कार्यशाला में अब तक 230 प्रतिभागीयों ने पंजीयन कराया है।हाईब्रिड मोड पर यह कार्यशाला गूगल मीट, यूटयूब तथा योग विभाग के फेसबुक पेज पर भी लाईव चलेगी इस कार्यशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता 12 जून को प्रातः 8ः30 बजे करेगी।कार्यक्रम निदेशक प्रो. गुरू ने बताया कि इस कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में रायपुर से प्रो. राजीव चौधरी सहज ध्यान, योग में मुद्राओं का महत्त्व, नई दिल्ली से डॉ. दिनेश शर्मा पंचकर्म और आयुर्वेद में स्वस्थवृत्त पर, साँची से डॉ. उपेन्द्र बाबू खत्री औपनिषदीय ध्यान पद्धति पर तथा ऊँकार साधना पर, कानपुर से डॉ ब्रजेश कश्यप चुंबक चिकित्सा, मर्म चिकित्सा, वैकल्पिक चिकित्सा पर प्रायोगिक अभ्यास एवं व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना में ग्रीष्म कालीन शिविर

बीना(सागर) सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना में समर कैंप के सप्तम दिवस के अंतर्गत वंदना सत्र में प्राचार्य श्री सुनील कुमार जी मुडोतिया ने योग के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृत भाषा देववाणी है। शोध में पाया गया है कि जो लोग संस्कृत श्लोक बोलते हैं, उनमें एकाग्रता बढ़ती है। शिविर का अर्थ होता है पूरे व्यक्तित्व का विकास करना। गीता स्वाध्याय करने से हिंदी संस्कृत सुद्रण होती है। जो शिविर में सिखाया जा रहा है उसे अपने जीवन में आत्मसात करें।भैया बहिनों को शारीरिक व योगाभ्यास(खो खो, कबड्डी), कराते ,निशानेबाजी, कौशल विकास ,गीता, वैदिक गणित स्वाध्याय ,इलेक्ट्रिक वर्क, डांस ,संगीत, रंगोली ,मेहंदी ,कढ़ाई, पेंटिंग ,स्प्रे पेंटिंग , कंप्यूटर, ATL,इंग्लिश स्पोकन, संस्कृत संभाषण, आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें भैया बहिनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में लगभग 128 भैया बहिन, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री शरद जी पटेल मीडिया प्रभारी भूपेंद्र सिंह ठाकुर एवं समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहे। यह कैंप 15 जून 2024 तक प्रातः 7ः00 से 09.00 बजे तक संचालित होगा। जिसमें नगर के अन्य विद्यालय के भैया बहिन भी सम्मिलित हो सकेंगे जिन्हें वाहन सुविधा निशुल्क रहेगी।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं धर्मेंद्र प्रधान को खाद्य मंत्री राजपूत ने दी बधाई

सत्ता सुधार ■ सागर

तीसरी बार केंद्र में बनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी गुना लोकसभा सीट से सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया को दी गई है। दूरसंचार वा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय जैसा महत्वपूर्ण विभाग ज्योतिरादित्य सिंधिया को दिया गया है।मप्र के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर उन्हें पुनः केंद्रीय मंत्री बनाए जाने एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस तरह आपने देश तथा प्रदेश में पिछली सरकार के महत्वपूर्ण विभाग का निर्वहन करते हुए विकास के नए आयामों पर देश और प्रदेश को पहुंचाया है। उसी प्रकार इस नई जिम्मेदारी में भी आपका अनुभव और दूरदर्शिता देश प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी । श्री राजपूत ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मध्यप्रदेश के विकास के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की।

मध्यप्रदेश के समग्र विकास को लेकर दोनों केंद्रीय मंत्रियों से की चर्चा

डॉ हरि सिंह गौर से जुड़ी है लोगों की आस्थाः श्री राजपूत

प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री राजपूत ने प्रदेश में शिक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए सागर वासियों की वर्षों पुरानी मांग को लेकर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से डॉ सर हरि सिंह गौर को भारत रत्न दिए जाने के संबंध में चर्चा कर प्रदेश की ओर से अपना पक्ष रखा। श्री राजपूत ने कहा कि डॉ गौर से लोगों की आस्थाएं जुड़ी है। उन्हें भारत रत्न दिया जाए, जिस पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही इस संबंध में चर्चा की जाएगी।

को -आपरेटिव सोसायटी के 26 जून को मतदान 1300 रेलवे कर्मचारी चुनेगे अपना प्रतिनिधि

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

एशिया की नंबर वन तथा अंग्रेजों के समय यानि 110 साल से संचालित को-आपरेटिव सोसायटी के लिए 26 जून को मतदान होना है। बीना क्षेत्र से चार डेलीगेट चुने जाने हैं। जिनके लिए रेल यूनियन वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ तथा वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्प्लाईज यूनियन से आठ उम्मीदवार मैदान में हैं। बरेठ से लेकर मुंगावली तक के लगभग 1300 रेल कर्मचारी बतौर मतदाता इनमें से अपना प्रतिनिधि चुनेंगे।भारतीय रेलवे में कार्यरत कर्मचारी की एक मात्र को आपरेटिव संस्था ईसीसी के लिए 26 जून को चुनाव होने हैं। भोपाल मंडल अंतर्गत बीना क्षेत्र से चार डेलीगेट चुने जाने हैं। यह डेलीगेट मंडल के 29 सदस्यों के साथ मिलकर ईसीसी के लिए एक डायरेक्टर का चयन करेंगे

ईसीसी के निवृतमान सदस्य आरके जैन ने बताया कि ईसीसी डेलीगेट के लिए 274 सीटों पर चुनाव होना है। अभी भोपाल मंडल में चुनाव चल रहे हैं। भोपाल मंडल में 29 सीटें हैं, इनमें से चार बीना क्षेत्र से चुने जाएंगे। डेलीगेट चुनने के लिए जो ईसीसी के शेयर होल्डर होंगे, वही मतदान कर सकेंगे। शेर होल्डर के रूप में किसी भी वर्ग का रेल कर्मचारी हो सकता है अभी डेली गेट आरके जैन, सौरभ पाठक लखन संतोष हरदेनिया हैं।

ईसीसी दिल्ली गेट के लिए दोनों प्रमुख रेल यूनियनों चार-चार उम्मीदवार मैदान में है यह उम्मीदवार अपनी अपनी यूनियन के पदाधिकारी के साथ तथा व्यक्तिगत रूप से रेल कर्मचारियों से संपर्क कर मतदान की अपील कर रहे हैं। बेस्ट रेल सेंटर रेलवे एम्पलाइज यूनियन से राहुल सिंह बुंदेला मेमू कार रोड टेक्नीशियन, रवि प्रजापति ट्रैक मेंटेनर इंजीनियरिंग रोहित सोलंकी, तकनीशियन टीआरडी तथा संदीप यादव मंडी बामोरा प्वाइंट्स मैन उम्मीदवार है। वही डब्ल्सीआरएमएस से सौरभ पाठक ओएस कैरिज एंड बेगान डिपो लाखन सिंह इंजीनियरिंग, सार्थक तिवारी लोको पायलट, नितिन राय अपनी किस्मत आजमा रही है।

वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के महामंत्री अशोक शर्मा ने किया

को -आपरेटिव सोसायटी चुनाव का शंखनाद।।

महामंत्री द्वारा प्रचार हेतु बीना पधारे एवम धुंआधार प्रचार किया।

एवम विभिन्न विभागों में जाकर गेट मीटिंग की।

जिसमे को -आपरेटिव पर काबिज यूनियन द्वारा कर्मचारी विरोधी गतिविधियां का खात्मा एवं 2 गारंटर के खत्म कर रेल कर्मचारियों को लोन उपलब्ध कराना, सस्पेंस अकाउंट का पैसा कर्मचारी के हितों में खर्च करना के बात कही।

बीना से बेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन की ओर से चुनाव चिन्ह गाय पर वोट डालने की अपील की।

बेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के डेलीगेट प्रत्याशी लाखन सिंह, सौरभ पाठक, नितिन राय , सार्थक तिवारी को भरी बहुमत से विजय बनाने की अपील की।गेट मीटिंग में सैकड़ों की संख्या में रेल कर्मचारी उपस्थित हुए।बेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के समस्त पधाधिकारी सक्रिय कार्यकर्ता, यूथ विंग पधाधिकारी उपस्थित हुए।

विभिन्न ट्रेनों में यात्रियों के साथ हुई चोरी,पीड़ित लोगों ने बीना स्टेशन पर कराया केस दर्ज

जी.आर.पी. थाना बीना
आपका स्वागत करता है

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

बीना से निकलने वाली अलग-अलग ट्रेनों में यात्रा करने वाले चार यात्रियों के साथ चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के मुताबिक ब्रजेश शर्मा निवासी सरगांव निवासी मुंगेली छत्तीसगढ़, गोंडवाना एक्सप्रेस एस-1 कोच में आगरा से बिलासपुर की यात्रा परिवार के साथ कर रहा था, जिसकी पत्नी का मोहांसा स्टेशन के पास अज्ञात चोर पर्स छीनकर भाग गया। पर्स। में सोने के कान के फूल, सोने के सुई धागा कीमत 60 हजार रुपए, मोबाइल, बीस हजार नकद चोरी चले गए। महिला का कुल 89 हजार 500 रुपए का सामान चोरी चला गया।वहीं, कविता माहोरकर,पठानकोट एक्सप्रेस से वर्धा की यात्रा कर रही थी, जिनका पर्स भी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। पर्स में रखा एक मोबाइल, आठ हजार रुपए नकद चोरी चले गए। शक्ति प्रकाश तिवारी, दादर स्पेशल एक्सप्रेस के एस-7 कोच में परिवार के साथ यात्रा कर रहा थे, जिसकी पत्नी का पर्स अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया, पर्स में रखी एक सोने की अंगूठी, कान की बाली, नकद दो हजार रुपए व एटीएम सहित अन्य सामान चोरी चला गया।इसके अलावा विजय पिता गोपाल कोरी (19) निवासी सेमरखेड़ी ईशागढ़ अशोकनगर, भोपाल पेपर देने गया था, जिसका बैग अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया, बैग में रखे दो हजार रुपए नकद, मोबाइल, मार्कशीट, एटीएम सहित अन्य सामान चोरी चला गया।मामले दर्ज कर जांच की जाएगी

बीना जीआरपी थाना प्रभारी मोहन ठक्कर ने बताया कि सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। सभी मामलों की जांच की जाएगी।

शिवसेना ने पुलिस पीआर लगाए आरोप....पुलिस संरक्षण में चल रहे अवैध शेयर मार्केट एडवाइजरी

सत्ता सुधार ■ सागर

मकरोनिया सहित शहर में चल रहे बिना सेबी रजिस्टर्ड शेयर मार्केट एडवाइजरी के नाम पर हो रही लोगों के साथ धोखाधड़ी के खिलाफ आज शिवसेना ने सागर पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी को ज्ञापन सोपा शिवसेना जिला प्रभारी विकास सिंह ने कहा कि शहर में जगह-जगह शेयर मार्केट एडवाइजरी के ऑफिस खुले हुए हैं जबकि ना तो उनके पास सेबी द्वारा (क्र) रिसर्च एनालिसिस .(द्ध) इन्वेस्टर एडवाइजर का किसी प्रकार का कोई रजिस्ट्रेशन है लेकिन उसके बाद भी इनके द्वारा खुलेआम टेलीग्राम ग्रुपो व्हाट्सएप पर लोगों को बाय सेल करने की एडवाइजरी दी जाती है सैकड़ों लोगों का डाटा इनके पास है जो अपराध की श्रेणी में आता मकरोनिया सहित शहर में सैकड़ो ऑफिस खुले हुए हैं जिन पर ना तो किसी प्रकार का कोई बोर्ड लगा हुआ है और नहीं वहां कार्य करने वाले लोगों के पास किसी प्रकार का कोई आई कार्ड है लेकिन उसके बाद भी धड़ल्ले से शेयर मार्केट एडवाइजरी चल रही है पूर्व में शिवसेना दुबारा मकरोनिया थाने में शिकायत भी की गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई शिवसेना जिला प्रमुख दीपक सिंह लोधी ने कहा कि शहर में अवैध शेयर मार्केट एडवाइजरी के ऑफीस निरंतर बढ़ते जा रहे है जुआ खिलाने वाले भी अब शेयर मार्केट एडवाइजरी की ओर झुकाव है क्योंकि जुआ तो पुलिस पकड़ लेती है।

मुख्यमंत्री के नगर आगमन को लेकर विधायक, महापौर प्रतिनिधि, पुलिस अधीक्षक एवं निगमायुक्त ने विभिन्न स्थानो का निरीक्षण किया

सत्ता सुधार ■ सागर

जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर 16 जून को म.प्र.शासन के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नगर आगमन को दृष्टिगत रखते हुये मंगलवार को विधायक शैलेन्द्र जैन, महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी, निगमाध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ सागर तालाब, सूबेदार वार्ड स्थित गुलाब बाबा मंदिर के सामने दुबे तालाब, लक्ष्मीपुरा बाबड़ी एवं चकराघाट सहित विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया तथा आवश्यक सुझाव दिये। उल्लेखनीय है कि शासन के आदेशानुसार 5 जून से 16 जून तक चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्राचीन जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु नगर पालिक निगम सागर द्वारा प्रारंभ किये गये तालाब के घाटों, बाबड़ी एवं शहर के 48 वार्डो में चिन्हित किये गये सार्वजनिक कुओं की सफाई का कार्य किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ अवसर पर 6 जून को महापौर श्रीमति संगीता सुशील तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं, स्व सहायता की महिलाओं एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा चकराघाट पर श्रमदान कर घाटों की सफाई की गई साथ ही अभियान के प्रति लोगों में जन जागृति लाने के उद्देश्य से शहर के मुख्य मार्गो से महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर प्राचीन जन स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन का संदेश दिया। निरीक्षण के दौरान पार्षद धर्मेन्द्र खटीक, रूबी कृष्णकुमार पटैल, विशाल खटीक, रिशांक तिवारी, उपायुक्त एस.एस.बघेल, प्रमेन्द्र गोलू रिछारिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

रेत से ओवरलोड डंपरों को किया गया जप्त

सागर। कलेक्टर दीपक आर्य के द्वारा भू माफियाओं एवं अवैध उत्खनन को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में एसडीएम जैसीनगर रोहित वर्मा ने बताया कि जैसीनगर सिलवानी स्टेट हाईवे पर लगातार ओवरलोड ट्रक एवं अवैध उत्खनन वाले ट्रको की जांच की जा रही है। तहसीलदार श्री सुनील वाल्मीकि द्वारा आज कार्रवाई करते हुए ओवरलोड ट्रको को जप्त कर जैसीनगर पुलिस को सौंपा गया। तहसीलदार सुनील वाल्मीकि ने बताया कि स्टेट हाईवे क्रमांक 15 पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। आज निरीक्षण के दौरान ट्रक क्रमांक एमपी 15 एच ए 1384 एवं एमपी 15 जेड ई 8884 की चेकिंग की गई, जिसमें क्षमता से ज्यादा रेत का भराव कर ओवरलोड किया गया था। उसे तत्काल जप्त कर जैसीनगर पुलिस के सुपुर्द किया गया।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने गोवंश तस्करी रोकने सहित गौरक्षा की विभिन्न मांगों को लेकर सोपा ज्ञापन

बीना(सागर)। बीना में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने गोवंश तस्करी रोकने सहित गौरक्षा की विभिन्न मांगों को लेकर कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि गौ तस्करी को रोकने, पशु हाट बाजारों पर रोक लगाने, पशु एंबुलेंस को मुफ्त करने, गो तस्करी में उपयोग किए गए वाहनों को राजसात करने, पशु बाजारों की रसीद के आधार पर अवैध को परिवहन करने पर पशु क्रूरता अधिनियम व मध्य प्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही करने, गौ सेवा समितियों को मनरेगा से भुगतान करने, मनरेगा से निर्माणाधीन गौशालाओं को जल्द पूर्ण करने व निराश्रित गौवंशों को गौशाला में शिफ्ट करने जैसी अनेक मांगो को लेकर एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा।विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष सुनील सिरोठिया ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा समय-समय पर देशभर में गौ हत्या व गौ तस्करी के विरोध में निरंतर मांग की जाती रही है किंतु प्रशासन इस पर कोई कार्यवाही नहीं करता। इसके विरोध में पूरे महाकौशल प्रांत में एक ही समय पर प्रत्येक जिले में कलेक्टर व एसडीएम को विश्व परिषद बजरंग दल द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है।

जिला स्तरीय क्षमता संवर्धन की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

सत्ता सुधार ■ सागर

स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सागर जिले के चयनित 21 पीएम श्री स्कूल योजनांतर्गत स्कूलों के प्राचार्यों की दक्षता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सागर में एडीपीसी अभय कुमार श्रीवास्तव, एपीसी उमाशंकर चाचोंदिया, राज्य स्तरीय स्त्रोत समन्वयक, अजय जैन एवं भक्ति जैन के मार्गदर्शन में एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न की गई। पीएम श्री स्कूल योजन के क्रियान्वयन एवं स्कूल की विशेषताओं, छात्रों में गुणवत्तायुक्त आधुनिक शिक्षा आदि से संबंधित जानकारी प्रशिक्षण में प्राचार्यों को दी गई। जिले से सभी चयनित पीएम श्री विद्यालयों के 21 प्राचार्य / प्रभारी कार्यशाला में उपस्थित हुए। कार्यशाला में प्रदेश से प्रदत्त सामग्री, ऑडियो-वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया एवं श्री रामकुमार रैकवार का सहयोग रहा, प्राचार्यों ने बेहतर प्रबंधन कैसे करें, यह कार्यशाला में सीखा। पीएम श्री योजनांतर्गत जिसमें केन्द्र सरकार/ राज्य/ केन्द्र शासित प्रदेश/ स्थानीय निकायों/ केबी/ एनबी द्वारा प्रबंधित स्कूलों में से भारत सरकार द्वारा 14500 से अधिक स्कूलों को पीएम श्री स्कूलों के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है, इन स्कूलों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सिद्धांतों का बनाए रखने और 21वीं सदी की मांगों को पूरा करने वाले अपने क्षेत्रों में अनुकरणीय स्कूलों के रूप में उभरने के लिए गुणात्मक रूप से मजबूत किया जावेगा, पीएम श्री स्कूल उत्कृष्टता का प्रदर्शन कर संपूर्ण शिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र के लिए विश्वास, प्रथाओं और ज्ञान केन्द्रों के रूप में कार्य करेंगे, वे अपने-अपने क्षेत्रों में न्यायसंगत, समावेशी और आनंदमय स्कूल वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने में नेतृत्व प्रदान करेंगे। यह स्कूल पर्यावरण अनुकूल पहलुओं को शामिल करते हुए ग्रीन स्कूल के रूप में विकसित किए जायेंगे, स्कूल गुणवत्ता मूल्यांकन ढांचा (एसक्यूएएफ) विकसित किया गया है, जो दक्षता के स्तर को दर्शाता है, आईआईटी/एनआईटी / केंद्रीय विश्वविद्यालयों को तीसरे पक्ष के सत्यापन और प्रदर्शन निगरानी में शामिल किया जाएगा। पीएम श्री योजना के अंतर्गत आईसीटी, स्मार्ट क्लासरूम एवं डिजीटल पुस्तकालय को विद्यालयों में विकसित किया जाएगा, प्रारंभिक बचपन की देखभाल और शिक्षा, मूलभूत सारक्षता और संख्यात्मकता सहित अध्यापन कार्य किया जावेगा। विद्यालयों को हरित विद्यालय बनाया जाएगा एवं व्यावसायिक हस्तक्षेप, इंटर्नशिप / अद्यमिता को बढ़ावा देकर प्रत्येक माध्यमिक शिक्षा के बच्चे को कम-से-कम एक कौशल के रूप विकसित किया जावेगा। आधारभूत संरचना के अंतर्गत विद्यालय का सुदृढ़ीकरण कर मौजूदा बुनियादी ढांचे में सुधार किया जावेगा, प्रत्येक बच्चे का नामांकन और सीखने के परिणामों के लिए ट्रेक किया जाएगा, सभी विद्यार्थियों पाठ्यक्रम / पाठ्यपुस्तक, यूनिफार्म, आईडी कार्ड उपलब्ध कराया जावेगा। प्रत्येक मंजिल पर साफ एवं सुलभ शौचालय, जिसमें निकास पंखे के साथ धुलाई की सुविधा और हाथ धोने के लिए मग, बाल्दी और साबुन की व्यवस्था की जाएगी, सीडब्ल्यूएसएन बच्चो के लिए अलग शौचालय, रेलिंग और रैंप की सुविधा उपलब्ध कराई जावेगी, लड़कियों के लिए वेंडिंग मशीन और सेनेटरी पैड का प्रावधान किया जावेगा।

ब्रीफ न्यूज

गुरप्रीत बने भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान

नई दिल्ली। स्टार खिलाड़ी सुनील छेत्री के संन्यास के बाद अब गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू भारतीय फुटबॉल टीम की कप्तानी करेंगे। गुरप्रीत कतर के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वॉलिफाइंग मैच के साथ ही कप्तानी शुरु करेंगे। अब टीम की कमान गुरप्रीत सिंह संधू को सौंपी गई है जो भारतीय टीम के गोलकीपर भी हैं। भारतीय टीम का लक्ष्य इस क्वालीफाइंग मैच में जीत दर्ज कर विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे चरण में जगह बनाना रहेगा। सुनील छेत्री के संन्यास के बाद ये गुरप्रीत का पहला मुकाबला होगा और इसमें उनके पास गोलकीपिंग के साथ ही टीम की कमान संभालने की जिम्मेदारी रहेगी। गुरप्रीत के कप्तान बनाए जाने के बाद टीम के कोच स्टिमक ने कहा कि उन्हें कप्तानी सौंपना कोई कठिन काम नहीं था। 32 साल के गुरप्रीत ने अब तक 71 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं।

पीसीबी ने 19 फरवरी से रखा चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन का प्रस्ताव

लाहौर। चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल की शुरुआत में 19 फरवरी से पाकिस्तान में शुरु होगी। इसकी मेजबानी कर रहे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने यह प्रस्ताव आईसीसी को भेजा है। इस प्रस्ताव के तहत टूर्नामेंट का आयोजन 19 फरवरी से नौ मार्च के बीच कराची, रावलपिंडी और लाहौर में किया जाएगा। कराची में टूर्नामेंट के उद्घाटन और सेमीफाइनल सहित तीन मैच खेले जाएंगे। वहीं लाहौर में फाइनल सहित कुल सात मैच जबकि रावलपिंडी क्रिकेट मैदान में दूसरे सेमीफाइनल सहित कुल पांच मैच होंगे। ये भी कहा गया है कि भारतीय टीम का हर मैच लाहौर में रखे जाने की उम्मीद है जिससे टीम को अधिक यात्राएं न करनी पड़ें। सुरक्षा के मद्देजनर उसके मैचों को एक ही शहर में रखा गया है। इसका एक और कारण ये है कि लाहौर बाघा बॉर्डर के पास भी है जिससे भारतीय प्रशंसकों के लिए वहां पहुंचना आसान भी होगा।

भारतीय टीम बचे हुए मैचों में जीती तो ही सुपर आठ में पहुंचेगी पाकिस्तान

न्यूयॉर्क। टी20 विश्वक कप में पहले ही दोनो मैच हारने से पाकिस्तान की टीम के लिए सुपर-आठ की राह बेहद कठिन हो गयी है। इसके लिए उसे बचे हुए अंतिम दोनो मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे, इसके साथ ही उम्मीद करनी होगी कि भारतीय टीम अमेरिका ओर कनाडा के खिलाफ अपने मुकाबले बड़े अंतर से जीते। इसका कारण ये है कि हर ग्रुप से सुपर-8 में दो टीमें ही प्रवेश करेंगी। ग्रुप-ए पर नजर डालें तो भारतीय टीम अपने सभी दो मैच जीतकर चार अंकों के साथ पहले स्थान पर है। वहीं अमेरिका भी पाकिस्तान और कनाडा को हराकर अपने दोनों मैच जीती है। बेहतर रन रेट के आधार पर भारतीय टीम अमेरिका से आगे है। वहीं पाकिस्तान और कनाडा की टीम अपने दोनों मैच हारी है। आयरलैंड ने दो में से एक मैच में जीत हासिल की है। पाक की टीम अभी नेट रन रेट के मामले में माइनस में है। वहीं अमेरिका का नेट रन रेट काफी अच्छा है।ऐसे में पाक टीम ये दोनों मैच जीतकर अपना रन रेट बेहतर करना चाहेगी।

रोम में यूरोपीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाग लेती हई प्रतियोगी।

नामीबिया को हराकर सुपर आठ में जगह पक्की करने उतरेगी ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी ■ नॉर्थ साउंड

ऑस्ट्रेलियाई टीम बुधवार को यहां कम नामीबिया के खिलाफ ग्रुप बी मुकाबले में बढ़ी जीत दर्ज कर सुपर आठ में जगह तय करने उतरतेगी। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक अपने दोनो ही मुकाबले जीते हैं और अब उसका लक्ष्य नामीबिया जेसी कमजोर टीम को बड़े अंतर से हराना रहेगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम अब तक इस इस टूर्नामेंट में 200 रन से अधिक बनाने वाली अकेली टीम है। इंग्लैंड के खिलाफ सात विकेट पर 201 रन बनाकर मुकाबले में 36 रनों से जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने अपने पहले मैच में ओमान को 39 रन से हराया था। इस प्रकार उसके दो मैच में दो जीत से चार अंक हैं। वहीं स्कॉटलैंड की टीम तीन मैच में पांच अंक के साथ शीर्ष पर है। नामीबिया को हराकर ऑस्ट्रेलिया का सुपर आठ में पहुंचना पक्का हो जाएगा। इसके बाद टीम स्कॉटलैंड के खिलाफ ग्रुप बी का अपना अंतिम मैच खेलेगी। वहीं स्कॉटलैंड के पास गत चैंपियन इंग्लैंड को हराकर सुपर आठ में पहुंचने का अवसर है। इंग्लैंड के दो मैच में एक अंक हैं। स्कॉटलैंड के खिलाफ उसका पहला मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था। ऑस्ट्रेलिया ने यहां पहले अभ्यास मैच में नामीबिया को सात विकेट से हराया था जिससे विरोधी टीम इस बार भी उसके खिलाफ दबाव में रहेगी। ऑस्ट्रेलिया की ओर से सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर शानदार फार्म में चल रहे हैं। वार्नर ने ओमान के खिलाफ अर्धशतक लगाया जबकि इंग्लैंड के खिलाफ 16 गेंद में 39 रन बनाये थे। अब वह एक बार फिर इसी प्रकार का प्रदर्शन करना चाहेंगे। वार्नर के सलामी जोड़ीदार ट्रेविस हेड भी अच्छी फॉर्म में हैं और दोनों ऑस्ट्रेलिया को एक बार फिर तेज शुरुआत देना चाहेंगे। वहीं दूसरी ओर नामीबिया को ओमान के खिलाफ सुपर ओवर में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अपने ऑलराउंडर डेविड वाइसे से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। इसके अलावा उसके स्पिनर बर्नार्ड श्कोल्ट्ज से भी अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके बाद भी ये मैच एकतरफा होना तय है क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई टीम के सामने नामीबिया कहीं नहीं टिकती।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :

ऑस्ट्रेलिया : मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर और एडम जंपा।

नामीबिया : गेरहार्ड इरास्मस (कप्तान), जेन ग्रीन, माइकल वैन लिंगेन, डायलन लीचर, रूबेन ट्रम्पलमैन, जैक ब्रासेल, बेन शिकोंगो, टैंगेनी लुंगामेनी, निको डेविन, जेजे स्मिट, जान फ्राइलिंक, जेपी कोट्जे, डेविड वाइसे, बर्नार्ड स्कोल्ट्ज, मालन क्रूगर और पीडी ब्लिगनॉट।

अनुभवी खिलाड़ियों से भरी है भारतीय टीम : हरभजन

न्यूयॉर्क। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ जिस प्रकार से कठिन हालातों में जीत दर्ज की उससे साफ हो गया है कि भारतीय टीम अनुभवी खिलाड़ियों से भरी हुई है। हरभजन के अनुसार इस जीत से प्रशंसकों का उत्साह बढ़ा है। उन्होंने कहा कि हमारा बल्लेबाजी क्रम ऐसे खिलाड़ियों से भरा हुआ है जो दबाव में भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं। साथ ही कहा कि टी20 प्रारूप में भारतीय टीम, सबसे अनुभवी और मजबूत टीमों में से एक है।

ओलंपिक के लिए 15 सदस्यीय निशानेबाजी टीम घोषित

दो स्पर्धाओं में भाग लेंगी मनु

एजेंसी ■ नई दिल्ली

आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय राइफल और पिस्टल टीम की घोषणा हो गयी है। इसमें स्टार खिलाड़ी मनु भाकर ही दो स्पर्धाओं में भाग लेंगी बाकि सभी खिलाड़ी केवल एक स्पर्धा में हिस्सा लेंगी। भारतीय निशानेबाजी महासंघ ने 15 सदस्यीय राइफल और पिस्टल टीम की का चयन एक वर्चुअल बैठक में किया। महासंघ ने इस टीम में 8 राइफल और 7 पिस्टल निशानेबाजों को शामिल किया है। इसमें विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल को जगह नहीं मिली है। इसका कारण है कि रुद्राक्ष चयन ट्रायल में विफल रहे थे। भारतीय टीम के सभी सदस्य अभी कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ फ्रांस के वोल्मेरेंज लेस माइंस में अभ्यास कर रहे हैं। इस शिविर को हालातों से तालमेल बैठाने के लिए लगाया गया है। ओलंपिक में जाने से पहले सभी खिलाड़ी दो सप्ताह के लिए स्वदेश लौटेंगे। वहीं शॉटगन टीम की घोषणा इटली के लोनाटो में होने वाले विश्व कप के बाद की जाएगी, जिसमें प्रतियोगिताएं बुधवार से शुरू होकर 18 जून तक चलेंगी। पेरिस ओलंपिक खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे। भारतीय निशानेबाजों ने इस बार संभावित 24 में से 21 कोटा स्थान हासिल किए थे। राइफल और पिस्टल में उसने सभी आठ आठ कोटा स्थान हासिल किए हैं। भारत ने इससे पहले कभी इतनी अधिक कोटा स्थान हासिल नहीं किए थे। तोक्यो ओलंपिक के लिए भारत ने 15 कोटा स्थान हासिल किए थे।

टीम इस प्रकार है :

राइफल : संदीप सिंह, अर्जुन बबूता (10 मीटर एयर राइफल पुरुष), एलावेनिल वलारिवन, रमिता (10 मीटर एयर राइफल महिला), सिफ्ट कौर समरा, अंजुम मौदगिल (50 मीटर राइफल 3 पोजिशन महिला), ऐश्वर्य तोमर, स्वप्निल कुसाले (50 मीटर राइफल 3 पोजिशन पुरुष)

पिस्टल : सरबजोत सिंह, अर्जुन चीमा (10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष), मनु भाकर, रिदम सांगवान (10 मीटर एयर पिस्टल महिला), अनीश भानवाल विजयवीर सिद्धू (25 मीटर आरएफपी पुरुष), मनु भाकर, ईशा सिंह (25 मीटर पिस्टल महिला)

ओलंपिक के लिए सात बैडमिंटन खिलाड़ियों को मिला प्रवेश

नई दिल्ली। आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए तक सात बैडमिंटन खिलाड़ियों को क्वालीफाइंग टिकट मिला है। इसमें पीवी सिंधु, एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन जैसे शीर्ष खिलाड़ी शामिल हैं। सिंधु , प्रणय और लक्ष्य ने पहले ही ओलंपिक में जगह पक्की कर ली थी पर अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन महासंघ ने तय कट ऑफ तारीख के बाद आधिकारिक तौर पर अब इनके क्वालीफाई करने की पुष्टि की है। ओलंपिक खेल के नियमों के अनुसार कट ऑफ तारीख पर ही क्वालिफिकेशन रैंकिंग के आधार पर पुरुष और महिला एकल से शीर्ष 16 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करते हैं। इसमें सिंधु 12वें स्थान पर रहीं जबकि पुरुष एकल में प्रणय और लक्ष्य क्रमशः नौवें और 13वें स्थान पर रहे। वहीं पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ओलंपिक क्वालिफिकेशन चक्र के अंत में तीसरे स्थान पर रही और इस प्रकार उसे भी ओलंपिक टिकट मिला है जबकि महिला युगल में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ी ने क्वालिफिकेशन च्रक के अंत में 13वें स्थान पर रहकर क्वालीफाई किया है।

केशव ने बांग्लादेश के खिलाफ अंतिम ओवर में द. अफ्रीका को जीत दिलायी

सुपर आठ में पहुंचने वाली पहली टीम बनी

एजेंसी ■ न्यूयार्क

केशव महाराज के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने एक रोमांचक मुकाबले में बांग्लादेश को हरा दिया। इसी के साथ ही दक्षिण अफ्रीकी टीम सबसे पहले सुपर आठ में पहुंच गयी है। इस मैच में दक्षिण अफ्रीकी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 113 रन बनाए। इसके बाद बांग्लादेश की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 109 रन ही बना पायी। केशव इस मैच के हीरो रहे उन्होंने अंतिम ओवर में छह रन देकर दो विकेट लिए और अपनी टीम को चार रनों से जीत दिला दी।

114 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरे बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने 50 रन के अंदर ही 4 विकेट गंवा दिए1 इसके बाद तौहीद हृदय 37 और महमूदुल्लाह 20 ने पारी संभाली। तौहीद के आउट होने के बाद बांग्लादेश को जीत के लिए 17 गेंद पर 20 रन की जरूरत थी। इसके बाद महमूदुल्लाह और जाकर अली 8 टीम को 102 रन तक लाए। बांग्लादेश को अंतिम ओवर में जीत के लिए 6 गेंद पर 11 रन बनाने थे। ऐसे में केशव महाराज मैच का आखिरी ओवर लेकर आए। केशव की पहली गेंद वाइड रही और दूसरी गेंद पर महमूदुल्लाह सिर्फ एक रन बना सके। अब क्रीज पर जाकेर आए और उन्होंने अगली गेंद पर 2 रन बनाए। अब बांग्लादेश को आखिरी 4 गेंद पर जीत के लिए बनाने थे 7 रन। तभी केशव ने जाकेर को कैच कराकरन मैच बदल दिया। बांग्लादेश को आखिरी तीन गेंद पर जीत के लिए 7 रन चाहिए थे। केशव ने 20वें ओवर की चौथी गेंद फेंकी, जिस पर बांग्लादेश ने एक रन बनाया। अब क्रीज पर थे महमूदुल्लाह और बांग्लादेश को जीत के लिए चाहिए थे छह रन बड़े शॉट खेलने में माहिर महमूदुल्लाह ने बाउंड्री के बाहर शॉट खेलने को सोचा लेकिन वे भी जाकेर की तरह लॉन्गऑन पर कैच हो गये। इसके बाद अंतिम गेंद पर बांग्लादेश के बल्लेबाज तस्कीन अहमद के पास यह अवसर था कि वे छक्का मारकर अपनी टीम को जिता दें पर वह एक ही रन बना पाये।

अब गोवा एफसी से खेलते नजर आयेंगे डिफेंडर आकाश

नई दिल्ली। डिफेंडर आकाश सांगवान अब एफसी गोवा क्लब की ओर से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल सत्र में खेलते नजर आयेंगे। इससे पहले एफसी गोवा क्लब ने आकाश से करार किया। क्लब ने हालांकि ये नहीं बताया है कि ये करार कितने समय के लिए किया गया है पर कहा जा रहा है कि ये लंबे समय के लिए होगा। आकाश ने साल 2017-18 सत्र में टीम को आईलीग खिताब जीतने में सहायता की थी।

सांगवान ने 2017 में क्लब के साथ अपने सीनियर पेशेवर पदार्पण से पहले मिनर्वा पंजाब के साथ अपना फुटबॉल करियर शुरू किया था। उन्होंने 2017-18 सत्र में टीम को आईलीग खिताब जीतने में भी सहायता की। इस खिलाड़ी ने साल 2022 में दो बार के पूर्व आईएसएल चैंपियन चेन्नईयिन एफसी में शामिल होने से पहले चर्चिल ब्रदर्स और राउंडग्लास पंजाब के लिए खेला है।

अब मार्च में आमने-सामने होंगी भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमें

एजेंसी ■ मुम्बई

टी20 विश्वकप क्रिकेट में न्यूयार्क में हुए मुकाबले में भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ छह रनों से रोमांचक जीत दर्ज कर अपना दबदबा बनाये रखा है। दोनो ही टीमों के बीच अब तक हुए आठ में से सात मुकाबले भारतीय टीम ने जीते हैं और केवल एक मैच में पाक को जीत मिली है। प्रशंसकों को दोनो ही टीमों के बीच अब अगला मुकाबला आठ महीने बाद मार्च 2025 में देखने को मिलेगा।

एक रिपोर्ट के अनुसार, 2025 चैंपियंस ट्रॉफी का ड्राफ्ट शेड्यूल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को सौंप दिया गया है और भारत-पाक का मैच आठ टीमों की 15 मैचों की प्रतियोगिता में लीग मैचों में से अंत में खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट 19 फरवरी से 9 मार्च के बीच खेला जाएगा। मैचों की तारीखों की घोषणा अभी नहीं हुई है। यह मैच लाहौर में खेला जाएगा।

इसमें भारतीय टीम को खेलना सरकार की मंजूरी पर निर्भर रहेगा। अगर ऐसा नहीं होतो ये मैच किसी अन्य वैकल्पिक स्थल पर हो सकता है। वहीं कहा जा रहा है कि पीसीबी को अपनी तैयारियों को आगे बढ़ाने के लिए कहा गया है। पीसीबी ने 20 दिवसीय प्रतियोगिता के लिए लाहौर, कराची और रावलपिंडी को मैच स्थल के रूप में चुना है, जिसमें लाहौर भारत के लिए मैच स्थल रखा गया है। कार्यक्रम के अनुसार, लाहौर में सात मैच, रावलपिंडी में पांच और कराची के बंदरगाह शहर में तीन मैच होंगे। कराची में 19 फरवरी उद्घाटन मैच खेला जाएगा, जबकि दो सेमीफाइनल कराची और रावलपिंडी में होंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, 9 मार्च को फाइनल लाहौर में होगा, जिसे सभी भारतीय खेलों के साथ-साथ सेमीफाइनल भी आवंटित किया गया है। पीसीबी ने अभी तक किसी अन्य स्थल पर भारतीय टीम के मैच को रखे जाने का विकल्प नहीं रखा है।

इस प्रकार के मैदानों से अमेरिका में क्रिकेट को बढ़ाना असंभव

दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज क्लासेन ने न्यूयॉर्क पिच पर सवाल उठाये

एजेंसी ■ न्यूयॉर्क

बांग्लादेश के खिलाफ मिली जीत के बाद दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर हेनरिक क्लासेन ने यहां के नासाउ काउंटी क्रिकेट मैदान की पिच पर सवाल उठाये हैं। क्लासेन ने यहां तक कहा कि अगर ऐसे मैदानों पर मैचों के आयोजन से आईसीसी अमेरिका में क्रिकेट को आगे बढ़ाना चाहता है तो ये आसान नहीं होगा। इस बल्लेबाज ने कहा कि इस मैदान की ड्रॉप इन पिचों पर बल्लेबाजी करना बेहद मुश्किल है। अब तक हुए मैचों में यहां कोई भी टीम 200 रन भी नहीं बना पायी है। भारतीय टीम ने यहां 119 रन बनाकर जीत हासिल की थी। वहीं अब दक्षिण अफ्रीका ने113 रन बनाकर मुकाबला जीता है। क्लासेन ने बांग्लादेश के खिलाफ 44 गेंद पर 46 रन बनाए अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

क्लासेन ने अपनी टीम की जीत के बाद कहा, 'निश्चित तौर पर अगर आप विश्वक को दिखाना चाहते हैं और यहां बाजार तलाश रहे हैं तो मुझे नहीं लगता कि इस तरह के हालातों में ऐसा करना संभव होगा। क्रिकेट के लिहाज से यह कड़ी प्रतिस्पर्धा है। इससे शीर्ष टीमों और अन्य टीमों के बीच अंतर कम हो गया है। इस आक्रामक बल्लेबाज ने कहा कि बल्लेबाज इस तरह की पिच पर खेलना पसंद नहीं करेंगे जबकि गेंदबाज ऐसी पिचों पर खेलना चाहेंगे। आईसीसी ने भी माना है कि उसने जिस तरह की पिचों की उम्मीद की थी यह वैसी नहीं हैं। क्लासेन ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो 'मुझे लगता है कि सभी बल्लेबाज इस स्थान से बाहर निकलना चाहेंगे लेकिन गेंदबाज यही बने रहना चाहेंगे। हमने अपनी भूमिका निभाई और हमारा लक्ष्य यहां तीनों मैच में जीत दर्ज करना था। निश्चित तौर पर जितना हमने सोचा था जीत हासिल करना उससे अधिक कठिन रहा।

उन्होंने कहा, 'हमारे लिए यहां काफी तनाव भरा रहा क्योंकि मैच वास्तव में काफी करीबी बन गए। हमारे लिए कोई भी मैच आसान नहीं रहा पर इसके बावजूद अच्छा मनोरंजक क्रिकेट हुआ। इस प्रकार की पिच पर कोई भी टीम किसी को हरा सकती है।

बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने अंपायर के फैसले पर सवाल उठाये

न्यूयॉर्क। टी20 विश्व कप 2024 में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश मैच में खराब अंपायरिंग पर सवाल उठे हैं। इस मैच में बांग्लादेश की हार के बाद उसके खिलाड़ियों ने अंपायर के फैसले की आलोचना की है। इस मैच में बांग्लादेश की बल्लेबाजी के दौरान ओटनील बार्टमैन की एक गेंद महमूदुल्लाह के पैर से लगते बाउंड्री के बाहर चली गयी। दक्षिण अफ्रीका ने इस पर एलबीडब्ल्यू की अपील की जिसपर अंपायर ने महमूदुल्लाह को आउट करार दिया। बांग्लादेश ने इस फैसले के खिलाफ डीआरएस लिया और तीसरे अंपायर ने महमूदुल्लाह को नॉट आउट करार दिया। अंपायर के आउट दिया था इसलिए इस गेंद को डेड बॉल करार दिया गया जिस कारण बांग्लादेश को वो चार नहीं मिले और अंत में बांग्लादेश हार गयी।

अंपायर के इस फैसले से नाराज बांग्लादेश के बल्लेबाज तौहीद ह्रदोय ने कहा, ऐसे रोमांचक मैच में यह हमारे लिए अच्छा फैसला नहीं था। मेरे नजरिये में अंपायर ने महमूदुल्लाह को आउट करार दिया, पर यह हमारे लिए काफी कठिन फैसला रहा। वो चार रन मैच का परिणाम बदल सकते थे। नियम हमारे हाथ में नहीं हैं।

सत्ता सुधार

केंद्र सरकार में मंत्री बनने के बाद जितिन प्रसाद ने यूपी सरकार के मंत्री पद व विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्हें मोदी सरकार 3.0 में वाणिज्य राज्यमंत्री बनाया गया है। वह यूपी में विधान परिषद सदस्य थे और सरकार में लोक निर्माण विभाग के मंत्री थे। उनका इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया गया है।

गृह मंत्री अमित शाह की पत्नी ने रामलला के दरबार में लगाई हाजिरी

- ज्येष्ठ के तीसरे मंगल पर बजरंगबली के जयकारों से गूंजी अयोध्या
- तपन-गर्मी के बीच हनुमानगढ़ी पर उमड़ा आस्था का सैलाब

सत्ता सुधार ■ अयोध्या

गृहमंत्री अमित शाह की पत्नी सोनल शाह मंगलवार को अयोध्या पहुंचीं। उन्होंने हनुमानगढ़ी व रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। रामलला के दरबार में दर्शन-पूजन के दौरान पुजारियों ने उनका स्वागत किया और प्रसाद भी दिया। हनुमानगढ़ी में उन्होंने हनुमान जी की आरती उतारी। संत हेमंत दास ने हनुमानगढ़ी में उनका स्वागत किया। वहीं ज्येष्ठ माह के तीसरे और आखिरी मंगलवार को बजरंगबली के प्रति आस्था उमड़ी। बजरंगबली की प्रधानतम पीठ हनुमानगढ़ी पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा।

सुबह से ही भक्त उमड़े तो दिन चढ़ने के साथ भक्ति का रंग मार्गों पर भी प्रवाहित हुआ। पांच जिलों से होकर गुजरने वाले 84 कोसी परिक्रमा पथ को विकसित करने की कवायद तेज हो गई है। इस परिक्रमा पथ के विकसित होने से आस-पास के जिलों से रामनगरी का जुड़ाव हो सकेगा और पर्यटन व रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

सुबह चार बजे से ही गूंजे जयकारे

हनुमानगढ़ी में सुबह चार बजे से ही बजरंगबली के जयकारे गूंजने लगे। फूलों से सजे हनुमंतलला की दिव्य छवि के दर्शन कर भक्त निहाल होते रहे। हनुमानगढ़ी के निकास द्वार पर निर्माण कार्य के चलते प्रवेश द्वार से ही श्रद्धालुओं को प्रवेश कराया गया। इसी रास्ते से भक्त वापस भी लौटे। छोटे-छोटे ब्लॉक में श्रद्धालुओं को दर्शन कराया गया। ज्येष्ठ माह के मंगल पर शहर में जगह-जगह भंडारे भी किए गए।

ग्रामीण क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन बढ़ेगा

परिक्रमा पथ बनने से पांच जिलों के ग्रामीण क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन बढ़ेगा। इससे इन जिलों में रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। देश- विदेश से आने वाले लोगों में अवध की संस्कृति का विस्तार होगा। भूमि एवं अध्यासि अधिकारी एके त्रिपाठी ने बताया कि जमीन खरीद की कार्रवाई शुरू की जा चुकी है। इसके लिए लगभग 11 करोड़ का आवंटन प्राप्त हुआ है। जमीन के लिए नोटिस भेजी जा रही है।

ब्रीफ न्यूज

आग लगने पर धू-धू कर जलने लगा ई-बाइक शोरूम

मथुरा। मथुरा के कोसीकलां में अग्रसेन नगर में इलेक्ट्रॉनिक बाइक शोरूम में सोमवार की रात भीषण आग लग गई। आग की लपटों में पूरा शोरूम धू-धू कर जल उठा। घटना के बाद अफरातफरी मच गई। दमकल की चार गाड़ियों ने दो घंटे में आग पर काबू पाया। आग से करीब 50 लाख की क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। नगर पालिका के पूर्व सभासद पवन बंसल का अग्रसेन नगर में घर के समीप ही इलेक्ट्रॉनिक बाइक शोरूम है। शाम को सभी कर्मचारी शोरूम बंद कर घर चले गए। बताते हैं कि ट्रिपिंग के चलते रात में एक बजे बिजली आई थी। माना जा रहा है कि तभी कोई फाल्ट या शार्ट सर्किट हुआ होगा। जिससे रात 2 बजे शोरूम में आग लग गई। आग धीरे-धीरे पूरे शोरूम में फैल गई।

युवक ने पंखे से फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

मथुरा। मथुरा के रिफाइनरी थाना क्षेत्र के गांव भाहई में एक युवक ने पंखे से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की पत्नी 11 माह पहले करंट की चपेट में आने से मौत के आगोश में समा गई थी। तभी से युवक परेशान रहने लगा था। पत्नी वियोग के चलते आत्महत्या की बात सामने आई है। मुरारी (30) पुत्र विजय सिंह निवासी भाहई, रिफाइनरी ने शनिवार रात को पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह उसके एक बच्चे ने जागकर देखा तो पिता फंदे पर लटका था। बच्चे की चीख निकल गई। परिवार के लोग पहुंचे। उन्होंने थाना पुलिस को सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया।

मानसिक रूप से बीमार बेटे ने रॉड से पीट-पीटकर ली जान

आजमगढ़। जिले मुबाकरपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर मानसिक रूप से बीमार एक युवक ने अपनी ही मां की रॉड से पीट- पीटकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद वह मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। अमिलो पाही निवासी उद्धव गोंड का 26 वर्षीय पुत्र सुनील मानसिक रूप से बीमार था। जिसके कारण परिवार के लोग उसे लोहे की चेन से बांधकर घर में रखते थे। मंगलवार को उद्धव किसी कार्य से रिश्तेदारी में गया था। उसका दूसरा बेटा अमरजीत ई-रिक्शा चलाने गया था और सबसे छोटा बेटा बकरी को चराने गया था। इसी बीच किसी तरह से दोपहर में सुनील चेन से आजाद हो गया। उसने घर में रखे लोहे के रॉड से अपनी मां पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे उसकी मां सुखिया देवी (60) की मौके पर ही मौत हो गई।

उत्तर प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को बड़ा झटका

नया घरेलू कनेक्शन होगा महंगा!

- पावर कॉरपोरेशन ने नियामक आयोग में दिया प्रस्ताव
- उपभोक्ता परिषद ने बढ़ोतरी पर जताया कड़ा विरोध

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में नया बिजली कनेक्शन लेना महंगा हो सकता है। कॉस्ट डाटा बुक में कनेक्शन लेते वक्त ली जाने वाली सामग्री व अन्य मदों में बढ़ोतरी की गई है। यह घरेलू उपभोक्ता के लिए करीब 44 फीसदी तो उद्योगों के लिए 50 से 100 फीसदी तक महंगी हो सकती है। पावर कॉरपोरेशन ने नया प्रस्ताव नियामक आयोग में दाखिल कर दिया है। इसकी जानकारी मिलते ही राज्य उपभोक्ता परिषद ने विरोध का एलान कर दिया है। परिषद का कहना है कि पिछले चार साल से कोई दर नहीं बढ़ी है, इसलिए आगे भी नहीं बढ़ने दी जाएगी। प्रस्ताव के अनुसार, नए विद्युत कनेक्शन की दरों, मीटर का मूल्य, खंभा, ट्रांसफार्मर, प्रतिभूति राशि, प्रोसेसिंग फीस आदि के शुल्क में बढ़ोतरी की गई है। खास बात यह है कि प्रतिभूति राशि में 100 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया गया है। इन बढ़ी हुई दरों पर नियामक आयोग सभी पक्षों के बीच सुनवाई करेगा। इसके बाद नई दरें जारी होंगी। वर्तमान में 2019 में जारी की गई डाटा बुक लागू है। यह हर दो से तीन साल के लिए बनाई जाती है, लेकिन पावर कॉरपोरेशन द्वारा कॉस्ट डाटा बुक समय से न दाखिल करने की वजह से इस बार देर से जारी हो रही है। पावर कॉरपोरेशन ने मजदूरी मद (लेबर कॉस्ट) की राशि 2 किलोवाट तक के कनेक्शन पर 150 रुपए से बढ़ाकर 564 रुपए कर दी है। ऐसे में बीपीएल और छोटे घरेलू कनेक्शन लेने वालों को भी करीब 44 फीसदी अधिक भुगतान करना होगा। एक किलोवाट के कनेक्शन पर बिना जीएसटी अभी तक 1032 रुपए लिए जाते थे, जो प्रस्तावित दर में अब 1486 रुपए हो गया है। स्मार्ट मीटर के सिंगल फेस कनेक्शन पर 3822 रुपए देने होते थे, जो अब 6316 रुपए हो जाएंगे।

हर स्तर पर होगा विरोध

इधर, राज्य उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने एक चर्चा के दौरान कहा कि इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कोड रिव्यू पैनल की बैठक में मामले को रखा जाएगा। यह प्रस्ताव पूरी तरह से उपभोक्ता विरोधी है। इसे लागू नहीं होने दिया जाएगा।

सामग्री	वर्तमान दर	प्रस्तावित दर	बढ़ोतरी/कमी
25 केवीए ट्रांसफार्मर	56780	69006	22 प्रतिशत
सिंगल फेस मीटर	872	912	5 प्रतिशत
3 फेस मीटर	2921	2285	19 प्रतिशत कमी
पीसीसी पोल	2721	3243	19 प्रतिशत

नए कनेक्शन पर प्रतिभूति राशि में बढ़ोतरी

श्रेणी	वर्तमान दर	प्रस्तावित दर	बढ़ोतरी
स्मॉल एंड मीडियम	1350	3000	122 प्रतिशत
नॉन इंडस्ट्रियल लोड	4500	6000	33 प्रतिशत
लार्ज एंड हैवी	2200	5000	127 प्रतिशत
चार्जिंग सबस्टेशन	400	3000	650 प्रतिशत

कनेक्शन का प्रकार प्रोसेसिंग फीस वर्तमान दर प्रस्तावित दर (रुपए में)

कनेक्शन का प्रकार	वर्तमान दर	प्रस्तावित दर
1 किवा लाइफ लाइन	10	10
1 किवा ला.ला. से अतिरिक्त	50	100
1 से 25 किलोवाट तक	100	100
25 से 50 किलोवाट तक	1000	5000
56 से 500 केवीए तक	5000	10000
500 से 3000 केवीए तक	10000	15000
3000 से 10000 केवीए तक	15000	25000
10000 केवीए से ऊपर	25000	50000

यूपी को 25 और एमपी को दस हजार करोड़ रुपए देगा केंद्र

- -मोदी कैबिनेट गठन के बाद राज्यों को मिला पैसा
- -बिहार के हिस्से आए 14 हजार करोड़ रुपए

सत्ता सुधार ■ नई दिल्ली

केंद्र ने जून के लिए राज्यों को 1,39,750 करोड़ रुपए का टैक्स डिवोल्यूशन (कर हस्तांतरण) जारी करने की मंजूरी दे दी। वित्त मंत्रालय ने बताया कि डिवोल्यूशन अमाउंट की नियमित रिलीज के अलावा, एक अतिरिक्त किस्त जारी करने का भी फैसला लिया है। टैक्स डिवोल्यूशन यानी, केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच टैक्स रेवेन्यू का डिस्ट्रीब्यूशन। यह केंद्र और राज्यों के बीच कुछ टैक्सों से होने वाली कमाई को उचित और न्यायसंगत तरीके से अलॉकेट करने के लिए स्थापित एक कॉन्स्टिट्यूशनल मैकिनज्म है। अभी केंद्र सरकार जो भी टैक्स कलेक्ट करती है उसका 41 प्रतिशत राज्यों को एक वित्त वर्ष में 14 किश्तों में वितरित करती है।

राज्यों की ग्रोथ में किया जाता है खर्च

देश के सभी राज्यों का विकास बराबरी से हो इसके लिए वित्त आयोग फंड बांटता है। इसके लिए एक फॉर्मूला अपनाता है। इसमें फिस्कल कैपिसिटी, फिस्कल डिसिप्लिन, राज्य की जनसंख्या, राज्य का क्षेत्रफल ध्यान में रखा जाता है। इसके कारण यूपी, एमपी, बिहार जैसे राज्यों को ज्यादा पैसा मिलता है। मोदी 3.0 सरकार के कैबिनेट के गठन के बाद विभागों का 10 जून की शाम बंटवारा हो गया। वित्त मंत्रालय एक बार फिर से निर्मला सीतारमण के हिस्से आया है। विभाग बंटवारे के तुरंत बाद ही वित्त मंत्री ने निर्णय लिया।

वित्त वर्ष 2024-25 में जून महीने के लिए जारी गई इस राशि के साथ कुल दो लाख 79 हजार 500 करोड़ रुपए राज्यों को दिए गए हैं। नई किस्त में सबसे ज्यादा टैक्स डिवोल्यूशन पाने वाले राज्यों में उत्तर प्रदेश (25069 करोड़) पहले नंबर पर है। बिहार को (14056 करोड़) दूसरे नंबर पर और मध्य प्रदेश (10970 करोड़) तीसरे नंबर पर है। सबसे कम सिक्किम (542 करोड़) है।

तीसरी बार पीएम बनने के बाद 18 जून को काशी आएंगे मोदी

वाराणसी। केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काशी आगमन को लेकर सारी अटकलों पर विराम लग गया। नई दिल्ली से आई सूचना के अनुसार पीएम मोदी 18 जून को काशी आ रहे हैं। यह एक दिवसीय प्रवास होगा। इस दौरान वे किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके लिए स्थान चयन किया जा रहा है। स्थानीय संगठन की ओर से रोहनिया अथवा सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र में किसान सम्मेलन आयोजित करने के लिए स्थल चयन करने का कार्य किया जा रहा है। पीएम मोदी के आगमन को लेकर सिगरा के गुलाबबाग स्थित पार्टी कार्यालय में महानगर व जिला पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें भाजपा काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को यह जानकारी दी। क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि पीएम मोदी किसान सम्मेलन को संबोधित करने के बाद बाबा श्री काशी विश्वनाथ का दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी स्थानीय दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में भाग लेंगे। पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर बनारस भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पीएम मोदी के भव्य स्वागत की तैयारी के लिए अलर्ट किया।

किसान सम्मेलन को करेंगे संबोधित

दो बस टर्मिनल कम कामर्शियल कॉम्प्लेक्स का होगा निर्माण

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने शुरू की तैयारियां

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

योगी सरकार ने लंबित परियोजनाओं पर कार्य करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) कार्ययोजनाओं को क्रियान्वित करना शुरू कर दिया है। यूपीएसआरटीसी द्वारा 12 बस टर्मिनल्स के निर्माण, नवीनीकरण तथा उन्हें कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के रूप में परिवर्तित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इससे आगरा, गोरखपुर, मीरजापुर, बुलंदशहर, गढ़ मुक्तेश्वर, मथुरा, कानपुर सेंट्रल व वाराणसी कैण्ट समेत कई नए टर्मिनल्स के निर्माण तथा पुराने बस अड्डों के मेकओवर को गति मिलेगी। इतना ही नहीं, सीएम योगी की मंशा अनुसार 5000 इलेक्ट्रिक बसों को यूपीएसआरटीसी के बेड़े में शामिल किए जाने के कार्य को भी गति प्रदान की जा रही है। इन सभी कार्यों को पूर्ण करने के लिए निविदा प्रक्रिया मार्च में ही जारी कर दी गई थी, मगर लोकसभा चुनावों के कारण निविदा प्रक्रिया लंबित हो गई थी जिसे अब दोबारा 14 जून से शुरू कर दिया जाएगा।

आधुनिक इलेक्ट्रिक बस होंगी शामिल

यूपीएसआरटीसी द्वारा वर्तमान में 5000 इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति, संचालन और रखरखाव की प्रक्रिया को लेकर निविदा प्रक्रिया एक बार फिर शुरू की गई है। 14 जून से ये प्रक्रिया शुरू होगी। उल्लेखनीय है कि आधुनिक इलेक्ट्रिक बसों का संचालन सार्वजनिक परिवहन में क्रांति लाने की निगम की योजना के पहले चरण को चिह्नित करती है। राज्य के परिवहन नेटवर्क को विस्तारित करने की दीर्घकालिक रणनीति के तौर पर 50,000 बसों के बेड़े को शामिल करने की प्रक्रिया शुरू की गई है जो कि आगामी वर्षों में पूरा हो जाएगा।

मथुरा में पुराने बस अड्डे का होगा नवीनीकरण

यूपीएसआरटीसी ने 12 बस टर्मिनल कम कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के निर्माण व मेकओवर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस क्रम में, आगरा के ईदगाह व ट्रांसपोर्ट नगर, गाजियाबाद के साहिबाबाद, गोरखपुर, मीरजापुर, बुलंदशहर, बरेली, गढ़ मुक्तेश्वर, अलीगढ़ के रसूलाबाद, वाराणसी कैण्ट, कानपुर सेंट्रल में 12 बस टर्मिनल कम कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के निर्माण तथा मथुरा में पुराने बस अड्डे के नवीनीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

नागरिक सुविधाओं पर फोकस- इन सभी स्थानों पर नागरिक सुविधाओं के विकास के साथ ही इन्हें कमर्शियल स्पेसेस में कन्वर्ट कर इनके जरिए रेवेन्यू जेनरेशन के मॉडल पर भी फोकस किया जा रहा है। इससे न केवल यहां से यात्रा करने वाले यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा बल्कि यूपीएसआरटीसी की आय बढ़ने में भी मदद मिलेगी।

सियासी बवाल संजीव बालियान से जुबानी जंग के बीच संगीत सोम बोले-मुझसे बात करने की उनकी हैसियत नहीं

हार पर खींचतान! यूपी में चुनाव हारने के बाद भाजपा में वार-पलटवार

सत्ता सुधार ■ मेरठ

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान द्वारा उनकी जयचंद के कारण हुई हार वाले बयान पर सरधना के पूर्व विधायक संगीत सोम ने जवाब देते हुए कहा कि संजीव बालियान खुद अपने व्यवहार के कारण हारे हैं। मेरठ कैंट स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूर्व विधायक ठाकुर संगीत सोम ने कहा कि डॉ. संजीव बालियान सरधना विधानसभा में नहीं हारे, उन्हें बराबर वोट मिले हैं। संजीव बालियान खुद अपने घर की विधानसभा बुढ़ाना और चरथावल में हारे हैं। शहर विधानसभा सीट पर जहां भाजपा हमेशा से ही 70000 तक की लीड करती थी। वहां मात्र 800 वोट ही लीड कर सके हैं। उन्होंने कहा कि शहर के नई मंडी क्षेत्र में जहां भाजपा हमेशा जीती थी। वहां सपा का प्रत्याशी जीता है। संजीव बालियान को इस पर भी मंथन करना चाहिए कि आखिर ऐसा क्यों।

खतौली विस में भी कम वोट मिले

संगीत सोम ने कहा कि मुख्यमंत्री के आने पर प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में संजीव बालियान के साथ ही हुई वार्ता में मुझे कहा गया था कि वह सरधना सीट देखें, बाकी सीटों पर ना ध्यान दें। मैंने चुनाव में सरधना सीट पर ध्यान दिया और इस सीट पर बराबर वोट मिले हैं। खतौली विधानसभा में भी कम वोट मिले हैं। संगीत सोम ने कहा कि मेरा संजीव बालियान के साथ कोई वैचारिक मतभेद नहीं है वह भी पार्टी कार्यकर्ता है और मैं भी पार्टी कार्यकर्ता हूं दोनों पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। संगीत सोम ने कहा कि संजीव बालियान की मुझसे बात करने की हैसियत नहीं है। इस बयान के सवाल के जवाब में संगीत सोम ने कहा कि संजीव बालियान ने मुझ पर विनाश की राजनीति करने का आरोप लगाया था। उस संबंध में उन्होंने यह बयान दिया था। संगीत सोम ने कहा कि बालियान को संगठन और पार्टी से संबंधित जो बातें करनी है। वह पार्टी नेतृत्व के साथ करनी चाहिए प्रेस में नहीं करनी चाहिए।

संगीन आरोपों के प्रेस नोट बांटे

संगीत सोम की प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को प्रेस नोट बांटे गया, जिसमें पूर्व राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान पर संगीन आरोप लगाए गए हैं। उन पर अपने कार्यकाल के दौरान अकूत संपत्ति अर्जित करने का भी आरोप लगाया है। संगीत सोम के लेटर पैड से प्रेस नोट बांटे गए। इस पर संगीत सोम का कहना है कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है कि इस दौरान कौन यहां पर आकर यह प्रेस नोट बांट गया। उन्होंने ऐसे प्रेस नोट नहीं बांटे। इसकी वह जांच करेंगे सीसीटीवी फुटेज भी दिखाएंगे।

मैं सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग नहीं कर रहा

संगीत सोम ने कहां की डॉक्टर संजीव बालियान की यह आप गलत है कि मैं सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रहा हूं मेरे पास कुछ भी सरकारी नहीं है सब कुछ अपना है सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग दो संजीव बालियान खुद कर रहे हैं। कहा कि संजीव बालियान ने अपनी हार का जिम्मेदार मुझे बताया था। मुझ पर आरोप लगाया कि मैंने उन्हें हरवाया है। यह आप गलत है मैं इतना बड़ा नेता नहीं कि मैं उन्हे हरवा सकूं वह अपनी हर के खुद जिम्मेदार हैं।

गठबंधन से भाजपा को नुकसान- राष्ट्रीय लोकदल को एनडीए में शामिल करने के सवाल पर संगीत सोम ने कहा कि आरएलडी के साथ गठबंधन करने से भाजपा को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि जिस जिन सीटों को हम आरएलडी के बिना भी जीत सकते थे उन पर भी हमें हार का सामना करना पड़ा है।

सड़क हादसों में एक युवक की मौत चार लोग गंभीर रूप से घायल

एटा। उत्तर प्रदेश के एटा में अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। जबकि एक की मौत हो गई। घायलों का मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनाओं की जानकारी ली है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के कुठिला रामनगर निवासी राजेश सोमवार की देर शाम अपनी मां द्रोपा देवी के साथ ननिहाल महापुर थाना सकरौली से लौट रहा था। इनकी बाइक अवागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुरथरा चौराहे के पास पहुंची, तभी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में मां और बेटा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से इनको मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां से दोनों की हालत को गंभीर देखते हुए आगरा रेफर कर दिया गया। आगरा में उपचार के दौरान राजेश की मौत हो गई। वहीं द्रोपा देवी का इलाज चल रहा है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सकीट थाना क्षेत्र के मलिगांव निवासी रमेश कैंटर चालक है। वह सिकंदराराऊ से अपनी कैंटर लेकर एटा की ओर आ रहा था। तभी पिलुआ थाना क्षेत्र में पीछे से कंटेनर में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव कठौली निवासी जितेंद्र और आशू कार से एटा आए थे। देर रात लगभग 11:30 बजे वह वापस अपने गांव जा रहे थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं गहोई बाटिका सीता सागर ताल के सामने मां पीताम्बरा रोड, दतिया से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। **मोबाईल न. 9893126900, 7869966100,** फोन- 0751-4922849, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आरएनआई नं. एमपीएचआईएन/2005/16546 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट , **शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।**